अमर उजाला 75 महोत्सव विश्वास का

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 20 | अंक 159 | पृष्ठ : 24 | मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 17 सितंबर 2022
आश्विन कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2079


टी-20 सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट ने 8 साल में लगाए हैं 7 अर्धशतक...स्पोर्ट्स

दिल्ली-एनसीआर




# अनुसूचित जनजाति का अभूतपूर्व विकास एवं सशक्तिकरण
# तेलंगाना राष्ट्र - सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व



कोमरम भीम आदिवासी भवन, हैदराबाद
क्षेत्र : 1 एकड़
अनुमानित मूल्य : रु. 24.68 करोड़





सेवालाल बंजारा भवन, हैदराबाद
क्षेत्र : 1 एकड़
अनुमानित मूल्य : रु. 24.43 करोड़

**श्री के. चन्द्रशेखर राव,** माननीय मुख्यमंत्री, तेलंगाना राज्य के अनुकरणीय नेतृत्व में जून, 2014 को राज्य के निर्माण से तेलंगाना राज्य में अनुसूचित जनजाति (आदिवासी एवं बंजारा समुदाय) के आर्थिक विकास, कल्याण एवं सशक्तिकरण की अनेक अभिनव योजनाएँ शुरू की गई हैं। राज्य सरकार की कुछ अनोखी योजनाएँ इस प्रकार हैं :

## ST समुदाय के लिए विशेष विकास निधि

- राज्य सरकार ने ST स्पेशल डेवलपमेंट फंड (एसडीएफ) एक्ट बनाया एवं एसडीएफ के अंतर्गत रु. 75,450 करोड़ का आवंटन किया, जिसमें से रु. 47,258 करोड़ ST समुदायों के विकास के लिए अभी तक खर्च किए गए हैं।

## स्वशासन और ST समुदाय का सशक्तिकरण

- राज्य में 3,146 जनजाति ग्राम पंचायत जो कुल ग्राम पंचायत का लगभग 25 प्रतिशत हैं।
- जनजाति समुदाय से 27,682 चयनित प्रतिनिधि हैं, जिनमें 3,146 ST सरपंच, 5 मेयर/चेयरपर्सन हैं और शेष वार्ड सदस्य/काउंसलर्स हैं जो जनजाति समुदाय द्वारा सुशासन को मजबूत कर रहे हैं।
- सभी जनजाति ग्राम पंचायतों में नए ग्राम पंचायत बिल्डिंग उपलब्ध कराए गए हैं।
- प्रत्येक जनजाति ग्राम पंचायत को एक ट्रैक्टर, सार्वजनिक पार्क, आधुनिक श्मशान वाटिका और डम्पिंग यार्ड उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे जनजाति ग्राम पंचायतों में सम्पूर्ण विकास का नेतृत्व कर सके।

## ST समुदाय का बहुमुखी विकास

- राज्य सरकार द्वारा 32 आदिवासी, गिरीजन व बंजारा भवन स्थापित किए गए हैं, जो सभी ST केन्द्रित जिलों एवं निर्वाचन क्षेत्रों मे स्थित हैं।

## 3-फेज बिजली आपूर्ति - सभी ST बस्तियों में

- सभी ST घरों /बस्तियों के लिये मुफ्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित (101 यूनिट्स तक)।
- वर्ष 2014 तक बकाया बिजली बिल पूरी तरह से माफ कर दिया गया है।
- सभी ST बस्तियों के लिये 3 फेज बिजली की व्यवस्था की गयी एवं कृषि के लिये मुफ्त बिजली आपूर्ति की जा रही है

## शिक्षा सशक्तिकरण

- 183 जनजाति गुरुकुल सहित कुल 808 जनजाति शैक्षणिक संस्थान।
- आईआईटी/एनआईटी/अन्य व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में 918 ST छात्र दाखिला।
- **रु. 20 लाख** प्रति छात्र की दर से राज्य सरकार की योजना 'अम्बेडकर ओवरसीज विद्या निधि' के तहत 237 ST छात्र लाभान्वित।

## अनुसूचित जनजाति की स्वास्थ्य देख-रेख

- KCR किट द्वारा रु. 13,000/- प्रति महिला एवं स्वास्थ्य किट कुल 2,28,089 अनुसूचित जनजाति महिलाएँ लाभान्वित।
- कुपोषण के समाधान के लिए सभी जनजाति आँगनवाड़ी केन्द्रों में **गिरी पोषण** योजना है।

## जनजाति गर्व का संरक्षण एवं महोत्सव

- राज्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी **कोमरम भीम** एवं सामाजिक कार्यकर्ता **सेवालाल महाराज** को सम्मानित करते वार्षिक जयंती मनाता है।
- तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित **सम्मक्का सारलम्मा जातरा** एशिया का सबसे बड़ा आदिवासी मेला है।
- तेलंगाना सरकार **नागोबा जातरा, जंगुबाई जातरा, बूरमपुर जातरा, एरुकला नाचारम्मा जातरा, गंधारी मैसम्मा जातरा** इत्यादि का भी आयोजन करती है।
- 2 जनजाति संग्रहालय - रु. 22.53 करोड़ रुपये के साथ जोड़ेघाट पर कोमरम भीम एवं मेडारम पर सम्मक्का सारलम्मा संग्रहालय स्थापित किए गए हैं।

## अनुसूचित जनजाति कृषि में सशक्तिकरण

- किसान बंधु योजना के अंतर्गत रु. 10,000 प्रति एकड़ की दर से 8,23,780 अनुसूचित जनजाति किसानों को कुल रु. 7,354 करोड़ कृषि पूँजी निवेश रियायत उपलब्ध कराई गई।
- सभी अनुसूचित जनजाति किसानों को व्यक्तिगत बीमा के लिए किसान बीमा योजना के अंतर्गत बीमा किया गया है।

## सभी अनुसूचित जनजाति रिहायशी क्षेत्रों के लिए सुरक्षित एवं पेयजल सुनिश्चित

- सभी अनुसूचित रिहायशी क्षेत्रों को 'मिशन भागीरथ' योजना के अंतर्गत सुनिश्चित पेयजलापूर्ति।

## अनुसूचित जनजाति के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

- प्रत्येक अनुसूचित जनजाति लड़की को उसकी शादी के लिए 'कल्याण लक्ष्मी' योजना के तहत रु. 1,00,116/- रुपये अब तक कुल रु. 1,127 करोड़ रुपये खर्च के साथ कुल 1,36,730 अनुसूचित जनजाति लड़कियों को लाभ।
- 3,75,316 अनुसूचित जनजाति सदस्यों को आसरा क तहत रु. 2,016 प्रति माह पेंशन।

## अनुसूचित जनजाति रिहायशी क्षेत्रों तक पहुँचना

- रु. 1,276 करोड़ खर्च करके सड़कों का निर्माण कर 1,682 अनुसूचित जनजाति रिहायशी क्षेत्रों को जोड़ा गया।
- इस वर्ष 2090 बस्तियों को सड़क से जोड़ने के लिए रु. 1,000 करोड़ आवंटित किए गए है।
- जनजाति रिहायशी क्षेत्रों में आंतरिक CC सड़कों के लिए रु. 133 करोड़ का विशेष प्रावधान किया गया है।

## अनुसूचित जनजाति आरक्षण में वृद्धि

- राज्य सरकार ने अनुसूचित जनजाति आरक्षण 6% से बढ़ाकर 10% करने के लिए बिल पारित कर दिया है एवं राष्ट्रपति की सहमति के लिए यह बिल भारत सरकार के पास विचाराधीन है।
- 5% आरक्षण सालाना मद्यपान दुकानों के आबंटन में

**ऐसी और भी अनेक योजनायें...**

**माननीय मुख्यमंत्री श्री के. चन्द्रशेखर राव, आज हैदराबाद में कोमरम भीम आदिवासी भवन और सेवालाल बंजारा भवन का उद्घाटन करेंगे**

**तेलंगाना भविष्य के मार्ग को दर्शाते हुए**

जारीकर्ता : आयुक्त, सूचना व जनसंपर्क अधिकारी, तेलंगाना सरकार

## अर्शदीप की जगह किसी से भी छूट सकता था कैच : रवि

*नई दिल्ली। एशिया कप के सुपर-4 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ कैच छोड़ने से सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए अर्शदीप सिंह के समर्थन में स्पिनर रवि बिश्नाई उतरे हैं। उन्होंने कहा, अर्शदीप की जगह वह या किसी और से भी कैच छूट सकता था। उन्होंने कहा, अर्शदीप बहुत ही प्रतिभावान हैं। रवि को टी-20 विश्वकप टीम में स्टैंडबाई में रखा है। उन्होंने बताया, युजवेंद्र चहल ने उनसे कहा है कि आपने खेल का आनंद लीजिए।* एजेंसी



## न्यूज डायरी



कोलकाता में लीजेंड्स लीग मैच में इंडियन महाराजा के यूसुफ पठान अर्धशतक बनाने के बाद। -एजेंसी

### यूसुफ व तन्मय की मदद से इंडियन महाराजा की छह विकेट से जीत

**कोलकाता।** यूसुफ पठान (50* रन, 35 गेंद) और तन्मय श्रीवास्तव (54) की मदद से लीजेंड्स लीग क्रिकेट चैरिटी मैच में इंडियन महाराजा ने वर्ल्ड जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। ईडन गार्डन में वर्ल्ड जायंट्स ने केविन ओ ब्रायन (52) के अर्धशतक से 8 विकेट पर 170 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच पंकज सिंह ने 26 रन देकर पांच विकेट लिए। हरभजन की अगुवाई वाली इंडियन महाराजा टीम 18.4 ओवरों में चार विकेट पर 175 रन बना लिए। यूसुफ ने पांच चौके और दो छक्के लगाए। उनके एक छक्के पर तो गेंद दर्शक दीर्घा में गिरी। तन्मय-यूसुफ ने 103 रन जोड़े। एजेंसी

### द. अफ्रीका के बाउचर मुंबई, इंग्लैंड के बेलिस पंजाब किंग्स के कोच

**मुंबई/नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर को आईपीएल के आगामी सत्र के लिए मुंबई इंडियंस का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। 45 वर्षीय बाउचर को श्रीलंका के महेला जयवर्धने की जगह मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गई है। इस बीच पंजाब किंग्स ने ट्रेवर बेलिस को अपना कोच बनाया है, जो अनिल कुंबले की जगह लेंगे। कुंबले 2020 सीजन से पहले से यह दायित्व संभाल रहे थे। 59 साल के बेलिस के मार्गदर्शन में इंग्लैंड ने 2019 में 50 ओवरों का विश्वकप जीता था। वह 2019 में सनराइजर्स हैदराबाद के भी कोच रहे हैं। एजेंसी

### पेसर दुष्मंथा और लाहिरू श्रीलंका की विश्वकप टी-20 टीम में शामिल

**कोलंबो।** अनुभवी तेज गेंदबाज दुष्मंथा और लाहिरू कुमारा को टी-20 विश्वकप के लिए घोषित श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। एशिया कप की विजेता टीम में शामिल दो गेंदबाज चोट के कारण बाहर हो गए हैं। श्रीलंका की टीम पहला मैच 16 अक्तूबर को नामीबिया के खिलाफ खेलेगी। **टीम इस प्रकार है :** दसुन शनाका (कप्तान), दनुश्का गुणातिलके, पाथुम निसांका, कुशल मेंडिस, चरित असलांका, भानुका राजपक्षा, धनंजय डिसिल्वा, वानिंदु हसरंगा, महीश तीक्ष्णा, जेफरी वांडरसे, चमिका करुणारत्ने, दुष्मंथा चमीरा, लाहिरू कुमारा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशान। एजेंसी

### डेविस कप : प्रजनेश व रामकुमार हारे नॉर्वे ने ली 2-0 की मजबूत बढ़त

**लिलेहैमर (नॉर्वे)।** डेविस कप ग्रुप-1 में भारत के प्रजनेश गुणेश्वरन और रामकुमार रामनाथन एकल के मुकाबले हार गए। विश्व के नंबर दो खिलाड़ी कैस्पर रूड ने प्रजनेश को 6-1, 6-4 से हराया। अगले एकल में विक्टर दुरासोविच ने रामकुमार रामनाथन को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। नॉर्वे ने 2-0 की बढ़त बना ली है। शनिवार को युगल में युकी भांबरी और साकेत मिनेनी का सामना रूड और विक्टर की जोड़ी से होगा। इसके बाद उलट एकल में रूड-रामकुमार और विक्टर-प्रजनेश भिड़ेंगे। एजेंसी

# शतरंज : प्रणव और इलमपर्थी बने विश्व चैंपियन

## रोमानिया में हुई युवा विश्व शतरंज चैंपियनशिप में 15 वर्षीय आनंद 9 अंक के साथ रहे पहले नंबर पर

प्रणव खिताब के साथ भारत के 76वें ग्रैंडमास्टर भी बने



**ममाया (रोमानिया)।** भारत के प्रणव आनंद और एआर इलमपर्थी यहां हुई विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में क्रमशः अंडर-16 और अंडर-14 श्रेणी में शुक्रवार को चैंपियन बने। शीर्ष वरीयता प्राप्त आनंद बृहस्पतिवार को 76वें भारतीय ग्रैंडमास्टर बने थे। 11 दौर के बाद उन्होंने नौ अंक जुटाए और विजेता बने। वह प्रतिद्वंद्वी से आधा अंक आगे रहे।

आनंद के हमवतन दूसरी वरीयता प्राप्त एम प्राणेश आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर रहे। 11 दौर के मुकाबलों में प्रणव आनंद अजेय रहे। उन्होंने सात मैच जीते और चार ड्रॉ खेले। उन्होंने 11वां और अंतिम मैच फ्रांस के ड्रॉइन ऑगस्टिन से ड्रॉ खेला। ऑगस्टिन ने दसवें दौर में अर्मेनिया के एमिन ओहान्यन को हराया था। प्राणेश ने छह जीत और चार ड्रॉ खेले। छठे दौर में ओहान्यन से मिली हार से उनके खिताब जीतने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। एजेंसी

**किस राज्य से कितने ग्रैंडमास्टर**

| राज्य | संख्या | राज्य | संख्या |
|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | 27 | कर्नाटक | 04 |
| महाराष्ट्र | 10 | केरल | 03 |
| प. बंगाल | 09 | ओडिशा | 02 |
| दिल्ली | 07 | गुजरात | 02 |
| आंध्र प्रदेश | 05 | गोवा | 02 |
| तेलंगाना | 04 | हरियाणा | 01 |

- प्रणव ने 2500 ईएलओ अंक के आंकड़े के सथ ग्रैंडमास्टर की उपलब्धि हासिल की।
- इस वर्ष अगस्त में तमिलनाडु के वी प्रणव भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर बने थे।

### इलमपर्थी ने जीते नौ मैच

आनंद की तरह इलमपर्थी अपने प्रतिद्वंद्वी से आधा अंक आगे थे। उन्होंने 11 दौर में 9.5 अंक जुटाए। वह 9 मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और यूक्रेन के अर्टेम बेरिन से चौथे दौर का मैच हार गए थे। ओपन अंडर-18 स्पर्धा में सोहन कमोत्रा 7 अंक लेकर 14वें स्थान पर रहे। एस हर्षद 6.5 अंक के साथ 24वें नंबर पर रहे। अंडर-14 लड़कियों में एम मल्लिक 8 अंक के साथ चौथे नंबर पर रहीं। अनुपम एस श्रीकुमार और एचजी प्रन्म्या क्रमशः सातवें व आठवें स्थान पर रहीं। अंडर-18 बालिका वर्ग में एस कनिष्का 7.5 अंक के साथ छठे और रक्षिता रवि इतने ही अंक लेकर आठवें स्थान पर रहीं।



इलमर्थी ने 9.5 अंक हासिल किए

## सौरभ-राहुल की मदद से न्यूजीलैंड ए की पारी 237 रन पर सिमटी

**बंगलूरू।** स्पिनर सौरभ कुमार (4/48) और राहुल चाहर (3/53) की मदद से भारत ए ने तीन मैचों की अनौपचारिक टेस्ट शृंखला के आखिरी मुकाबले के दूसरे दिन न्यूजीलैंड ए की पारी 71.3 ओवर में 237 पर समेट दी।

भारत ए ने एक विकेट पर 40 रन बना लिए। जिससे उसकी कुल बढ़त 96 रन की हो गई। कप्तान प्रियांक पांचाल 17 और ऋतुराज 18 रन बनाकर खेल रहे थे। पहले दिन भारत ए ने अपनी पारी में 293 रन बनाए। न्यूजीलैंड ए ने 28 रन तक तीन विकेट गंवा दिए जिसमें मुकेश (2/48) ने दो और शार्दुल ठाकुर (1/33 रन) ने एक विकेट लिया। चाहर ने कप्तान टॉम (13) और डेन (34) के विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम ने 99 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। एजेंसी

**वनडे के लिए ऑलराउंडर बावा भारत ए टीम में**



ऑलराउंडर राज अंगद बावा को 22 सितंबर से न्यूजीलैंड ए से होने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम में लिया गया है। उन्हें हार्दिक के विकल्प के तौर पर तैयार किया जाएगा। **टीम :** पृथ्वी शॉ, अभिमन्यु, ऋतुराज, राहुल, रजत, संजू सैमसन (कप्तान), भरत (विकेटकीपर), कुलदीप, शाहबाज, राहुल चाहर, तिलक, सेन, शार्दुल, उमरान, नवदीप सैनी, राज बावा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट ने 8 साल में लगाए हैं सात अर्धशतक

## टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की ओर से भारत के खिलाफ मौजूदा टीम में मैक्सवेल ने जड़ा है शतक

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** एशिया कप में अपनी पुरानी फॉर्म को हासिल कर 35, 59*, 60, 0, 122* रन की पारियां खेलने वाले विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के साथ 20 सितंबर से शुरू हो रही टी-20 सीरीज में निगाहों में रहेंगे।

पहला मुकाबला मोहाली के पीसीए स्टेडियम में मंगलवार को खेला जाना है। इसमें हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम शुक्रवार सुबह पहुंच गई। टीम फ्लाइट के जरिए 10 बजे चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उतरी। इसके बाद आईटी पार्क स्थित होटल के लिए रवाना हो गई। यहां पर खिलाड़ियों का तिलक लगाकर स्वागत हुआ। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को शुक्रवार शाम पीसीए स्टेडियम में अभ्यास करना था लेकिन इसे रद्द कर दिया गया। टीम शनिवार को पीसीए स्टेडियम में अभ्यास करेगी। भारतीय टीम रविवार को अभ्यास करेगी।

**रनमशीन पर निगाह :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रनमशीन विराट का बल्ला जमकर बोलता है। 2012 से 2020 तक आठ साल के अंतराल में विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न सिर्फ सर्वाधिक 718 रन बनाए हैं, बल्कि सबसे ज्यादा सात अर्धशतक भी लगाए हैं। सात साल पहले ऑस्ट्रेलिया में खेली गई तीन मैचों की टी-20 सीरीज में तो विराट ने तीनों मैचों में अर्धशतक लगाकर 199 की औसत से 199 रन बनाए थे।



### 59.83 का औसत और 146.23 का है स्ट्राइक रेट टी-20 में विराट का

विराट कोहली और रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वाधिक 19 टी-20 मैच खेले हैं। विराट का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ औसत 59.83 का है। उनसे ऊपर सिर्फ रिकी पोंटिंग हैं, हालांकि उन्होंने भारत के खिलाफ एक ही टी-20 मैच खेला है, जिसमें उन्होंने 76 रन बनाए हैं। विराट का इस देश के खिलाफ 146.23 का स्ट्राइक रेट है, जबकि ओवरऑल स्ट्राइक रेट 138.37 है। सीरीज में खेलने वालों में ग्लैन मैक्सवेल 146.59 के स्ट्राइक रेट के साथ उनसे ऊपर हैं। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 में कोई शतक तो नहीं लगाया है, नाबाद 90 रन उनका श्रेष्ठ स्कोर है।



चंडीगढ़ के मनीमाजरा स्थित होटल में ऑस्ट्रेलिया के स्टीवन स्मिथ साथी खिलाड़ी के संग। -अमर उजाला

### विराट और रोहित के बीच एक-दूसरे को पीछे छोड़ने की होगी होड़

मंगलवार से मोहाली में सीरीज शुरू होगी। विराट और रोहित के बीच टी-20 रिकॉर्ड को लेकर पिछले कुछ समय से मुकाबला चल रहा है। रोहित शर्मा इस वक्त टी-20 में सर्वाधिक 3620 रन बना चुके हैं तो विराट 3584 रन बना चुके हैं। सबसे ज्यादा 50 रन से ज्यादा की पारियां खेलने के मामले में भी दोनों एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। यहां विराट एक शतक, 32 अर्धशतक के साथ टॉप पर हैं तो रोहित चार शतक और 28 अर्धशतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। सर्वाधिक चौकों के मामले में भी एक दूसरे के बीच मुकाबला चल रहा है। हालांकि आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग 344 चौकों के साथ पहले स्थान पर हैं। रोहित 323 चौकों के साथ दूसरे और विराट 319 चौकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रोहित के निशाने पर इस सीरीज में सर्वाधिक छक्के का रिकॉर्ड भी होगा। वह टी-20 में 171 छक्के लगा चुके हैं, जबकि मार्टिन गुप्टिल 172 छक्के के साथ पहले स्थान पर हैं।

**फिंच-मैक्सवेल के भारत के खिलाफ सर्वाधिक रन :** ऑस्ट्रेलिया टीम में कप्तान एरोन फिंच, ग्लैन मैक्सवेल, जांपा और मैथ्यू वेड को भारत के खिलाफ खेलने का अच्छा अनुभव है। फिंच ने 15 मैच में 29.33 की औसत से 440 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। वहीं मैक्सवेल ने 16 मैचों में 33.15 की औसत से 431 रन बनाए हैं। मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ 55 गेंद में 113 रन की जरूर पारी खेली है। ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत के खिलाफ टी-20 में शेन वाटसन (124) शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। ब्यूरो

# विश्व चैंपियनशिप में हारे रवि पदक की दौड़ से भी बाहर

## कांस्य पदक के मैच में हारे नवीन मलिक

**बेलग्राद।** ओलंपिक रजत पदक विजेता भारत के पहलवान रवि दहिया यहां चल रही विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के क्वालिफिकेशन राउंड में हार गए। इसके साथ ही वह पदक की दौड़ से भी बाहर हो गए हैं। 57 भारवर्ग के क्वालिफिकेशन दौर में शुक्रवार को रवि को उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लाएव ने हराया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी दहिया को एकतरफा मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से हार का सामना करना पड़ा।

**नवीन पदक से चूके :** वहीं 70 भारवर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण विजेता नवीन कांस्य की दहलीज पर पहुंचकर पदक से वंचित हो गए। नवीन ने रेपेचेज के शुरुआती मैच में विश्व के चार नंबर के पहलवान उज्बेकिस्तान के सिरबाज तलगत को 11-3 से हराया। वहीं अगले मैच में नवीन को मैट पर उतरना ही नहीं पड़ा और सीधे कांस्य पदक के मुकाबले में प्रवेश कर गए। अगले दौर में बेकबुलातोव (उज्बेकिस्तान) चोट के कारण नहीं खेले। कांस्य पदक के मैच में नवीन किर्गिस्तान के एर्नाजार से 1-4 से हार गए। एजेंसी



**इसलिए नहीं मिला रेपेचेज का मौका :** रवि ने पिछले वर्ष ओलंपिक में रजत जीता था। राष्ट्रमंडल खेलों में इस वर्ष स्वर्ण जीतने वाले रवि को रेपेचेज मौका नहीं मिल सका। उन्हें हराने वाले गुलोमजोन अल्बानिया के जेलिमखान अबाकारोव से हार गए। गुलोमजोन फाइनल में पहुंचते तो रवि को रेपेचेज में खेलने और कांस्य पदक जीतने का मौका मिल जाता। वह अब्दुल्लाएव से पहले भी कई बार हार चुके हैं। रवि ने पहले दौर के मैच में रोमानिया के रजवान मरियन कोवाक्स को तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से हराया था।

## शीर्ष क्रम की विफलता से महिला टीम ने गंवाई टी-20 सीरीज

**ब्रिस्टल।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की विफलता से भारतीय महिला टीम को बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड से तीसरे और अंतिम टी-20 मैच में सात विकेट से हार का सामना पड़ा। इंग्लैंड ने तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली।

इंग्लैंड ने तीसरा टी-20 मैच सात विकेट से जीता

भारत ने पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण मिलने पर रिचा घोष (33), दीप्ति शर्मा (24) और पूजा वस्त्रकार (19*) की मदद से आठ विकेट पर 122 रन बनाए। भारत के शीर्ष क्रम की पांच बल्लेबाज केवल 35 रन पर पवेलियन लौट गई थीं। शेफाली (05), मंधाना (09), एस मेघना (00), हेमलता (00) और कप्तान हरमन (05) शामिल हैं। इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 126 रन बना लिए। एजेंसी

# ओपनर पृथ्वी के शतक से पश्चिम क्षेत्र को बढ़त

**कोयंबटूर।** पृथ्वी शॉ (104*) की मदद से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन दूसरी पारी में तीन विकेट पर 130 रन बना लिए हैं। अब कुल बढ़त 259 रन की हो गई है। पहली पारी में पश्चिम क्षेत्र ने 257 रन बनाए थे मध्यक्षेत्र की पारी 40.1 ओवर में 128 रन पर सिमट गई।

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल

**दक्षिण क्षेत्र के पहली पारी में 630 रन :** उधर सलेम में रोहन एस कुनुमल (143) और कप्तान हनुमा विहारी (134) के बाद रवि भुई (103*) के शतक के साथ दक्षिण क्षेत्र ने पहली पारी आठ विकेट पर 630 रन बनाकर घोषित कर दी। उत्तरी क्षेत्र ने बिना क्षति के 24 रन बना लिए हैं। यश ढुल आठ और मनन 11 रन पर खेल रहे हैं। एजेंसी

## गर्दन पर गेंद लगते ही गिर पड़े अय्यर, एंबुलेंस बुलानी पड़ी





मैदान पर दर्द से कराहते मध्य क्षेत्र के वेंकटेश अय्यर। दाएं मैदान में प्रवेश करती एंबुलेंस। -एजेंसी

**कोयंबटूर।** पश्चिम क्षेत्र के मध्यम गति के गेंदबाज चिंतन गाजा के थ्रो से मध्य क्षेत्र के वेंकटेश अय्यर चोटिल हो गए। गेंद अय्यर की गर्दन पर लगी थी। मैदान पर एंबुलेंस भी पहुंच गई थी, हालांकि एंबुलेंस और स्ट्रेचर के इस्तेमाल की जरूरत नहीं पड़ी। अय्यर चोटिल होने के बाद खुद वापस पवेलियन चले गए। गाजा की पहली गेंद पर वेंकटेश ने छक्का जड़कर खाता खोला और दूसरी गेंद पर शॉट के बाद गेंद सीधी गेंदबाज के पास पहुंची जिन्होंने फालोथ्रू में गेंद उठाकर सीधी विकेट पर थ्रो करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्लेबाज के लग गई। अय्यर बाद में बल्लेबाजी करने उतरे लेकिन 14 के निजी स्कोर पर आउट हो गए। क्षेत्ररक्षण के समय अय्यर की जगह अशोक मिनारिया उतरे।

**यूरोपा लीग** | मैनचेस्टर यूनाइटेड ने शेरिफ तिरास्पोल को 2-0 से हराया, कॅरिअर का 699वां क्लब गोल दागा

# रोनाल्डो ने आठ मैचों के इंतजार के बाद किया गोल

**मैनचेस्टर।** कॅरिअर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे स्टार पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए आठ मैचों के बाद बृहस्पतिवार को पहला गोल किया। 16 वर्ष में रोनाल्डो के कॅरिअर में यह पहला मौका है, जब उन्होंने गोल करने के लिए इतना समय लिया।

यूरोपा लीग में रोनाल्डो के गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ग्रुप ई में शेरिफ तिरास्पोल को 2-0 से हराया। रोनाल्डो ने यह गोल पेनाल्टी पर किया। चैंपियंस लीग के रिकॉर्ड स्कोरर रोनाल्डो के कॅरिअर का यह 699वां क्लब गोल है। यूरोपा लीग में यह उनका पहला गोल था। उन्होंने अपने देश पुर्तगाल की ओर से 117 गोल किए हैं। जेडन सांचो ने 17वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। पैट्रिक कपोजो द्वारा फाउल करने पर 39वें मिनट में मैनचेस्टर को पेनाल्टी मिली। टीम ने गोल करने के लिए रोनाल्डो पर भरोसा जताया, जिस पर वह खरे उतरे। रोनाल्डो ने शेरिफ के गोलकीपर को मैक्सिम कोवाल को छकाते हुए गेंद सीधे नेट में उलझा दी। मैनचेस्टर ने 2-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों टीमों की ओर से कोई गोल नहीं हुआ। एजेंसी

**39** वें मिनट में पेनाल्टी पर 37वर्षीय पुर्तगाली फुटबॉलर ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए किया गोल

**16** वर्षों में सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पहली बार किया गोल के लिए इतना लंबा इंतजार



गेंद पर नियंत्रण करते रोनाल्डो। -एजेंसी

### 455 मिनट खेलने के बाद कर पाए गोल

37 वर्षीय रोनाल्डो ने इस सत्र का पहला गोल किया है। इससे पहले उन्होंने 3 मई को ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ भी पेनाल्टी पर गोल किया था। इसके बाद रोनाल्डो अपने क्लब की ओर से 455 मिनट खेल चुके हैं, तब जाकर उन्हें पहला गोल नसीब हुआ। 2006 के बाद यह पहला अवसर है, जब रोनाल्डो ने गोल करने के लिए इतना लंबा समय लिया। उन्होंने मार्च से मई के बीच में 10 मैचों का इंतजार किया। इसके बाद अब आठ मैचों के बाद गोल आया है। रोनाल्डो ने अपने ट्विटर पर लिखा कि गोल कर टीम की जीत में भागीदारी करने से खुश हूं। वह 2002 के बाद पहली बार यूरोपा लीग में खेल रहे हैं। इससे पहले वह स्पोर्टिंग लिब्सन की ओर से खेले थे। रोनाल्डो को लगातार दूसरी बार टीम में शामिल किया गया।

## आपका राशिफल

**मेष** — प्रयासों में अल्प-सफलता मिलेगी। व्यवसाय में लाभ कम होगा।

**वृषभ** — उपहार सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में उन्नति संभव है।

**मिथुन** — नौकरी में संयम बनाए रखें। व्यापार में सामान्य लाभ होगा।

**कर्क** — भू-संपत्ति में वृद्धि के अवसर मिलेंगे। व्यापार में लाभ होगा।

**सिंह** — सूझ-बूझ का लाभ मिलेगा। अटका धन मिल सकता है।

**कन्या** — मानसिक अस्थिरता बनी रहेगी। कार्य विशेष में निराशा होगी।

**तुला** — जोखिम में धन हानि की आशंका रहेगी। व्यापार में लाभ होगा।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। वित्तीय प्रबंधन में सफलता मिलेगी।

**धनु** — व्यवसाय में अचानक लाभ होगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

**मकर** — नौकरी में सम्मान बना रहेगा। व्यावसायिक धन लाभ सामान्य रहेगा।

**कुंभ** — वाहन से परेशानी होगी। स्वजनों से वाद-विवाद संभव है।

**मीन** — व्यावसायिक धन लाभ बढ़ेगा। यात्रा से अटका कार्य बनेगा।

लेटेस्ट वीडियो और अन्य जानकारी के लिए क्लिक करें amarujala.com/astrology

## कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2079, 27 भाद्रपद मास शाके 1944, आश्विन मास 02 प्रविष्टे, 20 सफर हिजरी 1444, आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 16.33 तक उपरांत नवमी, मृगशिरा नक्षत्र 15.10 तक उपरांत आर्द्रा नक्षत्र, सिद्धि योग 06.32 तक उपरांत व्यतिपात योग, कौलव करण 16.33 तक उपरांत तैतिल करण, चंद्रमा मिथुन राशि में दिन रात।

सूर्योदय : 06.11 सूर्यास्त : 18.19

(भारतीय मानक समयानुसार)

## व्रत त्योहार

आज : आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी

कल : अष्टमी का श्राद्ध, चैहल्लुम, शरद ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, उत्तर गोले।

राहुकाल : सांय 16.30 से 18.00 तक।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | |
| 4 | | | | | 3 | 6 | | |
| 1 | | | 9 | | 8 | 3 | | 2 |
| | 1 | | 5 | | | 7 | | |
| 5 | 3 | | | | | | 2 | 4 |
| | | 7 | | | 6 | | 9 | |
| 7 | | 2 | 6 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | 2 | | | | | 8 |
| | | | | 8 | | | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

**उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 | 4 | 2 |
| 8 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 8 |
| 9 | 5 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 1 | 6 |

## आपका आज जन्मदिन है



निया शर्मा

■ पं. विनोद त्यागी

- इस मूलांक के जातक एकांतप्रिय, धैर्यवान और ईमानदार होते हैं। 26वें या 31वें वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग पर अग्रसर होते हैं। 35वें वर्ष तक जीवन में प्रायः अस्थिरता बनी रहती है। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहती है। दांपत्य जीवन में अनबन बनी रहती है।
- इस वर्ष आपकी कार्य कुशलता में निखार आएगा। गत वर्षों से चली आ रही चिंता और निराशा से मुक्ति मिलेगी। घर में भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। संतान सुख की इच्छा पूर्ण होगी।

## आज की फिल्में

कलर्स सिनेप्लेक्स : 09:00 दिलवाले, 12:00 राजा हुली, 11:00 मिनल मुरली

बी4यू मूवीज : 11:00 दानवीर, 03:00 नो प्रॉब्लम, 07:00 कुदरत का कानून

यूटीवी एक्शन : 10:30 कैप्टन अमेरिका, 03:45 कैप्टन अमेरिका, 06:45 मोआना





अमर उजाला

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी

नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक शर्मा द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/9919

अमर उजाला
महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण
राजधानी ••
वर्ष 20 | अंक 159 | पृष्ठ : 24 | मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 17 सितंबर 2022
आश्विन कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2079

एससीओ सम्मेलन | भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज, विनिर्माण का हब बन रहा देश : मोदी





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## एक ऐतिहासिक दिन

माननीय प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
द्वारा

**कूनो राष्ट्रीय उद्यान में**
**चीता पुनर्स्थापन**

17 सितम्बर, 2022
पूर्वाह्न 11:00 बजे



- भारत से विलुप्त एकमात्र बड़े स्तनपायी चीते की पुनर्स्थापना
- देश के सर्वाधिक बाघ, तेंदुआ, गिद्ध, घड़ियाल और भेड़िया वाले राज्य के बाद, मध्यप्रदेश अब देश का पहला चीता राज्य
- पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि, रोज़गार के नये अवसरों का सृजन

## लौट रहा है चीता

आइये, सब मिलकर स्वागत करें

**अध्यक्षता**
**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**गरिमामयी उपस्थिति**

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**नरेन्द्र सिंह तोमर**
मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण, भारत सरकार

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
मंत्री, नागरिक विमानन एवं इस्पात
भारत सरकार

**भूपेन्द्र यादव**
मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
भारत सरकार

**कुंवर विजय शाह**
मंत्री, वन विभाग, मध्यप्रदेश शासन

**अश्विनी कुमार चौबे**
राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
भारत सरकार



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

लाइव जुड़ें
DD NEWS दूरदर्शन एवं अन्य चैनल्स
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी/2022
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2022

# मुझे सिर्फ अच्छा सिनेमा करना है

**भाषाई सरहदों को पार कर भारतीय सिनेमा के सितारों की एक भाषा से दूसरी भाषा में यात्रा इतनी सहज कभी नहीं रही। मलयालम सिनेमा के सितारे दुलकर सलमान की हालिया रिलीज तेलुगु फिल्म 'सीतारामम' लोगों को खूब भाई। अब दुलकर की नई हिंदी फिल्म 'चुप' रिलीज होने को है। उनसे वीरेंद्र मिश्र की खास मुलाकात।**

INTERVIEW
दुलकर सलमान
अभिनेता



**दुलकर** सलमान मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार ममूटी के बेटे हैं। सिनेमा उनके घर-परिवार का बचपन से हिस्सा है, लेकिन विदेश से व्यापार प्रबंधन में स्नातक होने के बाद तक दुलकर ने कभी अभिनय के बारे में सोचा नहीं। वह कहते हैं, "मेरा बचपन ऐसे दोस्तों के बीच बीता, जो कारोबारी परिवार से थे। स्कूल और कॉलेज के दिनों में भी इन्हीं सबका साथ रहा। मुझे भी कारोबारी बातें अच्छी लगने लगी थीं। लोग कहते थे कि हीरो क्यों नहीं बन जाते, लेकिन मलयालम सिनेमा में किसी भी सितारे के बच्चे कामयाब नहीं हुए हैं तो कहीं न कहीं यह बात मेरे मन में घर कर गई। मन ही मन यह तय कर चुका था कि अभिनय नहीं करना है।"

**नौ से पांच की नौकरी में मन नहीं लगा**
सिनेमा दुलकर सलमान की रग-रग में रहा है। उनको बस डर इस बात का रहा कि फ्लॉप हो गया तो लोग क्या कहेंगे। एमबीए करने के बाद दफ्तर में समय बीतने लगा, लेकिन नौ से पांच की इस नौकरी में उनको आनंद नहीं आ रहा था। दुलकर कहते हैं, "कागज, कंप्यूटर पर जो भी मैं कर रहा था, उसमें मुझे निपुणता हासिल थी। मैं खुश तो था पर सुख नहीं मिल रहा था। मेरे जितने भी दोस्त थे, उनमें से फिल्मी परिवार से कोई नहीं था। फिर मैंने यूं ही कुछ कहानियां सोचकर समय बिताने के लिए लघु फिल्में बनाने की शुरुआत की और तब जाकर मुझे लगा कि संतोष क्या होता है और मन की प्रसन्नता क्या होती है?"

**चुनौती को पार करना ही असली जीत**
दुलकर के मुताबिक, मन को मारकर जीवन में कुछ भी करने से सफलता मिलना मुश्किल है। हर युवा को दूसरों के डर से अपना व्यवसाय नहीं चुनना चाहिए। अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए दुलकर कहते हैं, "एक कामयाब पिता की संतानों पर हमेशा ही बहुत दबाव होता है। वे किसी से कहते भले न हों, लेकिन यह सच है। दूसरों को भले लगता हो कि इन्हें तो सब कुछ यूं ही मिल गया, लेकिन मौका मिलना और खुद को साबित करना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। मुझे भी शुरू में यही डर था कि अभिनेता बना तो मेरी तुलना तुरंत मेरे पिता से होगी। मैंने निर्देशन में भी जाने के बारे में विचार किया था, लेकिन फिर एक दिन मुझे समझ आया कि जो काम चुनौती सा दिखने लगे, उसको पूरा करने में असली जीत है।"

**कौशल के लिए भीतर से डरना जरूरी है**
अधिकतर कामयाब लोगों में एक बात एक जैसी है और वह यह कि कुछ भी नया शुरू करते समय उन्हें भीतर से डर जरूर लगता है। यह डर ही उन्हें खुद को बीते दिन से बेहतर करने की प्रेरणा देता रहता है। इस डर ने दुलकर की भी मदद की। वह बताते हैं, "कोई काम आप अकेले में कर रहे हों तो उतनी घबराहट नहीं होती है, लेकिन फिल्म की शूटिंग करने का मतलब है कि दर्जनों लोगों के सामने कैमरे का सामना करना। संवाद याद करने में मुझे मेरे डर से काफी मदद मिली। मुझे लगता था कि शूटिंग के समय ज्यादा रीटेक हुए तो लोग मेरी हंसी उड़ाएंगे तो इस चक्कर में मेरी याददाश्त तेज होती गई। अब तो आलम यह है कि दस-दस लाइनों के संवाद भी मैं झट से याद कर लेता हूं।"

**पैसे मिलें या न मिलें, फर्क नहीं पड़ता**
दुलकर सलमान के बारे में एक बात सिनेमा में बहुत चर्चित है और वह यह कि अच्छा किरदार मिलने पर वह कभी पैसे का मोह नहीं करते हैं। दुलकर के मुताबिक, "अभिनय मेरे लिए पैसे कमाने का साधन कभी नहीं रहा है। मेरा अपना निवेश है बहुत सारे व्यवसायों में, जिससे मेरी नियमित अच्छी-खासी आय होती रहती है। भाषाई सीमाएं टूटने से भी अब अच्छा सिनेमा देखने को मिल रहा है। मैं हर भाषा का सिनेमा करना चाहता हूं। कहानी में किरदार अच्छा हो तो पैसे अच्छे मिलें या न मिलें, मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे सिर्फ अच्छा सिनेमा करना है।"

# दंगों की कालिख में दोस्ती का उजाला

पंकज शुक्ल

रेटिंग
MOVIE REVIEW
JOGI
**कलाकार :** दिलजीत दोसांझ, मोहम्मद जीशान अयूब, हितेन तेजवानी, परेश पाहूजा, अमायरा दस्तूर, कुमुद मिश्रा आदि।
**निर्देशक :** अली अब्बास जफर
**ओटीटी :** नेटफ्लिक्स



**नेटफ्लिक्स** ओरिजनल के रूप में बनी फिल्म 'जोगी' शुरू होती है तो एक आशंका सी मन में जागती है। इस बात की आशंका कि एजेंडा फिल्मों के दौर का कहीं यह भी कोई नया एजेंडा तो नहीं है। धीमी गति के समाचार सी आगे बढ़ती यह फिल्म शुरुआत के 20-25 मिनट बाद रवानी में आती है।

फिल्म 'जोगी' दोस्ती और प्यार की कहानी है। एक ऐसी कहानी, जिसकी आज के समय में जरूरत है। एक हंसता-खेलता संयुक्त परिवार है। सब सुबह-सुबह तैयार हो रहे हैं। कोई दफ्तर जा रहा है, कोई दुकान खोलने निकलने वाला है तो बच्चे स्कूल की तैयारी में हैं और महिलाएं गरमा-गरम पराठे तैयार कर रही हैं। लेकिन इन खुशियों को आग लगती है प्रधानमंत्री पर चलीं ताबड़तोड़ गोलियों से। दिलजीत दोसांझ यहां एक ऐसे सिख युवक के रूप में सामने आते हैं, जिसको अपने घरवालों से प्यार है। मोहल्ले वालों में उसकी जान बसती है। उसके दिल का एक कोना कमली के लिए भी धड़कता है। चुनौती यहां एक पूरी कौम को बचाने की है। जाहिर है समय कुर्बानी मांगता है। जोगी इसके लिए ही बना है। दोस्त मदद को आते हैं। दुश्मनी के नए चेहरे भी सामने आते हैं। अली अब्बास जफर की गिनती देश के उन चंद फिल्म निर्देशकों में होती रही है, जिनकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर लगातार जबर्दस्त कमाई की है। 'सुल्तान', 'टाइगर जिंदा है' और 'भारत' जैसी फिल्में बनाने वाला निर्देशक ही 'जोगी' भी बनाए, इसी में सिनेमा की भलाई है। 'जोगी' भले 1984 के तीन दिनों की कहानी कहती हो, लेकिन मोहब्बत की कहानियों पर समय का असर नहीं होता। मोहब्बत जिंदाबाद ही रहती है। इसे करने वालों के साथ भी और उनके जाने के बाद भी।

## 'ब्रह्मास्त्र' का 300 करोड़ का धमाका



हिंदी सिनेमा के खिलाफ चल रही बायकॉट मुहिम को फिल्म 'ब्रह्मास्त्र पार्ट वन : शिवा' से करारा जवाब मिला है। निर्देशक अयान मुखर्जी की रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर इस फिल्म की दुनिया भर में पहले हफ्ते की कमाई 300 करोड़ रुपये पार कर गई है। पहले हफ्ते की घरेलू कमाई में फिल्म ने 'आरआरआर' हिंदी के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म ने पहले हफ्ते में कुल 173.20 करोड़ रुपये कमाए हैं। इस साल हिंदी में रिलीज हुई फिल्मों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इतनी कमाई करने वाली यह दूसरी हिंदी फिल्म है। फिल्म ने इसी के साथ फिल्म 'आरआरआर' हिंदी के 132.59 करोड़ रुपये के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। 'केजीएफ 2' हिंदी ने पहले हफ्ते में 268.83 करोड़ रुपये कमाए थे।

# सप्ताह के सितारे

17 से 23 सितंबर, 2022
amarujala.com/astrology



**नस्तूर बेजान दारुवाला**
वृश्चिक राशि के जातकों के लिए निवेश करने का सही समय है। मेष राशि के जातक अपने दायित्वों को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

**मेष**
22 मार्च-21 अप्रैल
पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। अपने दायित्वों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। अपनी आय का निवेश सोच-समझकर करें। जीवनसाथी के साथ तालमेल बैठाने का प्रयास करें।

**वृष**
22 अप्रैल-20 मई
जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा। धर्म-कर्म में मन लगा रहेगा। व्यापार में लाभ हो सकता है। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। व्यर्थ की दौड़-भाग से बचना सीखें। दूसरों से वाद-विवाद न करें।

**मिथुन**
21 मई-20 जून
अपनी खूबियों को पहचानने का प्रयास करें। परिवार में असहज महसूस करेंगे। काम में लगे रहने से लाभ होगा। सोना खरीदने का अच्छा समय नहीं है। सेहत संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं।

**कर्क**
21 जून-20 जुलाई
धैर्य रखने की क्षमता आपके विकास के लिए जरूरी है। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते खराब हो सकते हैं। समस्याओं का समाधान तलाशें।

**सिंह**
21 जुलाई-20 अगस्त
महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करें। बच्चों की पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना होगा। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बिताएं। क्रोध करने से बचें।

**कन्या**
21 अगस्त-21 सितंबर
आप विभिन्न विषयों पर विचार करेंगे। अपनी खामियों को दूर करने का प्रयास करें। व्यापारिक व्यवहार में अधिक सतर्क रहना चाहिए। किसी विशेष व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**तुला**
22 सितंबर-23 अक्तूबर
अपने आप पर विश्वास रखें। यात्रा सावधानी पूर्वक करनी चाहिए। किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे, जिसे आप कुछ समय से तलाश रहे हैं। नए व्यापार की नींव रखने का सही समय है।

**वृश्चिक**
24 अक्तूबर-22 नवंबर
संपत्ति संबंधी निवेश करने के लिए अच्छा समय है। जीवन में तनाव लेने से बचें। किसी पर जरूरत से ज्यादा विश्वास नुकसादायक हो सकता है। काम के लिए विदेश जाएंगे।

**धनु**
23 नवंबर-20 दिसंबर
कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी तारीफ करेंगे। इस सप्ताह चुनौतियां थोड़ी कम होंगी। बच्चों के साथ समय गुजारें। शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य काफी हद तक मजबूत रहेगा।

**मकर**
21 दिसंबर-20 जनवरी
आपके विचार शांत और अधिक नियंत्रित रहेंगे। व्यावसायिक पक्ष मामूली रूप से मजबूत होगा। शोरगुल वाले वातावरण से दूर रहें। बातचीत के दौरान अपनी वाणी में सरलता लाएं।

**कुंभ**
21 जनवरी-18 फरवरी
अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने का प्रयास करें। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए समय सही है। काम के सिलसिले में नए लोगों से मुलाकात होगी। पीठ दर्द की समस्या हो सकती है।

**मीन**
19 फरवरी-21 मार्च
आर्थिक नुकसान हो सकता है। मानसिक तनाव रहेगा। धैर्य के साथ इस दौर को गुजरने दें। कार्यक्षेत्र में कुछ निर्णय आपके खिलाफ जा सकते हैं। कुछ समय छुट्टी लेकर आराम करें।


आज़ादी का अमृत महोत्सव
मध्यप्रदेश शासन

सशक्त नारीशक्ति, समर्थ भारत
स्व-सहायता समूहों का सम्मेलन

3 लाख 86 हजार महिला स्व-सहायता समूह कार्यरत



43 लाख 32 हजार परिवार हुए सशक्त

- समूहों द्वारा पोषण आहार संयंत्रों का संचालन
- समूहों के उत्पादों के विक्रय हेतु राज्यस्तरीय पोर्टल
- बैंक ऋणों पर 3 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज अनुदान
- खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर 21 लाख सदस्यों को प्रशिक्षण



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

मुख्य अतिथि
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

अध्यक्षता
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

विशिष्ट अतिथि
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
गिरिराज सिंह
मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्रालय, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. महेन्द्र सिंह सिसोदिया
मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन
रामखेलावन पटेल
राज्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन

17 सितम्बर, 2022, पूर्वाह्न 11:30 बजे | मॉडल स्कूल मैदान, कराहल, जिला श्योपुर, मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण DD NEWS दूरदर्शन एवं अन्य चैनल्स http://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @Jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश

अमर उजाला 75 महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
राजधानी ••
वर्ष 20 | अंक 159 | पृष्ठ : 24 | मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 17 सितंबर 2022
आश्विन कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2079

विलय तय पूरे कुनबे के साथ भाजपा में शामिल होंगे कैप्टन अमरिंदर...17





# भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज विनिर्माण का हब बन रहा देश

**एससीओ शिखर सम्मेलन : पीएम मोदी ने कहा, स्टार्टअप्स व नवाचार के लिए बने विशेष कार्यसमूह**

**समरकंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महामारी के बाद आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए भारत विनिर्माण का हब बन रहा है। हमारे जन-केंद्रित विकास मॉडल में प्रौद्योगिकी के समुचित उपयोग पर काफी ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारा युवा और प्रतिभाशाली कार्यबल हमें स्वाभाविक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाता है। हमारा यह अनुभव एससीओ देशों के काम आ सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था में इस साल 7.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने की उम्मीद है। यह दर दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक होगी। पीएम ने स्टार्टअप के क्षेत्र में देश की बढ़ती ताकत भी बताई। कहा, भारत आज प्रत्येक क्षेत्र में इनोवेशन या नवाचार का समर्थन कर रहा है। हमारे यहां 70,000 से अधिक स्टार्ट-अप्स हैं। इनमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। पीएम ने कहा, हम स्टार्टअप्स और इनोवेशन पर नए विशेष कार्यसमूह की स्थापना करके एससीओ सदस्य देशों के साथ अपना अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं। एजेंसी

## लचीली आपूर्ति शृंखला जरूरी

पीएम मोदी ने कहा, दुनिया कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण आर्थिक रिकवरी की चुनौतियों का सामना कर रही है। खाद्य संकट खड़ा हो रहा है। ऐसे में एससीओ को अपने क्षेत्र में विश्वस्त, लचीली और विविध आपूर्ति शृंखला विकसित करने के लिए प्रयत्न करने चाहिए।

## अपने इलाकों से गुजरने का दें अधिकार

पाकिस्तान का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने कहा, आपूर्ति शृंखला के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की जरूरत तो होगी ही, अहम होगा कि हम एक-दूसरे को अपने इलाकों से गुजरने का अधिकार दें। मोदी ने कहा, भारत सदस्य देशों के बीच अधिक सहयोग व आपसी विश्वास का समर्थन करता है।

## अध्यक्षता पर चीन-रूस की भारत को बधाई

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग व रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को अगले साल एससीओ की अध्यक्षता के लिए बधाई दी। जिनपिंग ने कहा, भारत की हरसंभव मदद करेंगे।



शंघाई शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी, कजाकिस्तानी राष्ट्रपति कासिम-जोमार्त तोकायेव, किर्गिजस्तान के राष्ट्रपति सादिर जापारोव, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति एमोमाली रहमान और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ। एजेंसी

## मोदी : आज का युग युद्ध नहीं, शांति का है पुतिन : यूक्रेन पर आपकी चिंता समझता हूं

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी से मुलाकात में यूक्रेन युद्ध पर भारत की चिंताएं दूर करने की कोशिश की। सम्मेलन से इतर वार्ता में मोदी ने कहा, आज का युग युद्ध का नहीं, शांति का है। तो, पुतिन ने मोदी से कहा, यूक्रेन संघर्ष को लेकर आपकी स्थिति से परिचित हूं, आपकी चिंताओं को भी समझता हूं। हम भी जल्द-से-जल्द सब खत्म करना चाहते हैं। यूक्रेन के घटनाक्रम से आपको अवगत कराता रहूंगा।

यूक्रेन संघर्ष के बाद दोनों शीर्ष नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। विश्व के अधिकतर देशों ने रूस के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया, पर भारत कूटनीतिक ढंग से रूस की निंदा किए बगैर अपनी स्थिति स्पष्ट करता रहा है। पीएम मोदी ने कहा, हमने फोन पर भी बात की है। आज हमें शांति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए बातचीत का मौका मिला है। रूस-भारत दशकों से साथ रहे हैं। आगे भी साथ बना रहेगा।

**खाद्य सुरक्षा-ईंधन व उर्वरक पर समाधान तलाशें**

मोदी ने कहा, द्विपक्षीय रिश्तों समेत अन्य कई मुद्दों पर हमने फोन पर कई बार बातचीत की। हमें खाद्य सुरक्षा व ईंधन और उर्वरक के मसले का समाधान निकालने के प्रयास करने चाहिए। मोदी ने कहा, यूक्रेन में फंसे हमारे नागरिकों खासकर विद्यार्थियों को निकालने में मदद के लिए रूस व यूक्रेन, दोनों का धन्यवाद।

*मजबूत होती दोस्ती : मोदी ने भारत-रूस की दशकों पुरानी दोस्ती की गहराई याद दिलाते हुए कहा, दुनिया इस तथ्य से परिचित है। उन्होंने पुतिन से अपनी 22 साल की दोस्ती का भी जिक्र किया। कहा, यह और मजबूत होती जा रही है।*

## मोदी-जिनपिंग एक मंच पर...न हाथ मिले, न निगाहें

प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सम्मेलन के दौरान एक मंच पर रहे। हालांकि, इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाना तो दूर, नजरें भी नहीं मिलाईं। मंच पर साथ होने के बावजूद दोनों की दूरी साफ नजर आई। दरअसल ऐसा कर, भारत ने पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर सख्त संदेश दिया है।

>> जलवायु परिवर्तन पर संतुलित वैश्विक दृष्टिकोण के लिए सहमति : पेज 17 >> समरकंद में मोदी : संपादकीय

BFIT
GROUP OF INSTITUTIONS SUDDHOWALA DEHRADUN
(SIKH MINORITY GROUP)



20+ YEARS OF EXCELLENCE | HIGHEST PLACEMENT RECORD | 1000+ MNC'S/WRO LINKAGES | DIPLOMA, BACHELOR & MASTER DEGREES

KINGSTON IMPERIAL INSTITUTE DEHRADUN | LIBRA COLLEGE OF LAW DEHRADUN | Guru Nanak COLLEGE DEHRADUN | 20 YEARS of excellence | ENROLL NOW

CENTRAL GOVT. UNIVERSITY DEGREE
REGISTRATION OPEN

Affiliations & Approvals: AICTE, Ministry HRD, Government of India, Pharmacy Council of India (PCI), Bar Council of India (BCI), Uttarakhand State Paramedical Council, NCTE, HNBGU Garhwal University (Central Govt. University, Approved by UGC &Ministry of HRD Govt. of India, NAAC "A" Accredited University), HNB Uttarakhand Medical Education University (State Govt. Medical University), Uttarakhand Technical University (State Govt. Technical University), Uttarakhand Board of Technical Education (State Govt. Board), SDSUV, AHLEI- American Hotel and Lodging Educational Institute (USA).

Delhi Admission Office:
Call: 9719460515 | 7300777709 | 9997777828 | 7300900900 | 7300900901
www.bfitdoon.com | www.gncmh.com | www.kiims.in | www.libracollegeoflaw.com

90% MARKS & ABOVE - FREE EDUCATION
80% MARKS & ABOVE - 50% TUITION FEE
70% MARKS & ABOVE - 25% TUITION FEE
HURRY UP! FEW SEATS LEFT
*SCHOLARSHIP SEATS ARE SUBJECT TO SEAT AVAILABILITY IN SELECTED COURSES.

DIPLOMA, BA/MA & B.Sc./M.Sc. DEGREES

SCHOOL OF - NURSING | PHARMACY | PARAMEDICAL STUDIES | AGRICULTURE SCIENCES | MANAGEMENT STUDIES | ENGINEERING | HOTEL MANAGEMENT | HEALTH STUDIES | LAW | LIFE & ALLIED SCIENCE | INFORMATION TECH. & COMPUTER SCI. | ARTS & JOURNALISM

| COURSE | FEE PER YEAR | COURSE | FEE PER YEAR |
|---|---|---|---|
| » BA English | 14,000/- | » BBA | 27,500/- |
| » BA Hindi | 14,000/- | » MA English | 19,000/- |
| » BA Economics | 14,000/- | » MA Pol. Science | 19,000/- |
| » BA Pol. Science | 14,000/- | » MA Edu. | 19,000/- |
| » BA Sociology | 14,000/- | » MA Economics | 19,000/- |
| » B. Sc PCM | 15,000/- | » MA Geography | 19,000/- |
| » B. Sc CBZ | 15,000/- | » MA Maths | 19,000/- |
| » B. Sc STATS | 15,000/- | » M. Com | 19,000/- |
| » B. Com | 14,000/- | » MA. (Hons.) Journalism & Mass Comm | 27,500/- |
| » B. Com CA | 15,000/- | » M.Sc BioTech./Micro Bio. | 35,000/- |
| » BA LLB | 25,000/- | » M.Sc Food Technology | 32,500/- |
| » LLB | 25,000/- | » M.Sc Biochemistry | 30,000/- |
| » LLM | 40,000/- | » M.Sc Botany/Geography | 22,500/- |
| » B.Tech. (Civil, Mechanical, Electrical, Electronics & Computer Science Engineering) | 42,500/- | » M.Sc Zoo./Phy. | 25,000/- |
| » B.Sc BioTech./Micro Bio | 25,000/- | » M.Sc Chem./Stats. | 25,000/- |
| » B.Sc Food Technology | 25,000/- | » M.Sc Maths/EVS. | 20,000/- |
| » B.Sc Geology | 27,500/- | » M.Sc Geology | 35,000/- |
| » B.Sc Economics | 22,500/- | » M.Sc IT | 20,000/- |
| » B.Sc Home Science | 20,000/- | » MCA | 40,000/- |
| » BA. (Hons.) Mass Comm | 25,000/- | » M.Sc Forestry | 32,500/- |
| » B.Sc IT | 19,000/- | » M.Sc Agronomy | 75,000/- |
| » BCA | 20,000/- | » M.Sc Seed Science & Tech. | 70,000/- |
| » B.Sc Agriculture | 32,500/- | » M.Sc Horticulture | 65,000/- |
| » B.Sc Horticulture | 27,500/- | » MHA (Masters in Hospital Administration) | 51,000/- |
| » B.Sc Forestry | 27,500/- | » MPH (Masters in Public Health) | 66,300/- |
| » Bachelor in Hotel Mgmt. | 32,500/- | » Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 25,000/- |
| » Diploma in HM | 15,000/- | » Diploma in Dialysis Technology | 16,250/- |
| » D.Pharma | 55,000/- | » MBA | 75,000/- |
| » B.Pharma | 42,500/- | » B.Sc. Nursing | 72,600/- |
| » Lateral Entry in B.Pharma | 42,500/- | | |
| » B.Sc. Radio & Imaging Technology | 25,000/- | | |
| » BMLT | 27,500/- | | |
| » B.Sc Medical MicroBiology | 27,500/- | | |
| » B.Sc. Operation Theatre Technology | 25,000/- | | |
| » B.Sc Optometry | 27,500/- | | |

HOSTEL FACILITIES:
Ultra modern separate hostel facilities available for boys and girls along with hygienic food, feels like "HOME AWAY FROM HOME".
PLACEMENTS: See BFITian working in more than 1000+ MNC's
& many more...
BFIT... Where You Can Applaude Your Dreams

HIGHEST PLACEMENT PACKAGE 30 LPA AFTER BACHELOR DEGREE



AAKRITI SINGH KAGOOL, LONDON | ANJITA BYJUS | PANKAJ INFOSYS | VIVEK WIPRO | SOHIDUL CASPIANA CHS | ABHIMANYU NGARRO | SUDHANSHU RANKMANTRA | & Many More...

CAMPUSES:
"BFIT Group of Institutions", Chakrata Road, Sudhowala, Dehradun, Uttarakhand - 248007 • "Guru Nanak College", Jhajra Chakrata Road, Dehradun, Uttarakhand - 248007
"Libra College of Law", Dunga, Dehradun, Uttarakhand - 248007 • "Kingston Imperial Institute", Dunga, Dehradun, Uttarakhand - 248007

नि:संतानता एवं टेस्ट ट्यूब बेबी ईलाज
INDIRA IVF FERTILITY & IVF CENTRE




नि:शुल्क परामर्श ✆ 7229955553

परामर्श हेतु कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते हैं?
• कम शुक्राणु • निल शुक्राणु • धीमी गतिशीलता • खराब गुणवत्ता
• बंद फेलोपियन ट्यूब • अण्डों में खराबी • गर्भाशय में रसोली /PCOS • अनियमित पिरियड • एडिनोमायोसिस • एन्डोमेट्रियोसिस

उपलब्ध सेवा – फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेज़र हैचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • हिस्ट्रोस्कोपी • लेप्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज़

इन्दिरा आई.वी.एफ. हॉस्पीटल प्राइवेट लिमिटेड
दिल्ली (पटेल नगर, लाजपत नगर, रोहिणी, द्वारका, तिलक नगर, शाहदरा), गाजियाबाद (राजनगर, कौशाम्बी), फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा
• 111 Fertility Centres PAN India • Treatment protocol as per patients need • Experienced team of 250+ Fertility Doctors
'बेटी बचाओ-बेटी पढाओ' अभियान में सहयोग करें। भ्रूण लिंग परीक्षण करवाना जघन्य अपराध है यह कार्य हमारे यहां नहीं किया जाता है।
Disclaimer: The models used in the creative is just for illustration purpose only.

# तीन सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ता है चीता

## भारत में चीतों का पुनर्जन्म : स्पोर्ट्स कार को यह रफ्तार पाने में लगते हैं छह सेकंड

*चीता बिग कैट फैमिली का सबसे सुडौल, तेज रफ्तार जानवर है। तीन सेकंड में 100 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार हासिल कर लेता है। यह दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट से दोगुना तेज है। यही नहीं अच्छी से अच्छी स्पोर्ट्स कार को यह रफ्तार हासिल करने में छह सेकंड लगते हैं। छोटा सिर, पतली कमर व गठीले शरीर के कारण इनकी फुर्ती देखते ही बनती है। देश में सत्तर साल बाद इनका पुनर्जन्म होगा, जब नमीबिया से आए आठ चीतों को मध्य प्रदेश में छोड़ा जाएगा।*

**23** फुट (करीब 7 मीटर) तक लंबी छलांग मार सकता है चीता दौड़ते वक्त, हर एक सेकंड में ऐसी चार छलांगें लगाता है।

*चीते का दिल शेर की तुलना में साढ़े तीन गुना बड़ा होता है...इस कारण दौड़ते वक्त इसे भरपूर ऑक्सीजन मिल पाती है। यह तेजी से पूरे शरीर में ब्लड को पंप करता है और इसकी मांसपेशियों तक ऑक्सीजन पहुंचाता है।*

**चीता एक मिनट से अधिक नहीं दौड़ सकता। दौड़ते समय वह आधे समय हवा में रहता है**

**इतना लचीला कि दौड़ते वक्त पिछले पैर अगले पैरों से भी आगे आ जाते हैं और इसी से इसकी रफ्तार बढ़ती है लेकिन पेड़ पर चढ़ना नहीं आता**

- चीते की आंखें एकदम सीधी दिशा में होती हैं। जिससे वह कई मील दूर तक देख सकता है। इसकी आंखों में इमेज स्टेबिलाइजेशन सिस्टम होता है। इसकी वजह से वह तेज रफ्तार में दौड़ते वक्त भी अपने शिकार पर फोकस बनाए रखता है।

**दहाड़ नहीं सकता**

चीता बिग कैट फैमिली का अकेला ऐसा सदस्य है जो दहाड़ नहीं सकता। वह सिर्फ गुर्राता है।



**7,000** के करीब चीते बचे हैं दुनिया में, जिनमें से अधिकांश अफ्रीकी सवाना में पाए जाते हैं

**96%** शावक बड़े होने से पहले ही मर जाते हैं



### पहले 1000 थे लेकिन 1952 से भारत में विलुप्त

भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर 1952 में चीता को देश में विलुप्त घोषित किया था। माना जाता है कि इसके पहले देश में करीब 1000 चीते थे। सरगुजा (अब छत्तीसगढ़ में) के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव ने 1947 में देश के अंतिम तीन चीतों को मार डाला था।

### बिग कैट फैमिली के ये हैं अन्य सदस्य

**शेर (पैंथेरा लियो):** जंगल का राजा। बिग कैट फैमिली का अकेला जानवर है, जो मिलकर शिकार करता है। 7 फुट लंबाई और गर्दन व चेहरे पर बाल।

**बाघ (पैंथेरा टाइग्रिस) :** शरीर पर काली धारियां। शेर से भारी, बलिष्ठ और फुर्तीला। दक्षिण पूर्व एशिया समेत भारत व चीन में पाया जाता है।

**तेंदुआ (पेंथेरा परदुस) :** यह दिखने में चीते जैसा लगता है। इसके शरीर पर रोसेट शैली के निशान होते हैं जबकि चीते के शरीर पर गोल धब्बे।

### चीतों को वापसी से दूर कर रहे पारिस्थितिकी तंत्र की विषमता : भूपेंद्र

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारत में चीता की वापसी पारिस्थितिकी तंत्र की विषमताओं को दूर करने की दिशा में मील का पत्थर है। 28वें ओजोन दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा, अंधाधुंध शिकार ने देश से चीता को विलुप्त कर दिया था। चीता के न रहने से ग्रासलैंड की इकोलॉजी खराब हुई है। इसके साथ ही चीता फूड चेन की भी अहम कड़ी है।

■ अमर उजाला रिसर्च टीम

### 123 प्रजातियों के पेड़ों के बीच 900 वर्ग किमी में दौड़ लगाएंगे

*नामीबिया से आए आठ नन्हे चीते श्योपुर-मुरैना के 900 वर्ग किमी में फैले कूनो वन्यजीव अभयारण्य में 123 प्रजातियों के पेड़ों के बीच दौड़ लगाएंगे। 2018 में सरकार ने इसे नेशनल पार्क का दर्जा दिया था। इस पार्क में झाड़ियों की 71 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके अलावा बांस और घास की 34 प्रजातियां और बेलों और विदेशी वनस्पति की 32 प्रजातियां भी यहां मौजूद हैं।*

---

**न्यूज डायरी**

## कुल्लू दशहरा में शामिल हो सकते हैं पीएम मोदी

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान रघुनाथ की रथयात्रा में शामिल हो सकते हैं। सीएम जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि 5 सितंबर को दशहरे के शुभारंभ पर पीएम को आने का निमंत्रण दिया जाएगा। सीएम ने बताया कि पीएम ने रघुनाथ के छड़ीबरदार एवं पूर्व सांसद महेश्वर सिंह से रथयात्रा में शामिल होने की इच्छा जताई है। 5 सितंबर को ही बिलासपुर में एम्स का उद्घाटन करने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आना है। सुबह के समय मोदी एम्स के उद्घाटन के बाद दोपहर बाद कुल्लू के ढालपुर मैदान में दशहरे के शुभारंभ पर रघुनाथ की रथयात्रा में भाग ले सकते हैं। संवाद



## 75 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी में दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने हिसार के हांसी से 75 करोड़ की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की कथित चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। राज्य की पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि दोनों फर्जी कंपनियां व बिल बनाने में शामिल थे। आरोपियों की पहचान शकूर बस्ती, दिल्ली निवासी शुभम और दिल्ली के मुंडका के रहने वाले दीपांशु उर्फ मोंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से पैन, आधार और एटीएम कार्ड के साथ ही दो लैपटॉप बरामद किए हैं। इसके अलावा मोबाइल, नोट गिनने की मशीन और हार्ड डिस्क भी उनके पास से बरामद की गई। एजेंसी

## गुजरात के पूर्व गृह मंत्री को सात दिन की पुलिस हिरासत

**मेहसाणा।** गुजरात में मेहसाणा की एक अदालत ने शुक्रवार को राज्य के पूर्व गृह मंत्री विपुल चौधरी को सात दिन की एसीबी हिरासत में भेज दिया है। दुग्धसागर डेयरी के अध्यक्ष रहते 800 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में चौधरी को गिरफ्तार किया गया था। एसीबी ने उन्हें बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था। चौधरी के साथ ही उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट शैलेश पारिख को भी अदालत ने एसीबी की एक सप्ताह की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी

## महाराष्ट्र में फंसे मालवाहक जहाज से 19 लोगों को बचाया गया

**मुंबई।** भारतीय तट रक्षक दल (आईसीजी) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के रत्नागिरी तट पर एक टैंकर जहाज से 18 भारतीयों और इथियोपिया के एक नागरिक को बचा लिया। आईसीजी ने कहा, जहाज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खोर फक्कन से न्यू मेंगलोर बंदरगाह 3,911 मीट्रिक टन असफाल्ट बिटुमेन लेकर जा रहा था। इसके टैंकों में पानी भर जाने से ये खतरनाक स्थिति में पहुंच गया। शिपिंग महानिदेशक ने क्षेत्र में खतरे में सूचना दी। आपात सूचना प्राप्त होने के कुछ क्षणों के अंदर बचाव दल सक्रिय हो गया और 18 भारतीयों समेत 19 लोगों को बचा लिया। एजेंसी

---

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने पुस्तक का विमोचन करते हुए पीएम की जमकर की तारीफ, कहा...

# मोदी आंबेडकर के सच्चे अनुयायी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना करते हुए कहा कि वह डॉ. भीमराव आंबेडकर के सच्चे अनुयायी हैं। पीएम मोदी उनकी दृष्टि को हकीकत में बदलने की दिशा में काम कर रहे हैं।

कोविंद ने शिक्षा, श्रम कल्याण, महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भर देश के निर्माण के क्षेत्र में सरकार की पहलों और जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति का जिक्र किया और कहा कि ये सभी कदम आंबेडकर के दृष्टिकोण के अनुरूप थे। कोविंद ने ब्लूकार्ट डिजिटल फाउंडेशन द्वारा संकलित 'आंबेडकर एंड मोदी : रिफॉर्मर्स आइडियाज, परफॉर्मर्स इंप्लीमेंटेशन' नामक पुस्तक के विमोचन के मौके पर ये बातें कहीं।

कोविंद ने कहा, संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में बाबासाहेब ने जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा देने का प्रस्ताव खारिज कर दिया था। बाद में घटनाओं ने जटिल मोड़ लिया, जिसकी वजह से राज्य को विशेष दर्जा प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के संबंध में यह विषमता अगस्त 2019 में मोदी सरकार के प्रयासों से समाप्त हो गई। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे राष्ट्रपति रहते हुए इस आदेश पर हस्ताक्षर करने का मौका मिला।




पुस्तक का विमोचन करते पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर व देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालाकृष्णन। एजेंसी

### बाबा साहेब का सपना हो रहा पूरा : अनुराग

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, मैं गर्व से कह सकता हूं कि बाबासाहेब के सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व के समक्ष उत्तरोत्तर विकास कर आगे बढ़ा रहे हैं। आंबेडकर ने जो कहा, मोदी सरकार ने आठ सालों में उसे साकार किया है। ठाकुर ने कहा, आंबेडकर के नाम पर मूर्तियां तो बहुत लोगों ने बनाईं, लेकिन दलित और शोषितों के उत्थान के लिए काम मोदी सरकार ने किया है। बाबासाहेब का मानना था कि औद्योगिक विकास वंचित समाज के लिए मुक्ति की राह आसान कर सकता है। ठाकुर ने आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, पंच तीर्थ और जीएसटी का संदर्भ देते हुए कहा कि सबको समान अधिकार देकर मोदी सरकार बाबा साहेब के जीवन मंत्र बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय को चरितार्थ कर रही है।

### जस्टिस बालाकृष्णन बोले-सशक्त भारत की परिकल्पना हो रही साकार

देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालाकृष्णन ने कहा कि आंबेडकर महान विचारक और आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने सशक्त भारत की परिकल्पना की थी। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, औद्योगीकरण, शिक्षा और आधुनिकीकरण पर बाबा साहब के विचारों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मोदी सरकार द्वारा किस तरह साकार किया जा रहा है, इसकी चर्चा की। इससे पूर्व बालाकृष्णन ने नेहरू मेमोरियल म्यूजियम में आंबेडकर पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में ब्लूकार्ट डिजिटल फाउंडेशन के निदेशक हितेश जैन, सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर अनेकता में एकता उत्सव मनाएगी भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक पखवाड़े तक चलनेवाले सेवा अभियान के तहत भाजपा पूरे देश में अनेकता में एकता उत्सव, स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविरों का आयोजन करेगी। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को बताया कि सेवा अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्तूबर तक चलेगा। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गरीब और दबे-कुचले लोगों तक पहुंचना और उनकाजीवन बेहतर बनाना है।

- भाजपा कार्यकर्ता सभी जिलों में अनेकता में एकता उत्सव मनाकर लोगों को एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश देंगे। सभी राज्य इकाइयों में भाजपा पदाधिकारी अपने राज्य से अलग किसी अन्य राज्य की पहचान कर एक दिन के लिए उसकी भाषा और संस्कृति अपनाएंगे।
- पीएम के जन्मदिन पखवाड़े में पार्टी पौधरोपण, स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएगी। भाजपा कार्यकर्ता दिव्यांगों में उपकरण वितरण, खादी प्रोत्साहन और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेंगे। 2 अक्तूबर को लोगों को खादी और स्थानीय उत्पादों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। भाजपा ने अभियान की निगरानी के लिए अरुण सिंह के नेतृत्व में आठ सदस्यीय पैनल बनाया है। ब्यूरो

## पीएम को मिली नेताजी की मूर्ति समेत 1,200 उपहारों की नीलामी आज से

**नई दिल्ली।** मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति समेत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किए गएकरीब 1,200 उपहारों की शनिवार से नीलामी शुरू होगी।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को कहा कि भगवान गणेश की प्रतिमा, अयोध्या में बन रहे राम मंदिर और वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृतियां भी प्रधानमंत्री को भेंट किए गए उपहारों में शामिल हैं। इन उपहारों की ई-नीलामी की जाएगी। इससे प्राप्त धनराशि नमामि गंगे मिशन को दान की जाएगी। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में जगदगुरु शंकराचार्य के समाधि स्थल पर स्थापित उनकी भव्य प्रतिमा का निर्माण करने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज ने इसी साल अप्रैल में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी और उन्हें अखंड पत्थर से बनी नेताजी की दो फुट ऊंची प्रतिमा का मॉडल भेंट किया था। रेड्डी ने कहा कि खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न अवसरों पर प्रधानमंत्री को सौंपे गए उपहार भी इस नीलामी का हिस्सा होंगे। ब्यूरो

**नमामि गंगे मिशन को दी जाएगी प्राप्त राशि**



पीएम मोदी को मिले उपहार। -एजेंसी

## पिता ने 44 दिन तक नमक के गड्ढे में रखा 'दुष्कर्म' पीड़िता बेटी का शव

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नंदुरबार में आदिवासी समुदाय के एक व्यक्ति ने अपनी 'दुष्कर्म' पीड़िता बेटी का शव 44 दिन तक नमक के गड्ढे में रखा। पिता अपनी बेटी का दूसरा पोस्टमार्टम कराना चाहते थे ताकि सच्चाई सामने आ सके।

एक अधिकारी ने बताया कि पिता ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी के साथ मौत से पहले दुष्कर्म किया गया था। उन्होंने अपनी बेटी के शव का दूसरा पोस्टमार्टम कराने की मांग की ताकि हकीकत सामने आ सके। अधिकारी ने बताया कि 21 वर्षीय युवती का शव बृहस्पतिवार को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक समिति बनाई गई जो मृतका का पोस्टमार्टम करेगी। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवती का शव एक अगस्त को नंदुरबार में फांसी पर लटका मिला था। युवती के पिता ने आरोप लगाया है कि चार लोगों ने उनकी बेटी से दुष्कर्म किया था। युवती की मौत के बाद नंदुरबार के एक सरकारी अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन कोई षड्यंत्र सामने न आने पर आत्महत्या का केस दर्ज किया गया था। एजेंसी

---

# मधुमेह की सस्ती दवा बाजार में...60 रुपये में दस टैबलेट

### सरकार ने सीटाग्लिप्टीन की लॉन्च, जनऔषधि केंद्रों पर मिलेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को मधुमेह की सस्ती दवा सीटाग्लिप्टीन और इसके अन्य मिश्रणों को बाजार में उतारा है। इसके 10 टैबलेट की कीमत 60 रुपये तक होगी और यह दवा जेनरिक दवाओं की दुकान जनऔषधि केंद्रों पर मिलेगी।




रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि फार्मास्यूटिकल एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) ने सीटाग्लिप्टीन और इसके मिश्रणों के नए संस्करण जनऔषधि केंद्रों में उतारे हैं। सीटाग्लिप्टीन फॉस्फेट के 50 मिलीग्राम(एमजी) वाले दस टैबलेट 60 रुपये में जबकि 100एमजी वाले 100 रुपये उपलब्ध हैं। वहीं सीटाग्लिप्टीन और मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड का 50एमजी/500एमजी अनुपात वाला मिश्रण 65 रुपये प्रति 10 टेबलेट जबकि 50एमजी/1000एमजी का मिश्रण 70 रुपये में उपलब्ध होगा। बयान में कहा गया है कि ये सभी संस्करण बाजार में उपलब्ध बड़ी कंपनियों के दवाओं के मुकाबले 60 से 70 फीसदी कम कीमत में उपलब्ध हैं। बड़ी कंपनियों की दवाएं प्रति 10 टैबलेट 162 रुपये से लेकर 258 रुपये के बीच बाजार में बिक रही हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पीएमबीआई के सीईओ रवि दाधिच ने सीटाग्लिप्टीन को लॉन्च किया। यह दवा टाइप 2 मधुमेह के वयस्क रोगियों में शर्करा नियंत्रण बेहतर करने में भोजन और व्यायाम के साथ सहयोगी भूमिका निभाता है। देश में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत 8700 जनऔषधि केंद्र संचालित हैं। ये केंद्र गुणवत्तापूर्ण जेनरिक दवाएं, सर्जिकल उपकरण व अन्य स्वास्थ्य उत्पाद सस्ती कीमतों पर उपलब्ध होती हैं। ब्यूरो

## देश में 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी : राहुल

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा में एक दिन के विश्राम के बाद राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि आज देश में पिछले 45 सालों में सर्वाधिक बेरोजगारी है। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर युवा शक्ति और उसके भविष्य को लेकर चिंता जताई। राहुल ने कहा, हमारा देश एक युवा देश है, युवाओं के रूप में हमारे पास एक बहुत बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने युवाओं की ऊर्जा का सदुपयोग करें, उन्हें सही दिशा दिखाएं तो हमारा देश बहुत तेजी से तरक्की कर सकता है। राहुल ने कहा, आज देश में पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। पढ़े-लिखे नौजवान रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, निराशा की गिरफ्त में हैं। हमारा कर्तव्य और समय की मांग है कि हम अपने युवाओं को सकारात्मकता की तरफ लेकर आएं। ब्यूरो



कोल्लम से माता अमृतानंदमयी के साथ राहुल।

### *भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण कोल्लम से शुरू*

***कोल्लम।** भारत जोड़ो यात्रा को शुरू हुए आठ दिन हो चुके हैं। कोल्लम से शुक्रवार को यात्रा का दूसरा चरण शुरू हुआ। यात्रा में केरल के विपक्ष के नेता वीडी सतीशन, महासचिव केसी वेणुगोपाल, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नीताला, के मुरलीधरन, एनके प्रेमचंद्रन शामिल हैं। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बताया अगर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सफल रही तो पार्टी गुजरात से अरुणाचल प्रदेश के लिए भी एक यात्रा आयोजित करेगी। एजेंसी*

### भारत जोड़ो नहीं, सीट जोड़ो यात्रा : विजयन

पी विजयन केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने शुक्रवार को यात्रा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह भारत जोड़ो नहीं, बल्कि सीट जोड़ो यात्रा है। अगर यह यात्रा वाकई भाजपा-आरएसएस के खिलाफ है, तो केरल में 18 दिन और उत्तर प्रदेश में दो दिन ही क्यों गुजारने वाली है? जयराम रमेश ने पी विजयन के ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा, पहले पूरी जानकारी हासिल करें कि यात्रा कैसे और क्यों निकाली जा रही है। मुंडूमोदी की जमीन पर बीजेपी की ए टीम से इस तरह की मुर्खतापूर्ण आलोचना के अलावा और उम्मीद भी क्या हो सकती है?

---

**तैयारी** डिस्क्लेमर के साथ उत्पादों का करना होगा प्रमोशन, उल्लंघन पर 50 लाख तक जुर्माना

# 1,200 करोड़ का सोशल मीडिया बाजार, नियम बना रही सरकार

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंचों पर पैसे लेकर उत्पादों का प्रमोशन करने वालों के लिए नियम बनाने को लेकर सरकार तेजी दिखा रही है। भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के हिसाब से 1,200 करोड़ रुपये के पार हुए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उद्योग के लिए जल्द दिशा निर्देश सामने होंगे।

सूत्रों के मुताबिक, इन नियमों के तहत इन्फ्लुएंसरों को डिस्क्लेमर के साथ प्रमोशन करना अनिवार्य होगा। इसके उल्लंघन की स्थिति में 10 से 50 लाख रुपये तक के जुर्माने का भी प्रावधान रहेगा। सोशल मीडिया पर पेड प्रमोशन करने वालों पर सरकारी नियमन को कुछ अग्रणी इन्फ्लुएंसरों ने स्वागतयोग्य कदम करार दिया है। उनका कहना है कि इससे डिजिटल बाजार न सिर्फ सुव्यवस्थित होगा बल्कि जुर्माने के डर से इन्फ्लुएंसर भी ज्यादा जिम्मेदारी से काम करेंगे। हालांकि, जुर्माने पर उनका मानना है कि इसका दायरा उल्लंघन करने वाली संबंधित पोस्ट से कमाई के अनुपात में रखना ज्यादा उचित होगा।

बता दें, देश में इन्फ्लुएंसरों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है और इस क्षेत्र में मौजूदा अस्पष्टताओं के मद्देनजर सरकार को इसके लिए नियम बनाने की जरूरत आन पड़ी है। इंस्टाग्राम पर 60 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स वाले एक इन्फ्लुएंसर का कहना है, प्रस्तावित दिशानिर्देश सोशल मीडिया पर यूजर्स के लिए किसी पोस्ट के पेड होने या न होने की संदिग्धता को खत्म कर देंगे। हालांकि, शुरुआत में इन्फ्लुएंसरों को नियमों से सामंजस्य बिठाने में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं, पर दीर्घावधि में इनसे डिजिटल मार्केटिंग तंत्र सुव्यवस्थित बन जाएगा। एजेंसी



### पेड प्रमोशन की देनी होगी साफ जानकारी

उपभोक्ता मामलात मंत्रालय द्वारा जल्द सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के लिए व्यापक दिशानिर्देश लाने की उम्मीद है। इनके बाद इंस्टाग्राम जैसे मंचों पर विभिन्न उत्पादों की कंपनियों से पैसे लेकर पोस्ट डालने वाले लोगों को साफ-साफ ब्रांड प्रमोशन की जानकारी देनी होगी।

## हादसे में हाथ गंवाने वाले पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी को 62.35 लाख का मुआवजा

राजीव सिन्हा

**सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा तय की गई रकम में करीब 350 फीसदी की बढ़ोतरी की**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क हादसे में हाथ गंवाने वाले पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी को 7.5 फीसदी वार्षिक ब्याज के साथ 62.35 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। 25 साल पहले हुए हादसे में अधिकारी का दाहिना हाथ कट गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा तय की गई मुआवजे की रकम में करीब 350 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस कृष्ण मुरारी की पीठ ने पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी रमेश की अपील पर हाईकोर्ट के फैसले में बदलाव किया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने रमेश को 6.68 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था। बाद में हाईकोर्ट ने रकम बढ़ाकर 14.82 लाख रुपये कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि हाईकोर्ट ने भविष्य में आर्थिक नुकसान का फैसला देते हुए आय के नुकसान को 18,000 रुपये प्रति माह माना है। शीर्ष अदालत ने इस राशि को बढ़ाकर 30,000 रुपये प्रति माह कर दिया। पीठ ने कहा कि यह ध्यान देने की आवश्यकता है कि अपीलकर्ता मर्चेंट नेवी में कार्यरत था और प्रासंगिक समय पर उसका वेतन 1,000 अमेरिकी डॉलर था। कोहनी के नीचे उसका दाहिना हाथ कट गया था, जिसके परिणामस्वरूप दाहिने हाथ में 70 फीसदी विकलांगता आ गई।

## डीटीएच सेवा प्रदाता के कुल चैनल क्षमता के 5% से अधिक नहीं होंगे प्लेटफॉर्म चैनल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने डायरेक्ट टू होम (डीटीएच) सेवाओं के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सेवा प्रदाताओं के लिए उनके विशेष प्लेटफॉर्म सर्विस चैनलों (पीएस) की सामग्री को नियंत्रित कर दिया गया है।

अब सेवा प्रदाताओं की कुल चैनल क्षमता का अधिकतम 5 फीसदी ही उनके पीएस चैनलों की संख्या हो सकती है। साथ ही पीएस चैनलों की सामग्री को दूसरे किसी सेवा प्रदाता के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से साझा नहीं किया जा सकता। पीएस चैनलों की सामग्री को साझा करने से मना करते हुए कहा गया है कि यदि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह पाया कि ऐसी सामग्री किसी दूसरे सेवा प्रदाता के प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है तो मंत्रालय ऐसे कार्यक्रम का प्रसारण तत्काल रोक सकता है। पीएस ऐसे चैनल हैं जो किसी खास सेवा प्रदाता द्वारा सिर्फ अपने ही ग्राहकों को दिखाए जाते हैं। ब्यूरो

अमर उजाला 75 महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
राजधानी ••
वर्ष 20 | अंक 159 | पृष्ठ : 24 | मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 17 सितंबर 2022
आश्विन कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2079

amarujala.com



**बाइडन बोले** देश में हिंदू, सिख व मुस्लिम विरोधी घृणा अपराध की जगह नहीं...18



**सीयूईटी का परिणाम घोषित : 21 हजार से ज्यादा छात्रों को 100 परसेंटाइल**

# अपनी मेरिट लिस्ट बनाएंगे विश्वविद्यालय

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के विश्वविद्यालयों में स्नातक दाखिले के लिए आयोजित पहले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए। इसमें 21,159 विद्यार्थियों को 100 परसेंटाइल अंक मिले हैं। इनमें 12,799 छात्राएं तथा 8,360 छात्र शामिल हैं। हालांकि, कॉलेजों में दाखिला परसेंटाइल के आधार पर नहीं, बल्कि एक तय फॉर्मूले के तहत अंकों के जनरलाइजेशन यानी सामान्यीकरण के आधार पर होगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन एम जगदीश कुमार ने कहा, छात्रों के इस सामान्यीकृत अंक के आधार पर विश्वविद्यालय अपनी मेरिट लिस्ट बनाएंगे। जगदीश कुमार ने कहा, यह तरीका इसलिए अपनाया जा रहा है, ताकि एक ही विषय में दाखिले के लिए अलग-अलग दिन सीयूईटी परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों को दाखिले के लिए बराबरी का मौका उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, अलग-अलग दिन आयोजित परीक्षा के लिए हर विषय के लिए सीयूईटी के अंकों का सामान्यीकरण अलग-अलग किया जाएगा। >> बेटियां अव्वल, 12,799 को 100 परसेंटाइल : पेज 10




**इसलिए जरूरी था बदलाव...**

**अन्य प्रवेश परीक्षाओं में विषय सीमित होते हैं...**एक ही सत्र की परीक्षा में एक आम सांख्यिकीय रूप से तय प्रक्रिया इस्तेमाल की जाती है। इसमें परसेंटाइल आधारित अंकों पर विद्यार्थियों की योग्यता की तुलना की जाती है।

**सीयूईटी में अलग प्रक्रिया**

एक ही विषय की परीक्षा अलग-अलग दिन हुई। अलग-अलग प्रश्नपत्र मिले।

कोई प्रश्नपत्र कठिन, तो कोई आसान हो सकता है। ऐसे में आसान प्रश्नपत्र वाले छात्रों को ज्यादा अंक, जबकि कठिन प्रश्नपत्र वालों को कम अंक मिलना स्वाभाविक है।

इससे दोनों समूह के छात्रों के परसेंटाइल की तुलना करना न्यायोचित नहीं होगा।

**यह है फॉर्मूला**

**इक्वीपरसेंटाइल प्रक्रिया का इस्तेमाल**
इक्वीपरसेंटाइल प्रक्रिया से हर छात्र के परसेंटाइल की गणना उसे मिले वास्तविक अंक के आधार पर होगी। अन्य छात्रों के वास्तविक अंकों से भी तुलना होगी। फिर इन परसेंटाइल को जोड़कर सामान्यीकृत अंक तय होंगे।

**सामान्यीकरण का फॉर्मूला भारतीय जनसांख्यिकीय संस्थान, आईआईटी दिल्ली और दिल्ली विवि के प्रोफेसरों के एक पैनल ने तैयार किया है।**

**14.9** लाख विद्यार्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**सीयूईटी-यूजी परीक्षा जुलाई में शुरू हुई। 30 अगस्त तक चली। यह नीट-यूजी के बाद सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है।**

## एजबज, रेजरपे, कैशफ्री और पेटीएम के 46.67 करोड़ रुपये किए फ्रीज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एजबज, रेजरपे, कैशफ्री और पेटीएम में बैंक खातों व वर्चुअल खातों में जमा 46.67 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए हैं। चीनी लोन एप मामले में छापों के दौरान इस राशि का पता लगा था।

**चीनी लोन एप मामले में ईडी ने की कार्रवाई**

ईडी ने दिल्ली, मुंबई, गाजियाबाद, लखनऊ व गया स्थित छह आवासीय व कारोबारी परिसरों पर छापा मारा था। जांच एजेंसी ने 'एचपीजेड' नामक एप आधारित टोकन और संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच के सिलसिले में बैंकों व पेमेंट गेटवे के दिल्ली, गुरुग्राम, मुंबई, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद, जयपुर, जोधपुर, बंगलूरू स्थित 16 परिसरों की भी तलाशी ली थी। एजेंसी की कार्रवाई अक्तूबर, 2021 में नगालैंड में कोहिमा पुलिस की साइबर अपराध शाखा द्वारा दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। एजेंसी >> क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर ज्यादा फायदे का दिया था लालच : पेज 13

## पीएम के जन्मदिन पर देश में आज फिर बसेंगे चीते

**कूनो उद्यान में छोड़ेंगे मोदी, राष्ट्र को करेंगे संबोधित**

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 72 वर्ष के हो जाएंगे। इस अवसर पर पीएम चार अहम कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। सबसे पहले, वह नामीबिया से आठ चीतों के भारत आने के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

पीएम मोदी राष्ट्र के नाम संबोधन में वन्यजीव व पर्यावरण की सुरक्षा पर अपना संदेश देंगे। साथ ही, चीते मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ेंगे। चीते विशेष विमान से ग्वालियर पहुंचे हैं। वहां से उनके नए घर कूनो ले जाया गया। मोदी शनिवार


नामीबिया में रवानगी से पहले चीते।

को ही मध्यप्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पीएम आईटीआई के छात्रों के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में करीब 40 लाख छात्र शामिल होंगे। शाम को मोदी राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति का लोकार्पण करेंगे। >> तीन सेकंड में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार : भीतर पढ़ें

## नीट में सरकारी विद्यालयों के 648 बच्चे सफल : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सरकारी स्कूलों के 648 बच्चे नीट में सफल हुए हैं। इनमें लड़कियों ने बाजी मारी है।

केजरीवाल ने त्यागराज स्टेडियम में नीट-जेईई में सफल रहे छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा, जेईई में 493 बच्चे सफल हुए हैं। जेईई में लड़के ज्यादा सफल रहे हैं। हमें खुशी है कि गरीब-अमीर के बच्चे को अच्छी शिक्षा मुहैया करा पा रहे हैं। ब्यूरो >> 1141 छात्रों को किया सम्मानित : पेज 2

## उद्योगपति स्वाति पीरामल को मिला फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**लंदन।** जानी-मानी वैज्ञानिक और उद्योगपति डॉ. स्वाति पीरामल (66) को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है। कारोबार, उद्योग, विज्ञान, दवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान व भारत-फ्रांस रिश्ते मजबूत करने के लिए उन्हें यह सम्मान मिला है। एजेंसी



# आबकारी घोटाले में देशभर के 40 ठिकानों पर ईडी के छापे

**दिल्ली-एनसीआर, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना में हुई कार्रवाई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को देशभर के 40 ठिकानों पर छापे मारे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना में शराब कारोबारियों व वितरकों पर छापे मारे गए। एजेंसी ने शुक्रवार सुबह अपनी कार्रवाई शुरू की। वाईएसआर कांग्रेस के सांसद एम श्रीनिवासुलू रेड्डी के दिल्ली स्थित आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया। रेड्डी शराब वितरण कारोबार से जुड़े हुए हैं। जांच एजेंसी ने इससे पहले 6 सितंबर को दिल्ली-एनसीआर, पंजाब समेत देशभर में 45 ठिकानों पर छापे मारे थे। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सीबीआई की एफआईआर पर आधारित है। इसमें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित 15 नौकरशाहों, डीलरों को आरोपी बनाया गया है। 17 नवंबर, 2021 को लागू इस नीति को दिल्ली की आप सरकार ने इसी साल जुलाई में वापस ले लिया था। सीबीआई ने भी 19 अगस्त को सिसोदिया और पूर्व आबकारी आयुक्त आरव गोपीकृष्ण के दिल्ली स्थित आवास तथा कई राज्यों में 19 अन्य स्थानों पर छापे मारे थे। एजेंसी


नई दिल्ली में वाईएसआर कांग्रेस के सांसद एम श्रीनिवासुलू रेड्डी के आवास पर ईडी अफसर। एजेंसी

**सत्येंद्र जैन से तिहाड़ में ईडी ने की पूछताछ**



तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन से ईडी ने शुक्रवार को शराब घोटाले में पूछताछ की। ईडी ने जैन से पूछताछ के लिए स्थानीय अदालत से अनुमति मांगी थी। >> पेज 2

**देश की प्रगति के लिए अच्छे काम करे केंद्र सरकार**

*अब तक नहीं समझ पाया कि शराब घोटाला क्या है। भाजपा के एक नेता ने 1.5 लाख करोड़, तो एक ने 8000 करोड़ रुपये का घोटाला बताया। जबकि दिल्ली का बजट ही 70 हजार करोड़ रुपये का है। केंद्र को सीबीआई-ईडी के जरिये सब को 'परेशान' करने के बजाय देश की प्रगति के लिए कुछ अच्छा काम करना चाहिए।* **-अरविंद केजरीवाल, सीएम**

# वक्फ भर्ती घोटाले में आप के विधायक अमानतुल्लाह पूछताछ के बाद गिरफ्तार

**एसीबी के छापे में 24 लाख नकद, पिस्तौल और नोट गिनने की मशीन बरामद**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) ने वक्फ भती घोटाले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान के घर समेत पांच ठिकानों पर शुक्रवार को छापा मारा। अमानतुल्लाह से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

विधायक के व्यवसाय व पैसों को संभालने वाले साथी हामिद अली खान के गफूर नगर ठिकानों से 12 लाख रुपये, अवैध पिस्तौल, कारतूस व नोट गिनने की मशीन बरामद की है। सहयोगी कौसर इमाम के ठिकानों से 12 लाख रुपये, अवैध कट्टा, कारतूस बरामद किए हैं। एसीबी ने गुरुग्राम व नोएडा स्थित ठिकानों पर भी छापा मारा। ब्यूरो >> सबूत चुराकर ले गए रिश्तेदार : पेज 2



**रिश्तेदारों ने किया जांच टीम पर हमला**

एसीबी प्रमुख मधुर वर्मा ने बताया कि जांच टीम जामिया नगर में विधायक के घर पहुंची। यहां पर विधायक के रिश्तेदार व समर्थकों ने एसीबी टीम के साथ बदसलूकी व मारपीट की। इसके बाद ये लोग विधायक के घर से कागजात, पैसे व अन्य सामान लेकर फरार हो गए।




Exclusive benefits for Teachers, Farmers, Doctors, Lawyers, Architects, Finance Professionals, Pensioners, Government Employees and Select Corporates. Select models available through GeM & CSD. T&C apply.

EASY FINANCE | Honda Auto Terrace CAR EXCHANGE | Honda ProCARE CUSTOMER SERVICE | 3 YEAR WARRANTY UNLIMITED Kilometres# | Scan now to Book or Buy Honda From Home

*Scheme on select variants/models. °Loan at the sole discretion of financier/bank partner. Offers and features are model, fuel type and variant specific. Offers are valid for a limited period or till stock lasts. Offers include loyalty, exchange and consumer benefits. For Corporate Sales enquiries, write to corporatenorth@hondacarindia.com. To exchange any existing car with a Honda car, write to autoterrace@hondacarindia.com. Images used are computer generated/enhanced for creative representation purpose and may vary from the actual product. $The 10 year Anytime Warranty is extendable up to the maximum age of 10 years/1 20 000 kilometres by renewing every year and is applicable from the date of purchase of car. #Warranty of unlimited kilometres in a 3-year period from the date of sale of new vehicle comes as part of standard purchase. ^Price mentioned is of 1.2 Litres E MT (i-VTEC), Ex-showroom. For more details, visit www.hondacarindia.com or your nearest Honda Dealership. *Terms and conditions apply.

| Region | Dealer | Location | Phone |
|---|---|---|---|
| CENTRAL DELHI | Ring Road Honda | Connaught Place | 9891946042 |
| WEST DELHI | Samara Honda | Mayapuri | 45656565, 9717556161 |
| WEST DELHI | Ring Road Honda | Peeragarhi | 8376805958, 45520000 |
| WEST DELHI | Ring Road Honda | Moti Nagar | 42597000 |
| WEST DELHI | Ring Road Honda | Dwarka | 9891452000 |
| NORTH DELHI | Courtesy Honda | Wazirpur | 9910991426, 43200000 |
| NORTH DELHI | Cherish Honda | Rohini | 8255008008 |
| SOUTH DELHI | Samara Honda | Lajpat Nagar | 46555111, 8826143300 |
| SOUTH DELHI | Courtesy Honda | Okhla | 8657589406, 40710000 |
| SOUTH DELHI | Axon Honda | Mathura Road | 40726500, 7428496151 |
| EAST DELHI | Prime Honda | Patparganj | 8657589054 |
| EAST DELHI | Prime Honda | Dilshad Garden | 8657589056 |
| GHAZIABAD | Axon Honda | Ghaziabad | 0120-2784002, 9599293870 |
| GHAZIABAD | Prime Honda | Vaishali | 8657589053 |
| GURGAON | Ring Road Honda | Gurgaon, MG Road | 0124-4688000, 9643320215 |
| GURGAON | Ring Road Honda | Gurgaon, Sector-18 | 0124-4609400, 9891474100 |
| GURGAON | Cherish Honda | Gurgaon | 7557323232, 8929600217 |
| GURGAON | Frontier Honda | Gurgaon | 8657588907, 7290023171 |
| FARIDABAD | Classic Honda | NIT 5 | 8800116661 |
| FARIDABAD | Classic Honda | Main Mathura Road | 0129-4097007, 7428390952 |
| NOIDA | Ace Honda | Noida | 0120-4000400, 9999673820/50 |
| NOIDA | Crown Honda | Noida | 0120-4700000, 8527995500 |
| SONIPAT | Malwa Honda | Sonipat | 9467800902, 9467800912 |
| PALWAL | Pace Honda | Palwal | 7056000033 |
| REWARI | Pace Honda | Rewari | 8222991310 |
| HAPUR | Platinum Honda | Hapur | 9756799912, 0122-2314201 |
| MEERUT | Platinum Honda | Meerut | 9756799902, 9897777736 |

**तापमान**

31° अधिकतम | 24° न्यूनतम

सूर्योदय 6:07 सुबह
सूर्यास्त 6:24 शाम

आज का पूर्वानुमान
आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे व बारिश की संभावना है। हवा की रफ्तार मध्यम रहेगी।

स्थानीय समयानुसार

**शहर में आज**

**मेगा हेल्थ कैंप**



**सुबह 10 बजे :** लवकुश रामलीला कमेटी की ओर से लाल किला मैदान में निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया जाएगा।

**सुबह 11 बजे :** इंडिया गेट पर दिल्ली ज्वेलरी एंड जेम फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसमें इस क्षेत्र से जुड़ीं 300 कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी।

**निशुल्क लेक्चर**

**सुबह 11 बजे :** जंगपुरा स्थित साइंटोलॉजी में रिश्तों को बेहतर करने पर निशुल्क लेक्चर का आयोजन होगा।

**शाम पौने 5 बजे :** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सीडी देशमुख ऑडिटोरियम में अपने जमाने की मशहूर अभिनेत्री जोहरा सहगल के विभिन्न इंटरव्यू के अंशों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

# शिक्षा चैरिटी नहीं, अधिकार का मामला : सीएम

## नीट और जेईई में सफल सरकारी स्कूलों के 1141 छात्रों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की शिक्षा क्रांति ने पूरे देश को एक राह दिखाई है। इस क्रांति से यह विश्वास बना है कि सरकारी स्कूल ठीक हो सकते हैं। शिक्षा चैरिटी का नहीं अधिकार का मसला है। दिल्ली की तरह पूरे देश के सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा दी जा सकती है और यह संभव है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह बात त्यागराज स्टेडियम में नीट-जेईई में सफल रहे छात्रों को सम्मानित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि जेईई और नीट में सफल होने वाले सरकारी स्कूलों के 1141 छात्रों को सम्मानित किया। इस बार नीट में 648 और जेईई में 493 सफल रहे हैं। इनमें से कई बच्चे काफी गरीब परिवारों से हैं। समारोह में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, शिक्षा सचिव समेत शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह में केजरीवाल ने कहा कि देश में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। सफल हुए बच्चों में कई गरीब परिवारों से हैं लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अब वह डॉक्टर और इंजीनियर बनने जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों को सफलता का मंत्र दिया कि भविष्य में सफल होने पर अपने परिवार और शिक्षक को मत भूलना। विदेश जाने का मौका मिले तो वापस जरूर आना।




त्यागराज स्टेडियम में संबोधित करते अरविंद केजरीवाल। अमर उजाला

### फ्री में कुछ नहीं मिलता है...

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि छात्रों को अच्छी और फ्री शिक्षा मिली है लेकिन फ्री कुछ भी नहीं मिलता है। बच्चों की शिक्षा में देश के लोगों का पैसा लगा है। देश में गरीब आदमी भी टैक्स देता है। दूध, दही, किताब, माचिस खरीदते हैं तो उस पर टैक्स लगता है।

**बच्चों ने साबित किया कि मुश्किलों के बावजूद अच्छे से पढ़ सकते हैं :** उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि पिछले 7 साल से लगातार दिल्ली के सरकारी स्कूलों को शानदार बनाने का काम किया जा रहा है। नीट और जेईई में सफल रहे बच्चों की बड़ी संख्या उसी काम का नतीजा है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने आर्थिक और भावनात्मक रूप से अपने जीवन में सबसे कठिन समय देखा है। उन्होंने साबित कर दिया है कि मुश्किलों के बावजूद वह अच्छे से पढ़ सकते हैं, कड़ी मेहनत कर सकते हैं।

**माता-पिता की मौत के बाद भी लक्ष्य नहीं भूले :** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-17 स्कूल से 12वीं की परीक्षा पास करने वाले करण तनेजा ने नीट में 402 जनरल-ईडब्ल्यूएस रैंक हासिल की है। 11वी कक्षा में उन्होंने इस स्कूल में एडमिशन लिया था। करण तनेजा मात्र 10 साल के थे, उस दौरान उनके माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। माता-पिता का सपना था कि भविष्य में करण डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करें। करण का बड़ा भाई दुकान में काम करता है और हर माह केवल 8 हजार रुपये कमाकर परिवार की जरूरतों को पूरा कर रहा है। करण को स्कूल के शिक्षकों और एचओएस और लाइब्रेरियन का काफी स्पोर्ट मिला और उन्हें लाइब्रेरी से किताबें देने में भी मदद की।

### बिना किसी कोचिंग के नीट में सफलता हासिल की

तुगलकाबाद स्थित रेलवे कॉलोनी, एसकेवी रानी झांसी से 12वीं की परीक्षा पास करने वाली अंजलि सिंह ने नीट में 598 रैंक हासिल की है। अंजलि के पिता सुरक्षा गार्ड हैं और मां गृहिणी हैं। आर्थिक तंगी के कारण अंजलि को निजी स्कूल छोड़ना पड़ा। बाद में उन्होंने सरकारी स्कूल में दाखिला लिया। अंजलि ने बिना किसी कोचिंग के नीट में सफलता हासिल की है और अपने परिवार में वह डॉक्टर की पढ़ाई करने वाली पहली लड़की है।

## केंद्र ने सीबीआई और ईडी से पूरे देश को डरा रखा है : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री केजरीवाल ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने पूरे देश को सीबीआई और ईडी से डरा रखा है। 24 घंटे सीबीआई-ईडी करने के बजाय देश के लिए कुछ पॉजिटिव काम भी करने चाहिए, तभी देश आगे बढ़ेगा। केजरीवाल का कहना है कि उनको अब तक समझ में नहीं आया कि शराब घोटाला क्या है? सीबीआई को मनीष सिसोदिया के यहां रेड में भी कुछ नहीं मिला। मुख्यमंत्री के मुताबिक, सिसोदिया ने तो यह तक कह दिया कि सीबीआई सारे स्टिंग ऑपरेशन की जांच कर ले और गड़बड़ होने पर गिरफ्तार कर लें। नहीं तो गलती पर माफी मांग लें। मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि पहले ये लोग बोले कि घोटाला 1.5 लाख करोड़ रुपये का है। दिल्ली का बजट ही 70 हजार करोड़ रुपये का है, 1.5 लाख करोड़ रुपये का घोटाला कैसे हो गया? इनके एक और नेता ने कहा कि 8 हजार करोड़ रुपये का घोटाला है। तीसरा नेता कह रहा है कि 1100 करोड़ रुपये का घोटाला है। दूसरी तरफ उपराज्यपाल ने कहा है कि 144 करोड़ रुपये का घोटाला है। वहीं, सीबीआई ने अपनी एफआईआर में लिखा है कि एक करोड़ रुपये का घोटाला है। हालांकि, छापेमारी में सीबीआई को मनीष सिसोदिया के यहां एक पैसा भी नहीं मिला। उनके लॉकर में भी कुछ नहीं मिला। सीबीआई वाले उनके गांव भी होकर आ गए। उनके गांव वालों से सीबीआई ने पूछा कि मनीष ने कोई जमीन आदि तो नहीं खरीदी है। कुछ नहीं मिला।

### एमसीडी बना रही 16 नए कूड़े के पहाड़

केजरीवाल का दावा है कि दिल्ली में एमसीडी 16 नए कूड़े के पहाड़ बनाने की योजना बना रही है। इससे दिल्लीवासियों का जीना मुश्किल हो जाएगा। दिल्ली सरकार इस तरह के प्रस्ताव का सख्त विरोध करती है। इससे 24 घंटे बदबू आएगी। केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली आज अपनी शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विश्व भर में जानी जाती है। दिल्ली सरकार दिल्ली को तिरंगों, झीलों, पार्क और गार्डेन का शहर बना रही है जबकि यह लोग (भाजपा) दिल्ली को कूड़े का शहर बना रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमने शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली-पानी समेत कई क्षेत्रों में काफी सुधार किए पर सफाई व्यवस्था खराब है। मौजूदा तीनों कूड़े के पहाड़ भलस्वा, गाजीपुर व ओखला के आसपास रहने वालों की जिंदगी खराब हो रखी है।

## सत्येंद्र जैन से तिहाड़ में तीन घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शुक्रवार को दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन से पूछताछ करने के लिए तिहाड़ जेल पहुंची। दो सदस्यीय टीम ने जैन से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल संख्या सात में बंद है।



शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे ईडी की टीम तिहाड़ जेल पहुंची। टीम को जेल नंबर सात के ऑफिस रूम में ले जाया गया। जहां पर सत्येंद्र जैन को लाया गया। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान सत्येंद्र जैन कुछ सवालों का जवाब दिया।

सत्येंद्र जैन को ईडी ने मई माह में एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद उन्हें तिहाड़ जेल में भेज दिया गया था। उसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले के संबंध में सत्येंद्र जैन का बयान दर्ज करने के लिए दिल्ली की एक अदालत से अनुमति मांगी थी। अदालत की ओर से प्रवर्तन निदेशालय को पूछताछ करने के लिए अधिकृत किया गया है। ब्यूरो

# लैंडफिल साइट पर आप व भाजपा जुबानी जंग

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सैनेटरी लैंडफिल साइट की स्थिति व 16 नए साइट बनाने की चर्चा को लेकर आम आदमी पार्टी व भाजपा में सियासी जंग तेज हो गई है। आप का आरोप है कि भाजपा ने कूड़े का पहाड़ बनाकर दिल्ली की तस्वीर खराब कर दी है। वह तीन दिन से साइट पर जाकर भाजपा को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस कड़ी में उन्होंने प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता को साइट देखने का न्योता दिया है।

आप विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन वह भाजपा की उपलब्धि उनके कूड़े के पहाड़ देखने कभी नहीं गए। वह उनको कूड़े के पहाड़ देखने का निमंत्रण देते हैं। उन्होंने कहा कि तीनों साइटों पर भाजपा की केंद्र सरकार के अधीन एमसीडी जिस रफ्तार से कूड़ा साफ कर रही है, उस रफ्तार से कूड़े का पहाड़ खत्म होने में कम से कम 200 साल लगेंगे।

दूसरी ओर आप के विधायकों और अन्य नेताओं ने शुक्रवार को भलस्वा लैंडफिल साइट पर दस्तक दी, मगर वहां तैनात पुलिस ने उन्हें लैंडफिल साइट के अंदर नहीं जाने दिया। इसके विरोध में आप नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा व एमसीडी के खिलाफ नारेबाजी की।

इस मौके पर आप विधायक दिलीप पांडेय ने कहा कि कूड़ा-कचरा और करप्शन में भाजपा नंबर वन है। वहीं, दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा छतरपुर से लेकर नरेला तक और नजफगढ़ से लेकर करावलनगर तक हर विधानसभा में 16 नए कूड़े के पहाड़ बनाने जा रही है।

### जनता को गुमराह कर रहे केजरीवाल : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा ने लैंडफिल साइट के मुद्दे पर केजरीवाल पर गुमराह करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री झूठ बोलना बंद कर दें, क्योंकि राजधानी में 16 तो क्या, एक भी नई साइट नहीं बन रही है, लेकिन मुख्यमंत्री झूठ का पहाड़ खड़ा कर रहे हैं और अपने मंत्रियों और विधायकों को रोज नया झूठ गढ़ने के लिए झूठ का विश्वविद्यालय खोल रखा है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि एक दिन पहले सिसोदिया ने शराब के दूसरे स्टिंग ऑपरेशन से ध्यान हटाने का असफल प्रयास करने के लिए राजधानी में 16 नई लैंडफिल साइट बनाए जाने का दावा किया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में 16 लैंडफिल साइट बन रही होती तो उस संबंध में एमसीडी में कोई प्रस्ताव होता या फिर साइट बनाने वाले स्थानों के नाम होते, लेकिन मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने कोई दस्तावेज पेश करना तो दूर, उसका उल्लेख तक नहीं किया।

अमर उजाला
**आपकी आवाज**
दिल्ली की खबरों, समस्याओं एवं कार्यक्रमों से जुड़ी खबर प्रकाशित करवाने के लिए 9873687563 पर व्हाट्सएप करें। इसके अलावा sshukla@del.amarujala.com पर ई-मेल करें।

# रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांगों को मुफ्त व्हीलचेयर प्रदान करें

अमर उजाला ब्यूरो

**निचली बर्थ आरक्षित करने के साथ मुफ्त सहायता देने के पहले के आदेश के संबंध में हाईकोर्ट ने रिपोर्ट तलब की**

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को रेलवे को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करे कि रेलवे स्टेशनों पर निःशुल्क मानव सहायता और दिव्यांगों को व्हीलचेयर मुहैया कराई जाए।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा व न्यायमूर्ति सुब्रामण्यम प्रसाद की पीठ ने दिव्यांगों के लिए कुछ निचली बर्थ आरक्षित करने के साथ-साथ उन्हें मुफ्त सहायता देने के पहले के आदेश के संबंध में अधिकारियों से एक नई स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी सुविधाएं कम से कम व्यस्त स्टेशनों पर प्रदान की जानी चाहिए। पीठ ने यह आदेश 2017 में उच्च न्यायालय द्वारा शुरू की गई एक जनहित याचिका पर पारित किया गया है। याचिका में कहा गया था कि एक दृष्टिबाधित व्यक्ति अपनी एम.फिल प्रवेश परीक्षा से चूक गया था क्योंकि वह एक आरक्षित डिब्बे में नहीं जा सकता था क्योंकि यह अंदर से बंद था। पीठ ने कहा निःशुल्क मानव सहायता और व्हीलचेयर अलग-अलग व्यक्तियों को प्रदान की जाती है ये सुविधाएं दिल्ली मेट्रो द्वारा भी प्रदान की जा रही हैं अदालत ने कहा कि राज्य द्वारा संचालित परिवहन कंपनी निश्चित रूप से अधिक से अधिक रेलवे स्टेशनों पर इन्हें उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रयास करना चाहिए।अदालत ने कहा यह कोई बड़ी बात नहीं है, कम से कम व्यस्त रेलवे स्टेशनों यानि कम से कम चार महानगरों और ए श्रेणी के शहरों में इसे प्रदान किया जा सकता है।

### वक्फ अधिनियम के खिलाफ याचिका पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** सामाजिक-धार्मिक संगठन जमीयत उलमा-ए-हिंद ने वक्फ संपत्तियों को विशेष दर्जा देने वाले वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर आपत्ति जताते हुए शुक्रवार को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। वहीं, याचिकाकर्ता वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कहा कि वह हस्तक्षेप याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि आवेदक निकाय एक अलगाववादी संगठन है जिसने तीन तलाक का समर्थन किया था। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ के समक्ष कहा कि वह इसी तरह के अन्य मामलों के लंबित होने के कारण अपनी याचिका को उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित करने की मांग करेंगे। फिलहाल पीठ ने उन्हें जमीयत द्वारा दायर याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और निर्देश देते हुए सुनवाई 4 नवंबर तय की है। साथ ही अदालत ने केंद्रीय वक्फ परिषद को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### पीएम केयर्स फंड की कानूनी स्थिति से संबंधित याचिकाओं पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने संविधान और सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और आपात स्थिति राहत कोष (पीएम केयर्स फंड) की कानूनी स्थिति से संबंधित याचिकाओं पर केंद्र को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने अदालत द्वारा पारित पूर्व के आदेश के संदर्भ में केंद्र को इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय देते हुए सुनवाई 31 जनवरी तय की है। अदालत ने जुलाई में केंद्र से सम्यक गंगवाल की याचिका पर विस्तृत और पूर्ण जवाब दाखिल करने के लिए कहा था, जिसमें संविधान के अनुच्छेद-12 के तहत पीएम केयर्स फंड को राजकीय घोषित करने का अनुरोध किया गया था, ताकि इसके कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। ब्यूरो




**आक्रोश** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ ने दिल्ली विश्वविद्यालय की आर्ट फैकल्टी पर छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। अमर उजाला

## बारिश से गिरा पारा, 25.9 डिग्री अधिकतम तापमान

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। मानसून की सक्रियता की वजह से शुक्रवार को दिनभर रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। इस वजह से अधिकतम तापमान सामान्य से आठ लुढ़कर 25.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

सुबह साढ़े आठ बजे तक 4.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, शाम साढ़े पांच बजे तक 8.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटे में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे व अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

विभाग ने शुक्रवार के लिए हल्की बारिश की संभावना जताई थी।। इस कड़ी में देर रात से ही रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। सुबह बार-बार काले बादल डेरा डालते रहे और दिनभर बादल बरसते रहे। इस वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सिर्फ 3.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर रह गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन कम 22.5 व अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटे में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे व कुछ जगहों पर हल्की बारिश दर्ज हो सकती है।

### मच्छरों का लार्वा मिलने पर 42 का चालान

**नई दिल्ली।** नगर निगम ने मच्छरों का लार्वा मिलने पर 42 चालान, 18 को नोटिस और 1,66,600 रुपये का जुर्माना लगाया। एमसीडी ने जिन जगहों पर ये कार्रवाई की है उनमें सरकारी कार्यालय, निर्माण स्थल, स्कूल, शैक्षणिक संस्थान, विश्वविद्यालय, मेट्रो स्टेशन और मेट्रो पार्किंग स्थल शामिल हैं। जल बोर्ड संयंत्र कार्यालय केशोपुर व नांगलोई, डीडीए उद्यान विभाग जनकपुरी, कुकरेजा अस्पताल राजौरी गार्डन, एनआईटीआरडी टीबी अस्पताल द्वारका, आकाश संस्थान द्वारका, पश्चिम विहार व सीलमपुर पुलिस स्टेशन, दिल्ली जल बोर्ड यमुना विहार, सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्रह्मपुरी, पीडब्ल्यूडी कार्यालय गोकुलपुरी, बीएसईएस कमला बाजार, मेट्रो स्टेशन पीरागढ़ी में लार्वा पाया गया। ब्यूरो

# पांच महत्वपूर्ण सुबूत चुराकर ले गए विधायक के भाई व रिश्तेदार

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी का मामला

पुरुषोत्तम वर्मा

**अमानतुल्लाह की 10 से ज्यादा बेनामी संपत्ति का पता लगा**

**एसीबी छापे के मामले में चार केस दर्ज करवा रही**

**नई दिल्ली।** आप के विधायक अमानतुल्लाह खान के भाई व रिश्तेदारों ने दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) को बड़ा झटका दिया है। विधायक का भाई व रिश्तेदार घर से पांच महत्वपूर्ण सुबूत चुराकर ले गए। ये अमानतुल्लाह के खिलाफ बहुत ही महत्वपूर्ण व पुख्ता सुबूत थे। एसीबी प्रमुख मधुर वर्मा ने सुबूतों को चुराकर ले जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि इन सुबूतों में कैश, प्रॉपर्टी के कागजात व हथियार हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि एसीबी को पुख्ता सूचना मिली थी कि विधायक व उनके जानकारों के पास छह हथियार हैं। इनमें से एसीबी दो ही बरामद कर पाई है। एसीबी विधायक के घर छापे के मामले में चार केस दर्ज करवा रही है।

मधुर वर्मा ने बताया कि विधायक, उसके व्यवसायी साझेदार हामिद अली व कौसर उर्फ लड्डन व जानकारों के यहां छापे में करीब 10 से ज्यादा बेनामी प्रॉपर्टी का पता लगा है। ये प्रॉपर्टी आवासीय व व्यवसायिक हैं। विधायक ने अपनी सालाना आय चार करोड़ रुपये बताई है, जबकि इतनी प्रॉपर्टी कहां से आ गई। इनमें से ज्यादातर प्रॉपर्टी जामिया नगर व ओखला में है। गुरुग्राम में एक कंपनी की आवासीय प्रॉपर्टी का पता लगा है। हामिद अली व कौसर उसके बहुत पुराने व्यवसायी साझेदार हैं। छापे के समय कौसर दिल्ली से बाहर गया हुआ था। हामिद अली छापे के समय फरार हो गया था।

एसीबी प्रमुख ने बताया कि विधायक के परिजन व जानकारों के खिलाफ चार आपराधिक मामले दक्षिण-पूर्वी जिले के जामिया नगर थाने में दर्ज किए जा रहे हैं। एक मामला तो भाई व रिश्तेदारों द्वारा सुबूत चुराने का दर्ज किया जा रहा है। दूसरा मामला एसीबी टीम पर हमला करने का दर्ज किया जाएगा। दो मामले अवैध हथियार बरामद करने के किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एसीबी के पास पुख्ता सुबूत हैं। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण गवाह हैं। साथ ही विधायक के व्यावसायिक साझेदारों व जानकारों के ठिकानों पर छापे के दौरान महत्वपूर्ण सुबूत मिले हैं। आपत्तिजनक सामग्री व सुबूत बरामद होने के बाद आप विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया गया है।

### वक्फ बोर्ड का ऑफिस बनवाया

अमानतुल्लाह खान ने बृहस्पतिवार को ट्विटर पर नोटिस की कॉपी शेयर कर लिखा था कि वक्फ बोर्ड का नया ऑफिस बनवाया है। एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले एसीबी ने विधायक पर जांच को बाधित करने का आरोप लगाया था।

**दो वर्ष पुराने भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ के लिए बुलाया :** एसीबी ने दो साल पुराने भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को विधायक को नोटिस जारी किया था। ओखला से विधायक को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2020 में दर्ज एक मामले में शुक्रवार दोपहर 12 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने वक्फ बोर्ड का चेयरमैन रहते हुए 32 लोगों की गैरकानूनी रूप से भर्ती की थी। इसके अलावा वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी को गैर-कानूनी तरीके से किराए पर दिया। ये भी आरोप है कि बोर्ड के खाते से हेराफेरी कर पैसे निकाले। एबीसी के अधिकारियों के अनुसार, एसीबी के पास विधायक के खिलाफ गवाह व सुबूत हैं। एसीबी ने पहले गवाहों से पूछताछ की थी।

## अमानतुल्लाह पर भाजपा के आरोप सच साबित : गुप्ता

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने दावा किया है कि आप विधायक अमानतुल्लाह खान पर उसकी ओर से लगाए गए आरोपों की एसीबी के छापे में पुष्टि हो गई है। दरअसल छापे में लाखों रुपये और गैर-लाइसेंसी हथियार बरामद हुए हैं। भाजपा शुरू से ही कहती रही है कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल सिर्फ चोर और गुंडों को संरक्षण दे रहे हैं।

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में सत्ता संभालने के बाद अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को 'दंगों की राजधानी' बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और उसके सबसे बड़े गुनाहगार अमानतुल्लाह खान और ताहिर हुसैन हैं। उन्होंने अमानतुल्लाह खान को पार्टी से बर्खास्त करने की मांग की, क्योंकि उन पर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों में हेराफेरी सहित वाहनों की खरीद, संपत्तियों में किरायेदारी, अवैध नियुक्तियां सहित भ्रष्टाचार का आरोप है। ब्यूरो

**असर** | **पुतला बनाने में लगने वाली हर सामग्री की कीमत में डेढ़ से दो गुना तक की बढ़ोतरी, पहले जैसे ऑर्डर नहीं मिल रहे**

# बाणों से पहले रावण पर महंगाई की चौतरफा बमबारी

दीपक सिंह नेगी

**नई दिल्ली।** बांस काटकर उससे रावण के पुतले को आकार देता सन्नी पुतले की मजबूती को परखने के बाद अरारोट से बांस पेपर लगाते हुए बताते हैं कि कोरोना के बाद इस बार राम जी से पहले महंगाई ने रावण पर हमला कर दिया है।

इस बार हर सामान महंगा हुआ है, नतीजा पुतले की कीमत पर भी असर पड़ा है, तभी पहले जैसे ऑर्डर नहीं मिल रहे जबकि एक महीने से पुतले बना रहे हैं...। कहानी सिर्फ सन्नी की नहीं, पुतला बनाने वाले सभी कारीगरों की दिखी, जो तितारपुर में रावण का पुतला बना रहे हैं।



रावण के पुतलों के लिए मशहूर तितारपुर में दो साल बाद फिर हलचल है। दशहरे के लिए यहां बीते एक माह से रावण के पांच से पचास फीट तक के पुतले बन रहे हैं। कारीगरों में दशहरे को लेकर उत्साह है लेकिन उम्मीदन मांग न आने से उनमें मायूसी भी है। कारीगर अजय बताते हैं कि इस बार पुतले के निर्माण में लगने वाले बांस, वाटर प्रूफ खाकी पेपर, कलर पेपर, अरारोट और तार आदि की कीमत 2019 के मुकाबले दोगुनी से अधिक बढ़ गई है। इससे पुतले की कीमत में भी डेढ़ से दोगुना वृद्धि हुई है। कारीगर पवन बताते हैं कि इसी पुश्तैनी काम के सहारे उनका परिवार चलता है लेकिन दो साल काम नहीं होने के कारण हालात सही नहीं हैं। हर साल करीब 50 पुतले बनाते हैं लेकिन अभी तक सिर्फ 12 पुतलों की ही बुकिंग हुई है।

**पंजाब, यूपी और एमपी से भी आए ऑर्डर :** तितारपुर की पुतला मंडी से दिल्ली के प्रमुख स्थलों पर रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जाते हैं। इस बार यहां बंगलूरू, पंजाब, मध्यप्रदेश सहित यूपी के कई हिस्सों से पुतलों के ऑर्डर आए हैं।

### पांच से सात दिन में बनता है एक पुतला

कारीगर पवन बताते हैं कि एक पुतला बनाने में पांच से सात दिन का समय लग जाता है। बड़े पुतलों के मुकाबले छोटे पुतलों में ज्यादा बारीकी से काम करना पड़ता है। अमूमन उनके यहां 30 फीट के पुतले ज्यादा बनते हैं। इसे बनाने में 40 बांस, 25 किलो खाकी कागज, 30 किलो रंगीन कागज, 10 किलो अरारोट और तीन किलो तार लग जाता है। मजदूरी और अन्य खर्च जोड़ दें तो एक पुतले को बनाने में 25 हजार से अधिक का खर्च आता है।

# बारिश से दो मंजिला इमारत की छत गिरी दबकर दो की मौत

## जौहरीपुर एक्सटेंशन में हादसा; 8 घायल, 3 नाजुक



गोकुलपुरी के जौहरीपुर इलाके में गिरी इमारत। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले के जौहरीपुर एक्सटेंशन में शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश के बीच एक दो मंजिला इमारत की छत गिर गई। मलबे में दबकर दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। घायलों में 3 की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों की शिनाख्त लोनी निवासी हर्षित और मुकेश के रूप में हुई है। गोकुलपुरी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छत गिरते ही इलाके में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने दो लोगों को तुरंत मलबे से बाहर निकाल लिया और घटना की जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने मलबे से दो महिलाओं समेत छह और लोगों को बाहर निकालकर जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम करीब आठ बजे मलबे में दो लोगों को निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दो मंजिला इमारत में कारखाना चल रहा था। इसमें नक्शा बनाने का काम होता था। कारखाने को दो सगे भाई गंगा विहार निवासी संजय शर्मा और मनोज शर्मा चला रहे हैं। इन दोनों के अलावा यहां पर जौहरीपुर निवासी सीमा, गंगा विहार निवासी वर्षा, गंगा विहार निवासी आनंद ठाकुर, सोनिया विहार निवासी चंद्रपाल, लोनी निवासी सूरज और किशनपाल काम कर रहे थे। इन सभी को मलबे से निकाल लिया गया है। निगम की टीम मलबा हटाने में जुटी है।

### अधिक भार की वजह से हादसे की आशंका

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शुक्रवार सुबह 12:02 बजे जौहरीपुर एक्सटेंशन में इमारत मिलने की जानकारी मिली। सूचना के बाद चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और मलबे में दबे छह लोगों को बाहर निकाला। इससे पहले स्थानीय लोग दो लोगों को निकाल चुके थे। छानबीन में पता चला कि यहां 40-40 गज के दो इमारत हैं। जिस इमारत में काम हो रहा था, वह दो मंजिल का था, जबकि दूसरी इमारत पहली मंजिल तक है। पहली मंजिल वाली इमारत में मरम्मत का काम चल रहा था। दोनों इमारत 20 साल पुराना है। जिस इमारत में हादसा हुआ है, उसकी पहली मंजिल पर काफी मात्रा में सामान रखा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि अधिक भार की वजह से हादसा हुआ है।

## सीबीएसई हेडक्वार्टर के निर्माणाधीन इमारत का मचान गिरा, पांच लोग घायल

द्वारका सेक्टर-23 थाना इलाके में शुक्रवार दोपहर में सीबीएसई हेडक्वार्टर के निर्माणाधीन इमारत में मचान गिरने से पांच मजदूर घायल हो गए। सभी को के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी खतरे से बाहर हैं। मजदूरों ने काम करने के लिए मचान बनाया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों की पहचान सोमेश, मंगलू, नारंग, बुद्धिलाल व देवाशीष सिंह के रूप में हुई है। शुक्रवार दोपहर 2.41 बजे दक्षिण-पश्चिमी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण टीम से घटना की जानकारी मिली थी जिसके बाद डीडीएमए की टीम, पुलिस दो दमकल की गाड़ी, अग्निशमन दस्ता, चार कैट्स एंबुलेंस की टीम पहुंच गई।

## कारोबार में घाटा होने पर रिश्तेदार से मांगी एक करोड़ रुपये की रंगदारी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लॉकडाउन में कारोबार में हुए नुकसान की भरपाई के लिए एक जिम कारोबारी ने गैंगस्टर नीरज बवानिया का साथी बनकर दूर के रिश्तेदार से एक करोड़ की रंगदारी मांगी। बाहरी जिला पुलिस ने आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने धमकी देने के लिए जिन दो मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था उसे हरियाणा के दो अलग अलग जगहों से झपटा था। पुलिस आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन और एक कार बरामद की है।

मियांवाली में जूते का कारोबार करने वाले सचिन ने 24 अगस्त को पश्चिम विहार ईस्ट थाने में एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगे जाने की शिकायत की। जिसमें उसने बताया कि दो तीन दिन से विदेशी नंबर से उसके पास कॉल आ रहे हैं और फोन करने वाले ने खुद को गैंगस्टर नीरज बवानिया का साथी बताकर उससे एक करोड़ की रंगदारी मांगी है।

मामले की जांच के दौरान जिले के वाहन चोरी निरोधक शाखा के निरीक्षक जे पी मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पाया कि पीड़ित को एक विदेशी और दो भारतीय नंबरों से कॉल किए गए हैं। पुलिस को भारतीय नंबरों की जांच में पता चला कि दोनों फोन हरियाणा के धारूहेड़ा में दो जगहों से कारों का इस्तेमाल कर छीने गए हैं। एक टीम धमकी देने में इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय नंबरों की जांच कर रही थी। जांच में पता चला कि फोन कलानौर रोहतक के रहने वाले पंकज के फोन से किया गया है। 12 सितंबर को पुलिस ने दबिश देकर पंकज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके घर से फोन झपटने में इस्तेमाल नेक्सॉन कार मिल गई।

### जिम संचालक और साथी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पूछताछ में पंकज ने अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह कलानौर हरियाणा में जिम चलाता है। लॉकडाउन के कारण उसे भारी नुकसान हुआ। उस पर 90 लाख का कर्ज था। घाटे को पूरा करने के लिए उसने साथी शशि और संजू के साथ मिलकर गैंगस्टर नीरज बवानिया के नाम पर लोगों से रंगदारी वसूलने की साजिश रची।


# 10 वर्ष पुराना लकवा रोगी अपंग होने से बचा



मैं रणजीत सिंह, गांव गोपलपुर , नजदीक ब्यास गांव, जिला जालन्धर –144302 से हूँ। लकवा का बहुत इलाज करवाने के बाद 10 वर्ष पहले ब्रेन अटैक होने से मेरी टांग, बाज, हाथ और जुबान ने काम करना बन्द कर दिया था पर डा. दस्सन को youtube पर सुन कर जब इलाज शुरु करवाया तो मात्र 3 महीने के इलाज से ही मुझे 90% तक सुधार आ गया और अब मैं ठीक हूँ। मेरे जैसे ठीक हो रहे अनेकों रोगियों का पते सहित सबसे अधिक डाटा **www.drdassansayurveda.com** और **drdassans ayurveda channel (Youtube)** पर उपलब्ध है। रोग के कारण और रोग अनुसार परिणाम भिन्न हो सकते है इसीलिए समय रहते **07355793557** पर कॉल या **whatsapp** करें।

Dr. Dassan's

advt.


## साइबर ठग ने हवलदार के खाते से पौने दो लाख निकाले

**नई दिल्ली।** द्वारका में दिल्ली पुलिस के एक हवलदार से ठगी का मामला सामने आया है। बैंक कर्मी बनकर जालसाज ने क्रेडिट कार्ड पर प्वाइंट मिलने का झांसा दिया और फिर एक लिंक भेजकर पीड़ित के कार्ड से पौने दो लाख रुपये निकाल लिए। साइबर सेल ने मामला दर्ज कर लिया।

मुकेश कुमार मोहन गार्डन में रहते हैं। वह दिल्ली पुलिस में बतौर हवलदार कार्यरत हैं। मुकेश ने बताया कि 29 अगस्त की शाम एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया। उसने क्रेडिट कार्ड पर क्लब विस्तारा से प्वाइंट मिलने और उसे भुनाने की बात कही। उसके बाद एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करने पर उसमें एक ईमेल आईडी बनाने के लिए कहा गया था, जिसे बनाते ही उसके कार्ड से 50 हजार रुपये निकल गए। पीड़ित जब तक कुछ समझ पाते, आरोपी ने उनके कार्ड से 65-65 हजार निकाल लिए। ब्यूरो

## मालिक के 24 लाख रुपये हड़पने के लिए लूटपाट की झूठी कहानी रची, दो गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सराय रोहिल्ला में एक घरेलू सहायक ने मालिक के 24 लाख रुपये हड़पने के लिए लूटपाट की झूठी कहानी रची, लेकिन सीसीटीवी कैमरे की जांच में सच सामने आ गया। पुलिस ने घरेलू सहायक पूरन सिंह और उसके साले संदीप को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने इनके कब्जे से 24 लाख रुपये, अपराध में इस्तेमाल दो मोबाइल फोन, कार और स्कूटी बरामद कर ली है। दोनों आरोपी अशोक विहार के रहने वाले हैं।

### सीसीटीवी कैमरे की जांच में सच सामने आ गया

14 सितंबर की सुबह सराय रोहिल्ला में रहने वाले सुमित लूथरा, अनिल कंपानी और पूरन सिंह सराय रोहिल्ला थाने पहुंचे। इन लोगों ने बताया कि बदमाशों ने पूरन सिंह से 24 लाख रुपये लूट लिए हैं। पूरन सिंह ने बताया कि रुपये कटक से आए मुकेश जैन ने दिए थे, जिसे उसे मालिक को देने थे।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की पार्किंग में पैसे लेने के बाद वह कार से अशोक विहार स्थित मालिक के घर जा रहा था। सराय रोहिल्ला फ्लाईओवर पर कार और बाइक सवार चार लोगों ने लूटपाट की। घटना के बाद उसने ऑटो ड्राइवर के मोबाइल से अपने मालिक को जानकारी दी।

## छात्राओं की पिटाई का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** जाफराबाद इलाके में छात्राओं का आपस में मारपीट का मामला सामने आया है। किसी शख्स ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो में छात्राएं स्कूल के गेट के बाहर बने पुलिस बूथ के सामने एक दूसरे को लात घूंसे मारती हुई नजर आ रही हैं। वहीं, झगड़े में एक छात्रा की आंखों में मिर्च पाउडर झोंकते हुए दिखाई दे रही है। झगड़े में घायल छात्रा को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। हालांकि, मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। ब्यूरो










## न्यूज डायरी

### अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को होमी लैब द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अंतरिक्ष से तस्वीरें गैलरी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह गैलरी न केवल विज्ञान बल्कि भूगोल, कला और सभी पर्यावरण के अध्ययन के लिए असाधारण संसाधन के रूप में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मांट्रियल प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन की वर्षगांठ भी है, जिसे ओजोन परत की रक्षा के लिए ओजोन के लिए जिम्मेदार कई पदार्थों के उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए डिजाइन किया गया था। ब्यूरो

### ओएनओआरसी स्कीम का राशन कोटा बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने शुक्रवार को राशन लाभार्थियों के मुफ्त राशन वितरण की शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। इसमें दिल्ली के राशन डीलर्स एसोसिएशन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन से एक देश एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) स्कीम के तहत राशन कोटा बढ़ाने की मांग की है। सदस्यों ने मंत्री को बताया कि कुछ राशन दुकानों में राशन लाभार्थियों को वितरण के लिए एफसीआई द्वारा आपूर्ति किए गए अनाज की गुणवत्ता ठीक नहीं है। मौके पर खाद्य, आपूर्ति विशेष आयुक्त, दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम जनरल मैनेजर, खाद्य व आपूर्ति विभाग और डीएससीएससी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इमरान हुसैन ने कहा कि डीएससीएससी विभाग राशन के समान वितरण के लिए ट्रांसपोर्टर्स के साथ नियमित विभागीय बैठक करें। ब्यूरो

### 50 हजार रुपये का इनामी जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मूलरूप से नेपाल का रहने वाला युवक भारत में जालसाजी कर दिल्ली से दुबई फरार हो गया। वह नेपाल होकर दुबई फरार हुआ था। दिल्ली पुलिस ने उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आरोपी को उस समय दबोच लिया जब दुबई से दिल्ली पहुंचा। आरोपी जालसाजी के मामले में पांच वर्षों से फरार था। अपराध शाखा के पुलिस अधिकारियों के अनुसार फेसबुक के जरिए ऑनलाइन ठगी की शिकायत 30 दिसंबर, 16 को दर्ज हुई थी। आरोपी दीपक कुमार ने खुद को कस्टम अधिकारी व आरबीआई का अधिकारी बताकर शिकायतकर्ता से चार लाख रुपये ठग लिए थे। अपराध शाखा की साइबर सेल मामले की जांच कर रही थी। ब्यूरो

# 117 वर्ष पुरानी पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

## गुरुग्राम में हुई 30 करोड़ की चोरी के मामले में वांछित था

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने विकास लगरपुरिया-नीरज बवानिया गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अमेरिका में निर्मित 117 वर्ष पुरानी पिस्टल व चार कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी ने ये पिस्टल मेरठ में एक बदमाश से ली थी और करीब 35 वर्ष से ये पिस्टल बदमाशों के बीच थी। ये पिस्टल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान प्रसिद्ध थी। गिरफ्तार बदमाश गुरप्रीत सैनी गुरुग्राम के पॉश इलाके में हुई 30 करोड़ की चोरी के मामले में वांछित था। गुरप्रीत सैनी बाहरी जिले का घोषित बदमाश है।



अपराध शाखा डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार, एसीपी नरेश यादव की देखरेख में इंस्पेक्टर अरविंद व अनिल की टीम गुरप्रीत सैनी की तलाश कर रही थी। टीम ने काफी दिन की जांच के बाद आरोपी गुरप्रीत सैनी को पीतमपुरा से गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से फॉरच्यूनर गाड़ी बरामद की गई है। साथ ही इससे 117 वर्ष पुरानी पिस्टल बरामद हुई, जिसे अमेरिका की कोल्ट कंपनी ने बनाया था। वर्ष 1905 में ये कंपनी बंद हो गई। बाद में अमेरिका में बैरेटा कंपनी ने पिस्टल बनाना शुरू कर दिया था। विकास लगरपुरिया गिरोह ने गुरुग्राम में 30 करोड़ की चोरी की थी। इस मामले में गुरप्रीत सैनी की तलाश थी। विकास लगरपुरिया ने चोरी की रकम को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में तैनात एएसआई विकास के जरिये गुरप्रीत को भिजवा दिया था।

गुरप्रीत शुरुआत में विकास लगरपुरिया गिरोह के लिए फाइनेंस करता था। इससे पहले वह नीरज बवानिया गिरोह से जुड़ा हुआ था। ये बवानिया गिरोह के बदमाशों के साथ मकोका मामले में गिरफ्तार हुआ था। ये तिलक नगर में जमीन पर कब्जे, वित्तीय अपराध व सट्टे कारोबार को अंजाम देता था। ये अपने भाई तरनप्रीत के साथ आपराधिक वारदात करता था। जब गुरुग्राम की चोरी में इसका नाम सामने आया तो अपने छिपने के ठिकाने ढूंढने लगा। ऐसे में इसे पैसे की जरूरत थी।

### नीरज बवानिया गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बवाना थाना पुलिस ने नीरज बवानिया गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। नीरज बवानिया बुलेट प्रूफ गाड़ी के जरिये विरोधी गैंग के बदमाशों पर हमला करने की साजिश रच रहा था। पुलिस को पकड़े गए बदमाश के पास से दो गाड़ियां (एक बुलेट प्रूफ), 4 पिस्टल, 79 कारतूस, 2 मैगजीन, 5 बैरल सफाई रॉड और कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। दिल्ली पुलिस सभी जिलों में संगठित गिरोह की गतिविधियों पर नजर रख रही है। इसी क्रम में 12 सितंबर को बवाना थाना पुलिस को विजय नगर कॉलोनी के बी ब्लॉक में गैंगस्टर नीरज बवानिया गिरोह के कुछ बदमाशों के हथियारों के साथ होने की जानकारी मिली। निरीक्षक ओमबीर डबास के नेतृत्व में एक मकान पर छापा मारा। घर के अंदर मौजूद एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पिस्टल और कारतूस बरामद किए। गिरफ्तार बदमाश की पहचान यूपी के शामली निवासी सचिन के रूप में हुई। ब्यूरो

### आप के राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन में 20 राज्यों के 1500 से अधिक प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन में 20 राज्यों के करीब 1500 से अधिक जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। राजधानी में रविवार को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन की अध्यक्षता आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल करेंगे। आप के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का यह पहला राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन है। ब्यूरो

# सड़क हादसों में 3.6 फीसदी अधिक मौतें

## अब सड़क दुर्घटनाओं को क्रैश बताएगी दिल्ली पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को दिल्ली पुलिस अब क्रैश बताएगी। सड़कों पर वर्ष 2021 में दिल्ली के अलग अलग हिस्सों में कुल 4720 क्रैश की घटनाएं हुईं। इनमें 1239 लोगों की जान चली गई। 2020 की तुलना में सड़क हादसों में होने वाली मौत की प्रतिशतता में 3.6 फीसदी, जबकि घटनाओं में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। सड़कों पर हुए क्रैश में अलग-अलग वाहनों की चपेट में आने से सर्वाधिक (40.7) फीसदी मौतें पैदल चलने वालों की हुई। इसके बाद दोपहिया वाहन चालकों की क्रैश में मौतें हुईं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी दिल्ली क्रैश रिपोर्ट-2021 में सड़कों पर हुए क्रैश और इसके परिणाम का ब्योरा जारी किया है।

पूरे साल के दौरान सर्वाधिक मौत (रोड क्रैश) पश्चिमी दिल्ली में हुई। 2021 में पश्चिमी दिल्ली में कुल 648 सड़क हादसे हुए। इसके बाद उत्तर पश्चिम (580), दक्षिण पूर्व (533) जबकि बाहरी जिलों में (488) क्रैश हुए हैं। इस दौरान नई दिल्ली में न्यूनतम 136 जबकि मध्य दिल्ली में 200 घटनाएं हुई हैं। उत्तरी दिल्ली में 407, दक्षिण दिल्ली में 394 जबकि पूर्वी दिल्ली में 387 क्रैश की घटनाएं हुईं।

**10 बेहद खतरनाक सड़कों पर 2021 में हुई मौत का आंकड़ा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आउटर रिंग रोड | 95 | एनएच-8 | 26 |
| रिंग रोड | 85 | वजीराबाद रोड | 21 |
| रोहतक रोड | 46 | जीटी रोड | 21 |
| जीटी करनाल रोड | 44 | बवाना रोड | 21 |
| नजफगढ़ रोड | 28 | एनएच-24 | 15 |

### बुराड़ी में सबसे अधिक लोगों की गई जान, साइकिल चालकों के लिए तीन सर्किल

- क्रैश में सर्वाधिक 80 मौतें बुराड़ी में हुईं। इस दौरान नजफगढ़ में 58, बवाना में 52, मंगोलपुरी और नांगलोई में 49-49 लोगों की जान गईं।
- बुराड़ी, मंगोलपुरी, नजफगढ़, द्वारका और कल्याणपुरी सर्किल में दोपहिया वाहन चालक हुए ज्यादा शिकार।
- साइकिल से चलने वालों के लिए नांगलोई, कापसहेड़ा और महरौली सर्किल बेहद खतरनाक रहे। 2021 में तीनों सर्किल में सर्वाधिक साइकिल सवार की मौतें हुईं।
- ट्रक के कारण बुराड़ी में सर्वाधिक मौतें हुई जबकि नांगलोई, नजफगढ़, दिल्ली कैंट और मंगोलपुरी सर्किल में भी इस दौरान अधिक मौतें हुईं।
- बसों से हुई टक्कर में सर्वाधिक मौत नजफगढ़, कल्याणपुरी, सीमापुरी, मंगोलपुरी, तिलक नगर और राजौरी गार्डन सर्किल में हुआ।
- कारों से इस दौरान सर्वाधिक मौत नजफगढ़ में हुई। बवाना, द्वारका, दिल्ली कैंट और महरौली सर्किल में भी इस दौरान अधिक मौतें हुईं।

### रोकी जाने वाली घटनाएं क्रैश हैं, दुर्घटना नहीं

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन सड़क पर होने वाली मौत की पहचान रोकथाम के लायक स्वास्थ्य महामारी के तौर पर देखता है। सड़क पर होने वाली घटनाओं को लोग कैसे देखते हैं और बचाव के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, ऐसी घटनाओं के लिए बेहद अहम हैं। ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी दुर्घटना शब्द को संयोग से होने वाली घटना के तौर पर परिभाषित करती है। बगैर किसी स्पष्ट कारण या जानबूझकर के उठाए गए कदम को दुर्भाग्य से होने वाली घटना नहीं कहा जा सकता।

सड़क पर वाहनों की वजह से होने वाली घटनाओं में चोट लगाने या मौत को रोकने के लिए कदम उठाए जा सकते हैं। यह संयोग नहीं है, उन्हें पहचाना और रोका जा सकता है। ऐसी घटनाओं को दुर्घटना कहने से आम जन का समर्थन कमजोर पड़ सकता है। सड़कों पर होने वाले क्रैश को रोका जा सकता है। मसलन, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों को बचाने के लिए चेक पॉइंट, स्पीड कैमरा, कम स्पीड, हेलमेट पहनने जैसे उपायों से बचाव संभव है।

राल्फ एट अल के एक अध्ययन में लेखकों ने संकेत दिए हैं कि एक कार दुर्घटना को एक्सिडेंट कहा जाना एक और चूक है। चूंकि ऐसी घटनाओं के लिए कई बार खुद चालक जिम्मेवार होता है। संयोगवश नहीं है, क्योंकि कारणों पर रोक लगातार स्वास्थ्य को नुकसान से बचाया जा सकता है। क्रैश के दौरान सभी कारणों और घटना के दौरान सभी पहलुओं पर गौर किया जाना चाहिए।









**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India**

**प्रतिबलित परिसंपति प्रबंधन शाखा**
एम-93, कन्नॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001
टेली. न.+91-11-23418721/24/28/29
ई-मेल ubin0906069@unionbankofindia.bank

**परिशिष्ट IV [ नियम 8(1) ]** कब्जा सूचना (अचल संपति हेतु)**

चूंकि प्रतिभूति ब्याज अधिनियम, 2002 (न. 54, 2002) की वित्तीय परिसंपतियों के प्रतिभूतिकरण व पुनःनिर्माण और प्रर्वतन के तहत और प्रतिभूति ब्याज प्रर्वतन नियमों 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए कन्सोर्टियम से **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** इसकी प्रतिबलित परिसंपति प्रबंधन शाखा, स्थित प्रथम तल, एम-93, कन्नॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001 तथा अन्य सदस्य बैंकों के कन्सोर्टियम के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने ऋणकर्ता **मै. आरसीआई इंडस्ट्रीज एंड टैक्नोलॉजिज लिमिटेड** और रेहनकर्ता/गारंटरों 1. **श्री राजीव गुप्ता (प्रबंध निदेशक व गारंटर)** (पुत्र रमेश चंद गुप्ता, नि. बी 2/9, मॉडल टॉऊन-2, दिल्ली-110009), 2. **श्रीमती ममता गुप्ता (निदेशक व गारंटर)** पत्नी राजीव गुप्ता, नि. बी 2/9, मॉडल टॉऊन-2, दिल्ली-110009, 3. **मै. ऐस् (Ace) मैट्रिक्स सोल्यूशन्स लि. (कॉरपोरेट गारंटर)** बी-97, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली-52 व 4. **मै. मेटलरॉड प्राईवेट लिमिटेड (कॉरपोरेट गारंटर)** बी-97, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली-110052 को इसके निदेशकों के जरिये निम्नानुसार माँग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर निम्न उल्लेखित राशि को वापिस लौटाने के लिए कहा गया था।

| बैंक का नाम | सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि | 13(2)सूचना में निर्दिष्ट राशि (राशि रु. में) | एनपीए की तिथि | लायबिल्टी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 31.12.2019 | 59,35,74,928.08 | 31.10.2019 | 30.11.2019 |
| भारतीय स्टेट बैंक | 18.02.2020 | 24,45,35,203.96 | 28.08.2019 | 18.02.2020 |
| जे एंड के बैंक | 22.01.2020 | 10,79,83,528.37 | 31.12.2019 | 31.12.2019 |
| साऊथ इंडियन बैंक | 18.02.2020 | 15,01,36,060.20 | 15.11.2019 | 15.03.2020 |
| इंडियन बैंक | 02.03.2020 | 19,59,98,154.00 | 29.02.2020 | 03.03.2020 |
| पंजाब नैशनल बैंक | 19.12.2019 | 25,91,84,653.04 | 13.11.2019 | 19.12.2019 |
| करूर वैश्य बैंक | 24.03.2021 | 15,36,57,571.46 | 30.03.2020 | 28.02.2021 |
| कॉर्पोरेशन बैंक | 05.10.2019 | 8,25,94,381.82 | 30.09.2019 | 04.10.2019 |
| | | 1,78,76,64,680.93 | | |

**(एक सौ अठहत्तर करोड़ छियत्तर लाख चौंसठ हजार छः सौ अस्सी रुपये और तिरयानवें पैसे मात्र)**

ऋणकर्ता/ रेहनकर्ता व गारंटर इस राशि को वापिस लौटाने में असफल रहे हैं, अतः संबंधित ऋणकर्ता/गारंटर और सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि ऊपरोक्त कन्सोर्टियम बैंकों की ओर से अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां निम्न उल्लेखित संपति पर **14 सितम्बर, 2022 को कब्जा** ले लिया है।

विशेषतः ऋणकर्ता/ रेहनकर्ता व गारंटर और सर्व साधारण को इस संपति के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है और इस संपति के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन निर्दिष्ट राशि **1,78,76,64,480.93/- (एक सौ अठहत्तर करोड़ छियत्तर लाख चौंसठ हजार चार सौ अस्सी रुपये और तिरयानवें पैसे मात्र)** व उसपर ब्याज हेतु **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** तथा अन्य बैंकों के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणकर्ता व गारंटर का ध्यान प्रत्याभूतित परिसंपतियों को वापिस प्राप्त करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में इस एक्ट की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर भी आकृष्ट किया जाता है।

**अचल संपत्ति का ब्यौरा**

**1. मै. आरसीआई इंडस्ट्रीज एण्ड टैक्नोलॉजिज लि. की ईकाई मै. आरसीआई स्ट्रिप्स के नाम पर 9828 वर्ग मी. माप की प्लॉट नं. 84, एचपीएसआईडीसी, बद्दी, हि.प्र.-173205 में औद्योगिक भूमि व भवन की संपत्ति की सभी जरूरी चीजें।**
**सीमाएं निम्नानुसार:-** उत्तर में: अन्य भूमि; दक्षिण: रोड/एण्ट्री; पूर्व: प्लॉट नं. 83; पश्चिम: प्लॉट नं. 85

**2. मै. आरसीआई इंडस्ट्रीज एण्ड टैक्नोलॉजिज लि. के नाम पर 7749 वर्ग मी. माप की प्लॉट नं. 85, एचपीएसआईडीसी, बद्दी, हि.प्र.-173205 में औद्योगिक भूमि व भवन की संपत्ति की सभी जरूरी चीजें।**
**सीमाएं निम्नानुसार:-** उत्तर में: अन्य भूमि; दक्षिण: रोड/एण्ट्री; पूर्व: प्लॉट नं. 84; पश्चिम: अन्य संपत्ति

पारी पास्सु (Pari Passu) आधार पर वर्तमान व भावी भूमि व भवन, प्लांट व मशीनरी सहित सभी स्थित परिसंपत्तियां तथा फर्स्ट पारी पास्सू आधार पर स्टॉक व बुक डेट्स सहित कंपनी की सभी वर्तमान व भावी करंट परिसंपत्ति के साथ।

दिनांक : 14.09.2022, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

# बिना हिचक डॉक्टर को बतानी चाहिए बीमारी

अमर उजाला ब्यूरो



**विश्व रोगी सुरक्षा दिवस पर विशेष**

**दिल्ली में हर दिन एक लाख से ज्यादा मरीज पहुंचे हैं अस्पताल**

**नई दिल्ली।** चिकित्सा त्रुटि के कारण मरीजों का न केवल उपचार प्रभावित होता है, बल्कि कई बार मरीज अपनी जान भी गवां देते हैं। इनके लिए मरीज के साथ कई बार स्वास्थ्य कर्मी भी दोषी होते हैं। शनिवार को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2022 हैं। इस बार थीम के रूप में दवा सुरक्षा को चुना गया है। इसके उपलक्ष्य में दिल्ली के सभी बड़े अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यहां केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, निगम सहित निजी अस्पतालों में प्रति दिन एक लाख से अधिक मरीज उपचार करवाने पहुंचते हैं। इनमें से काफी लोग चिकित्सा त्रुटि का शिकार भी हो जाते हैं। डॉक्टरों की माने तो कई बार तकनीकी गलती के कारण मरीजों को ओवर डोज, गलत दवाई या अन्य परेशानी का शिकार होना पड़ता है। इसके अलावा कई बार मरीजों द्वारा दी गई गलत या अधूरी जानकारी के कारण भी नुकसान का कारण बनती है, इन सभी को रोका जा सकता है।

- डॉक्टर को सलाह न दें, उनकी बताई दवा ही लें - दवा की मात्रा अपनी इच्छा से न बढ़ाए
- प्रमाणित डॉक्टर की दवा का करें इस्तेमाल
- दवां लेते समय उनकी गुणवत्ता की रखें ध्यान

### लोगों को करना होगा जागरूक

सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीएल शेरवाल ने कहा कि चिकित्सा में त्रुटि को लोगों में जागरूकता से रोका जा सकता है। अस्पताल में इसे लेकर अभियान भी चलाया जा रहा है। इसमें मरीजों को बताया जा रहा है कि वह किस तरह से अपने स्तर पर इन गलतियों को होने से रोक सकते हैं।

### डॉक्टरों की सलाह पर करें अमल

सफदरजंग अस्पताल में नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉक्टर हिमांशु वर्मा ने बताया कि मरीजों को डॉक्टर को पूरी जानकारी देनी चाहिए। कई बार डायलिसिस करवाने आए मरीज जरूरी इंजेक्शन को लगवाने से दूरी बना लेते हैं जिससे नुकसान होता है। वहीं कई मरीज अन्य बीमारी से पीड़ित होते हैं लेकिन उसकी जानकारी नहीं देते, जो न केवल उनके लिए बल्कि उनके संपर्क में आने वालों के लिए घातक होता है। यदि मरीज पर्याप्त जानकारी व डॉक्टर की सलाह मानें तो चिकित्सा में त्रुटि को दूर किया जा सकता है।

### चिकित्सा में त्रुटि के कारण ज्यादा मौतें

कम्युनिटी मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. जुगल किशोर ने वैश्विक रिसर्च का दावा करते हुए कहा कि दुनियाभर में सबसे ज्यादा मौत चिकित्सा में त्रुटि के कारण होती है, इन्हें रोका जा सकता है। यदि मरीज अपने उपचार करे लेकर जागरूक रहता है तो इस समस्या को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। वहीं डॉक्टरों को भी तकनीकी रूप से होने वाली गलती पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### चिकित्सा त्रुटि से होती है मौत

ब्रिटिश मेडिकल जनरल में छवि रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर के अस्पताल में इलाज के दौरान होने वाली मौत से ज्यादा बचाई जा सकने वाले मरीज की मौत चिकित्सा त्रुटि के कारण हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार यह आंकड़ा काफी ज्यादा है।





# गतिशीलता का सृजन



प्रिय शेयरधारको,

एक शानदार अतीत, विश्वसनीय ब्रांड वैल्यू एवं सतत् परिणामपरक सुदृढ़ टीम से सज्जित, इस प्रतिष्ठित संगठन का नेतृत्व करने का अवसर मिलना, मेरे लिए बड़े गर्व और सौभाग्य की बात है।

दुनिया बदल गई है और लगातार बदल रही है, नए मानक स्थापित हो रहे हैं। पिछले वर्ष आपकी कंपनी ने कई चुनौतियों का सामना किया और यह न केवल कोविड–पूर्व स्तर तक पहुंचने की अपनी प्रतिबद्धता पर खरी उतरी, बल्कि और भी आगे बढ़ी। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार राजस्व में बड़ा उछाल आया है और साथ ही आपकी कंपनी ने डोमस्टिक कन्सलटैन्सी सेक्टर में भी अच्छी प्रगति की है।

आपकी कंपनी ने समेकित राजस्व ₹2745 करोड़ प्राप्त किया जो कि वित्त वर्ष 2020–21 के ₹2005 करोड़ की तुलना में 36.9% अधिक है। परिचालन राजस्व, अन्य आय को छोड़कर ₹2662 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹1905 करोड़ था। हमने इस वर्ष ₹735 करोड़ कर पूर्व लाभ अर्जित किया, जो कि वित्त वर्ष 2020–21 के ₹593 करोड़ की तुलना में 24.1% अधिक है। इसी प्रकार ₹539 करोड़ कर पश्चात लाभ अर्जित किया जो कि वित्त वर्ष 2020–21 के ₹444 करोड़ की तुलना में 21.2% अधिक है। लक्ष्य के अनुरूप, परिचालन आय (स्टैंडअलोन) ₹2575 करोड़ होने से हमारा निष्पादन कोविड–पूर्व स्तर पर पहुंच गया जो कि वित्त वर्ष 2019–20 के कोविड–पूर्व स्तर से 6.9% अधिक था और यह अब तक की सर्वाधिक प्राप्त आय है तथा वित्त वर्ष 2019–20 की तुलना में कोर ईबीडीआईटीए 6.7% अधिक है।

कंपनी के अच्छे निष्पादन से प्रभावित होकर, आपके निदेशक मंडल ने ₹13.5 प्रति शेयर के तीन अंतरिम लाभांश (जिनका भुगतान किया जा चुका है) के अलावा ₹3.5 प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की भी संस्तुति की है। ₹408 करोड़ (₹17 प्रति शेयर) कंपनी का अब तक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान (एक्रुअल आधार पर) और जो अर्जित लाभ का 82.2% है। कर्मचारी उत्पादकता में 43% की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह ₹0.93 करोड़/कर्मचारी तक पहुंच गई और यह वित्त वर्ष 2019–20 की तुलना में 14% अधिक है।




आपकी कंपनी के पास 31 मार्च, 2022 तक विविध व्यापार पोर्टफोलियो में ₹4,939 करोड़ की सुदृढ़ ऑर्डर बुक है। आपकी कंपनी बदलते इको सिस्टम के बारे में पूरी तरह अवगत है, जिसमें अधिकाधिक सेक्टरों और ग्राहकों के बीच प्रतिस्पर्धी बिडिंग का प्रचलन बढ़ रहा है। आपकी कंपनी ने खर्चों पर कड़ा नियंत्रण सुनिश्चित करने, अधिक किफायत बरतने और प्रतिस्पर्धी बिडिंग के माध्यम से ऑर्डर प्राप्त करने के लिए ठोस कार्य योजना बनाई है। वर्ष के दौरान हमारे मार्जिन अच्छे रहे हैं और कोर एबिटा (स्टैंडअलोन) मार्जिन कोविड–पूर्व स्तर पर लौट आया है। आपकी कंपनी टर्नकी परियोजनाओं के अनुशासनबद्ध तरीके से निष्पादन के साथ–साथ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अधिक परामर्श कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखे हुए है।

आपकी कंपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में विभिन्न जटिल परियोजनाओं जैसे सीएफएम मोजाम्बिक को कस्टमाइज्ड केप गेज डीजल–इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और कोचों का निर्यात, बांग्लादेश में 4–लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए परामर्श, दिल्ली–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए हवाई लिडार (LiDAR) सर्वेक्षण के साथ अंतिम संरेखण डिजाइन, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श, बहरैन मेट्रो विस्तार के लिए परामर्श और प्रारंभिक डिजाइन सेवाएं और बैंगलोर मेट्रो लाइन 2ए और 2बी के लिए पीएमसी, गुवाहाटी के लिए व्यापक गतिशीलता योजना, लेह और कारगिल में इंटिग्रेटिड ट्रांजिट सिस्टम का व्यवहार्यता आकलन आदि अनेक कार्य कर रही है। व्यापार बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास में योगदान करने के उद्देश्य से, आपकी कंपनी ने पूर्वोत्तर के गुवाहाटी शहर में कार्यालय खोला है और पूर्वोत्तर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विभिन्न कार्यों के लिए मिजोरम सरकार और आईआईटी–गुवाहाटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय बजट 2022–23 में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए पूंजी परिव्यय में वृद्धि के फलस्वरूप अनेक अवसर उत्पन्न हुए हैं और हम इस मुमेंटम का उपयोग करने के लिए पूर्णतः तत्पर हैं। इसके अलावा, आपकी कंपनी व्यापक परामर्श विशेषज्ञता और परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ, स्वयं को भारत सरकार की नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन, गति शक्ति मिशन, नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, राष्ट्रीय रेल योजना और अन्य अत्याधुनिक फ्लैगशिप योजनाओं के साथ पूरी तरह से संरेखित है।

रोलिंग स्टॉक के निर्यात और सभी क्षेत्रों में परामर्श से अंतरराष्ट्रीय व्यापार राजस्व की वृद्धि के दृष्टिगत, 'राइट्स विदेश' के विजन पर अधिक जोर दिया जा रहा है। विश्व अर्थव्यवस्था के खुलने के साथ, लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) और गैर–एलओसी, दोनों प्रकार की प्रणाली के द्वारा आर्डर प्राप्त करने के लिए सभी महाद्वीपों में व्यवसाय विकास के जोरदार प्रयास किए जा रहे हैं।



अहमदाबाद मेट्रो के लिए कंसल्टेंसी

"हम अपनी विशिष्ट ब्रांड पहचान के अनुरूप, अपनी ऊर्जा का उपयोग करना जारी रखेंगे, हमारा प्रयास रहता है कि हम इस मंत्रः *'Not just more of the same, but much more of the New'* का सदैव पालन करें।"

**48वीं वार्षिक आम बैठक**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राइट्स लिमिटेड, का भाषण**

आपकी कंपनी ने 'ट्रांसफोर्मिंग टू ग्रीन' के लिए एक विजन दस्तावेज और सस्टेनेबल समाधानों को सक्षम करने एवं हरित विकास में तेजी लाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। राइट्स सस्टेनेबिलिटी यूनिट के लॉन्च के साथ, आपकी कंपनी स्मार्ट सिटी योजनाओं में अपने कार्य का विस्तार कर रही है। सस्टेनेबल शहरी इंजीनियरिंग समाधान प्रदान करने के लिए आपकी कंपनी सुदृढ़ आईटी सक्षम एप्लिकेशन्स का उपयोग कर रही है। नेट–जीरो कार्बन उत्सर्जन, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) और ईएसजी अनुपालनों पर, आपकी कंपनी अपनी डोमेन विशेषज्ञता और विशाल अनुभव का लाभ उठाते हुए इन क्षेत्रों में अपनी सेवाओं का विस्तार करेगी।

कल की गतिशीलता के सृजन के लिए आपकी कंपनी ऐसे स्मार्ट समाधान पेश करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है एवं इसी के अनुरूप इसने 'फ्यूचर रेडी' को अपना मुख्य मिशन बना लिया है। आईटी का उपयोग, डिजिटाइजेशन, और अत्याधुनिक तकनीक को अपनाना, आगे बढ़ने की हमारी सभी पहलों का आधार हैं। नए रूझानों और घटनाक्रमों पर नजर बनाए रखते हुए, हम निरंतर बदलते परिवेश के अनुरूप अपने व्यापार को विकसित और परिवर्तित करते रहेंगे। हम संबंधित क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ से मुकाबला करने के लिए, और अपनी ताकत को और सुदृढ़ बनाने के लिए साझेदारी में कार्य करते रहेंगे।

आपकी कंपनी के सहायक और संयुक्त उद्यमों– आरईएमसी लिमिटेड, एसआरबीडब्ल्यूआईपीएल और आरएपीएल ने समग्र निष्पादन में उल्लेखनीय योगदान किया है। आरईएमसी लिमिटेड ने परिचालन राजस्व में 35% की वृद्धि और लाभ में 87% की वृद्धि दर्ज की है और भारतीय रेल के नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के मिशन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। एसआरबीडब्ल्यूआईपीएल आने वाले वर्षों में उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। आरएपीएल ने अपने व्यवसाय संचालन को फिर से शुरू कर दिया है और सभी क्षेत्रों में ऑर्डर प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहा है।

राइट्स @ 48

आपकी कंपनी के मानव संसाधन ही आपकी कंपनी की विशिष्टता एवं ताकत है, जिसके पास सभी सेक्टरों का व्यापक अनुभव है, जो कई मायनों में अतुलनीय है। इस ताकत को बनाए रखने और इसका सदुपयोग करने के लिए निरंतर कर्मचारी केंद्रित पहल की जा रही हैं। हम कर्मचारियों के कौशल को नई संगठनात्मक जरूरतों के अनुरूप बनाने के लिए नियमित रूप से कौशल विकास पहल करते हैं।

'चेंजिंग लाइव्स', हमारी सीएसआर गतिविधियों का मूल मंत्र है, जिसके अंतर्गत हम सामाजिक मूल्यों के संवर्धन के लिए एक स्थायी और समग्र प्रभाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी प्रयोजन से हमने वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान सीएसआर गतिविधियों के लिए ₹13.59 करोड़ का योगदान किया। इन गतिविधियों के अंतर्गत देश भर में आकांक्षी जिलों पर जोर देने के साथ–साथ स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास सहित बहुत से अन्य कार्य–क्षेत्र सम्मिलित हैं।

आपकी कंपनी संचालन के सभी पहलुओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और उत्तरदायित्व को सर्वोच्च महत्व देती है।

यह सब उपरोक्त, हमारे मूल मंत्रालय और हमारे हितधारकों के सतत् समर्थन और मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं हो सकता था और इसके लिए हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हम उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आश्वासन देते हैं और हम अपनी विशिष्ट ब्रांड पहचान के अनुरूप, अपनी ऊर्जा का उपयोग करना जारी रखेंगे, हमारा प्रयास रहता है कि हम इस मंत्रः **'Not just more of the same, but much more of the New'** का सदैव पालन करें।

**राहुल मित्थल**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

(यह 48वीं वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का रिकॉर्ड नहीं है)

राइट्स
इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ

**राइट्स लिमिटेड** (भारत सरकार का उद्यम)
**पंजीकृत कार्यालयः** स्कॉप मिनार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली – 110 092, भारत
सीआईएन नं.: एल74899डीएल1974जीओआई007227
वेबसाइटः wwww.rites.com
ट्रांसफॉर्मिंग टू ग्रीन

रेलवे | शहरी इंजीनियरिंग एवं सस्टेनेबिलिटी | राजमार्ग एवं सुरंग | भवन, विमानपत्तन एवं पुल | पत्तन एवं बंदरगाह | निर्यात एवं लीजिंग

CONCEPT













आज़ादी का अमृत महोत्सव

## सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण

# देश का किया नवनिर्माण




## उत्तर प्रदेश में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित प्रमुख योजनाओं की प्रगति

- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** से 2.60 करोड़ किसानों को 48,324 करोड़ रुपये हस्तांतरित
- कोरोना कालखंड में **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन
- 38 करोड़ से अधिक **निःशुल्क कोविड टीकाकरण**
- **प्रधानमंत्री आवास योजना** के अंतर्गत 45.50 लाख आवासों का निर्माण
- **प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य)** के अंतर्गत 1.43 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन
- **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के अंतर्गत 1.70 करोड़ परिवार लाभान्वित
- **स्वच्छ भारत मिशन** के अंतर्गत 2.61 करोड़ शौचालयों का निर्माण
- **हर घर नल योजना** के अंतर्गत 30 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति
- **प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत)** के अंतर्गत 6.51 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख रुपये का बीमा कवर
- **एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज** के लक्ष्य की ओर अग्रसर (65 संचालित, 22 निर्माणाधीन)
- गोरखपुर एवं रायबरेली में **एम्स** संचालित
- **प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना** के अंतर्गत 2,49,223 से अधिक लाभार्थियों को कार्ड वितरित
- **प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** में 6,65,366 लाभार्थी पंजीकृत
- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** के अंतर्गत 2.81 करोड़ किसानों का बीमा। 3,074.60 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति
- **मनरेगा** के अंतर्गत 135.85 करोड़ मानव दिवस सृजित
- **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत 40 लाख माताएं लाभान्वित
- **प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी)** के अंतर्गत 35 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित
- **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के अंतर्गत 12,564 किमी मार्गों का निर्माण
- **प्रधानमंत्री जन धन योजना** के अंतर्गत 7.02 करोड़ लोगों का बैंक खाता खोला गया
- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना** के अंतर्गत 63 लाख लाभार्थियों को बीमा कवर
- **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना** के अंतर्गत 1.39 करोड़ उद्यमी लाभान्वित
- **पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि)** के अंतर्गत 10 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर लाभान्वित
- **नमामि गंगे परियोजना** के अंतर्गत 27 परियोजनाएं पूर्ण, 18 परियोजनाएं निर्माणाधीन, 2 परियोजनाएं प्रक्रियाधीन
- **अमृत योजना** के अंतर्गत 60 शहर आच्छादित, पेयजल की 124, सीवरेज की 60 परियोजनाएं पूर्ण। **अमृत-2.0** में 8,000 करोड़ रुपये की 105 परियोजनाएं स्वीकृत
- **उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर** (6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण

“ विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाने वाले, मां भारती के अनन्य उपासक, प्रखर राष्ट्रभक्त, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के प्रणेता, आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार, अन्त्योदय के लिए समर्पित, स्नेहिल अभिभावक, हम सभी के मार्गदर्शक

## देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी

### को जन्मदिन की अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं।

प्रभु श्री राम की कृपा से आपको दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो। ”

**- योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



## डबल इंजन की सरकार - विकास की दोगुनी रफ़्तार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश


उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
भारत सरकार
PM GatiShakti
National Master Plan for Multi-Modal connectivity
भारत में लॉजिस्टिक्स का कायाकल्प
भारत के प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
द्वारा
राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति
का शुभारंभ
भारत लॉजिस्टिक्स लागत कम करके
वैश्विक मानदण्ड हासिल करने को तैयार
सिंगल इंटरफेस के लिए यूएलआईपी के माध्यम से विभिन्न डिजिटल प्रणालियों का एकीकरण
वैश्विक मूल्य श्रृंखला के अनुसार भंडारण एवं भौतिक परिसंपत्तियों का विकास
मामलों के त्वरित समाधान को सुगम बनाने के लिए आसान लॉजिस्टिक्स सर्विसेज पोर्टल (ई–लॉग्स)
रोजगार अवसरों को बेहतर बनाने के लिए कौशल विकास
लॉजिस्टिक्स कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए प्रक्षेत्रीय योजनाएं
सितम्बर 17, 2022
5:30 बजे से
विज्ञान भवन
नई दिल्ली
डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें
Scan to know more
CBC 05201/13/0006/2223


आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत
विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर कौशल विकास और
उद्यमशीलता मंत्रालय आयोजित कर रहा है
कौशल दीक्षांत समारोह
1st Skill Convocation Ceremony
भारत के प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी
द्वारा समारोह पर छात्रों को सम्बोधन
— गरिमामयी उपस्थिति —
श्री धर्मेंद्र प्रधान
शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, भारत सरकार
श्री राजीव चंद्रशेखर
कौशल विकास और उद्यमशीलता, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, भारत सरकार
17 सितम्बर, 2022 | सुबह 11 बजे से प्रारंभ
पहली बार
• देशभर के 20 हज़ार से अधिक संस्थानों के 10 लाख छात्रों को दीक्षांत समारोह में प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे
• समारोह में आईटीआई, शार्ट-टर्म ट्रेनिंग और उद्यमिता विकास कार्यक्रम के छात्रों को सम्मानित किया जाएगा
• इस समारोह में लगभग 50 लाख छात्र वर्चुअली शामिल होंगे
#SkillKoSamman
समारोह लाइव देखने के लिए QR कोड स्कैन करें
@SkillIndiaOfficial
@MSDESkillIndia
@MSDESkillIndia
cbc 63101/13/0012/2223


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
आज़ादी का अमृत महोत्सव
IndianOil
"सदियों से, वन्यजीवों और उनके पर्यावासों का संरक्षण भारत के सांस्कृतिक लोकाचार का हिस्सा रहा है, जो कि करुणा और सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित करता है।"
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
चीतों के आगमन के साथ भारत एक नया इतिहास रच रहा है।
8 चीतों के आगमन का जश्न, जो हमारे विविधतापूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र में उनके लिए एक उपयुक्त पर्यावास सुनिश्चित करेगा
इन चीतों को शुरुआत में स्वास्थ्य की दृष्टि से एवं बीमारी के जोखिम का पता लगाने के लिए कूनो राष्ट्रीय उद्यान में विशेष रूप से डिजाइन किए गए क्वारंटीन बाड़ों में रखा जाएगा। इसके बाद, क्वारंटीन पूरा होने पर आगे के अनुकूलन के लिए इनको बडे बाड़ों में छोडा जाएगा।
17 सितम्बर, 2022 | सुबह 11:00 बजे | कूनो राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश
माननीय प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में
भारत ने 2018 में बाघों की आबादी को 1411 की बहुत कम संख्या से बढ़ाकर 2967 कर दिया है।
2022 के लक्षित वर्ष से चार साल पहले ही इस उपलब्धि को हासिल कर लिया गया है।
हाथियों के संरक्षण के लिए लैंडस्केप लेवल अप्रोच पर आधारित 32 रिज़र्व बनाए गए।
एशियाई शेरों और डॉल्फिनों के संरक्षण के लिए समर्पित परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया।
#IndiaWelcomesCheetah
CBC 13101/13/0016/2223

# सीयूईटी में लड़कियां अव्वल, 12799 को 100 पर्सेंटाइल

## लड़कों में 8360 को 100 पर्सेंटाइल, 14.90 लाख ने आवेदन किया था

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** स्नातक दाखिले की पहली सीयूईटी-यूजी में भी लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। कुल 21 हजार 159 छात्रों को 100 पर्सेंटाइल मिला जिसमें लड़कियों की संख्या 12,799 है। 8,360 लड़कों को 100 पर्सेंटाइल मिला है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पहली सीयूईटी यूजी का शुक्रवार तड़के रिजल्ट जारी किया। एनटीए ने छात्रों का पर्सेंटाइल आवेदन पत्र में भरे गए विश्वविद्यालयों को भेज दिया गया है। एनटीए ने छात्रों को सलाह दी है कि जिन विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए उन्होंने आवेदन किया था, दाखिले के लिए अब उनकी अधिकारिक वेबसाइट चेक करते रहें।

एनटीए महानिदेशक विनीत जोशी ने अमर उजाला को बताया कि 90 विश्वविद्यालयों में स्नातक दाखिले के लिए पहली सीयूईटी यूजी का आयोजन कुल छह चरणों में किया था। इसमें 14.90 लाख छात्रों ने आवेदन किया था। इसमें से 9,68,202 (करीब 60 फीसदी) छात्रों ने परीक्षा दी। इसके लिए 259 शहरों में 489 परीक्षा केंद्रों में 27 विषयों की परीक्षा ली गई। विदेशों में भी 10 शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में कुल 2219 प्रश्न पत्र तैयार किए गए थे, जिसमें कुल 50, 476 प्रश्न थे। परीक्षा में दिल्ली के सबसे अधिक 80 फीसदी छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों से लगभग 35 फीसदी छात्रों ने परीक्षा दी। पहली सीयूईटी-यूजी परीक्षा हिंदी, अंग्रेजी समेत 13 भारतीय भाषाओं में हुई। इसमें असमी, बंगाली, उर्दू, पंजाबी, उड़िया, मलयालम, कन्नड़, तमिल शामिल हैं। भारतीय भाषाओं में प्रश्न पत्र संबंधित राज्य के परीक्षा केंद्र और अंग्रेजी व हिंदी भाषा में प्रश्न पत्र सभी परीक्षा केंद्रों में उपलब्ध थे।

### 90 विवि सीयूईटी की मेरिट से देंगे दाखिला

दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, जामिया हमदर्द, डॉ. बीआर आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली, श्रीमाता वैष्णोदेवी यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अरुणाचल यूनिवर्सिटी, असम यूनिवर्सिटी, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी गुजरात, सेंट्रल यूनिवर्सिटी जम्मू, सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश, सेंट्रल यूनिवर्सिटी कश्मीर, छत्रपति शिवाजी महाराज यूनिवर्सिटी, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट आगरा, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, गुजरात विद्यापीठ, आईआईएमटी यूनिवर्सिटी, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी, जगन्नाथ यूनिवर्सिटी, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, संस्कृत यूनिवर्सिटी मथुरा समेत 90 विश्वविद्यालय सीयूईटी यूजी की मेरिट से दाखिला देंगे।

## दस विद्यार्थियों ने पांचों विषयों में बाजी मारी

सीमा शर्मा

**नई दिल्ली।** स्नातक दाखिले की पहली सीयूईटी यूजी- 2022 में कुल 21, 159 छात्रों को 100 पर्सेंटाइल मिला है। इनमें से दस विद्यार्थियों को पांचों विषयों में 100 पर्सेंटाइल मिला है। जबकि 114 छात्रों को चार विषयों में 100-100 पर्सेंटाइल मिला है। खास बात यह है कि बेशक 22 हजार छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल पाने में कामयाबी हासिल की है, लेकिन जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट यानी सामान्य ज्ञान की पेपर में उनका प्रदर्शन बेहद खराब है। जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट में सिर्फ 56 छात्रों को ही 100 पर्सेंटाइल मिला है। इनमें से 23 लड़कियां तो 33 लड़के हैं। इस पेपर में उन्हें सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित की गणना आदि के प्रश्नों को हल करना था,जिसमें वे नाकाम रहे हैं।

**सीयूईटी यूजी के जनरल एप्टीट्यूड पेपर में छात्रों का प्रदर्शन सबसे खराब**

एनटीए महानिदेशक विनीत जोशी कहते हैं कि सीयूईटी यूजी में छात्रों का ओवरऑल प्रदर्शन बेहद अच्छा है। खासकर अंग्रेजी में 8221 , राजनीति विज्ञान में 2057, संस्कृत में 1166, मनोविज्ञान में 1186, अर्थशास्त्र में 1187, बिजनेस स्ट्डीज में 1660, बॉयोलोजी में 1328 छात्रों को 100 पर्सेंटाइल मिला है। सीयूईटी यूजी में अधिक से अधिक पांच विषयों को परीक्षा में छात्र चुन सकते हैं। टीचिंग एप्टीट्यूट टेस्ट में भी छात्रों का प्रदर्शन बेहद खराब है। सिर्फ 37 छात्रों को 100 पर्सेंटाइल मिला है।

### इन 10 छात्रों को 5-5 विषयों में 100 पर्सेंटाइल मिला

फरीदाबाद की खुशी, नोएडा की स्नेहा और शहाना, बस्ती के प्रीतम सिंह, दिल्ली की अपेक्षा और प्रियांशी, जम्मू-कश्मीर की वृंदा परी, राजस्थान के अंश गुप्ता, राजस्थान के ही तन्मय सिंह,असम की मेघा को पांच-पांच विषयों में 100 पर्सेंटाइल मिला है। इनमें इंग्लिश, हिंदी, अकाउंटेंसी,फ्रेंच, हिस्ट्री,इकोनोमिक्स, जियोग्राफी,लीगल स्ट्डीज, बिजनेस स्ट्डीज, होमसाइंस, मैथ्मेटिक्स,पॉलिटिक्कल साइंस,मनोविज्ञान आदि विषय थे।

### इंग्लिश, जीवविज्ञान, मनोविज्ञान योग में बेटियां अव्वल

सीयूईटी यूजी में लड़कों के मुकाबले लड़कियां का प्रदर्शन सबसे अच्छा है। लड़कियों ने 100 पर्सेंटाइल पाने में ही बाजी नहीं मारी है, बल्कि इंग्लिश, हिंदी, जीवविज्ञान, फाइन-विजुअल आर्ट, जियोग्राफी,हिस्ट्री, होम साइंस, मास मीडिया, लीगल स्ट्डीज, फिजिकल एजुकेशन-एनसीसी-योग, पॉलिटिक्कल साइंस, मनोविज्ञान विषयों में बेटियों ने लड़कों से अधिक 100 पर्सेंटाइल पाने में सफलता हासिल की है।

### इंग्लिश सबसे अधिक मनपसंद

हिंदी अंग्रेजी समेत 13 भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रचार के लिए सीयूईटी यूजी में छात्रों को इन भाषाओं का विकल्प दिया गया था, लेकिन परीक्षा का माध्यम इंग्लिश ही छात्रों को भाता है। परीक्षा में 8.8 लाख उम्मीदवारों ने अंग्रेजी भाषा को चुना था। जबकि हिंदी में यह आंकड़ा 2.85 लाख था।

## दाखिले के लिए पहली मेरिट सूची 10 अक्तूबर तक

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट के स्कोर जारी होने के बाद डीयू ने मेरिट जारी करने के अपने फॉर्मूले की घोषणा कर दी। डीयू दाखिला के लिए सीयूईटी स्कोर कार्ड में दिए गए नॉर्मलाइज्ड अंकों के आधार पर मेरिट जारी करेगा। स्कोरकार्ड में दिए गए पर्सेंटाइल के आधार पर मेरिट लिस्ट नहीं बनाई जाएगी।

डीयू ने इसके साथ ही पात्रता मानदंड के अनुसार कुछ प्रोग्राम विशिष्ट मेरिट स्कोर को भी जारी किया। इसके साथ ही विवि ने कोर्स में दाखिला लेने के लिए किस विषय पर विचार किया जाएगा इसको भी बताया है। डीयू में दाखिले के लिए पहली मेरिट सूची 10 अक्तूबर को जारी होगी और कोर्स व कॉलेज वरीयता बदलने के लिए दो दिन का समय मिलेगा।



**सीयूईटी स्कोर के नॉर्मलाइज्ड अंकों के आधार पर बनेगी सूची**

### इस आधार पर बनेगी सूची

यदि किसी एक छात्र (ए) ने सीयूईटी में हिंदी, फिजिक्स केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी, मैथमेटिक्स व जनरल टेस्ट दिया था। वहीं किसी अन्य छात्र (बी) ने अंग्रेजी, इतिहास, फिजिकल एजुकेशन, मनोविज्ञान, राजनीतिक विज्ञान व जनरल टेस्ट को दिया था। इनके लिए सीयूईटी द्वारा जारी नॉर्मलाइज्ड स्कोर जो कि हिंदी व अंग्रेजी के लिए 196.69, भौतिकी और इतिहास के लिए 155.02, रसायन विज्ञान व फिजिकल एजुकेशन के लिए 158.68 आदि के आधार पर दाखिला में प्राथमिकता दी जाएगी।

### दाखिले का आधार

यदि किसी छात्र को बीए ऑनर्स राजनीतिक विज्ञान में दाखिला चाहिए। उसके लिए सीयूईटी में दिए गए हिंदी, केमिस्ट्री, फिजिक्स व बॉयोलॉजी या फिर अंग्रेजी, फिजिकल एजुकेशन, इतिहास व समाजशास्त्र के अंकों पर विचार किया जाएगा। इसके लिए प्रोग्राम संबंधी सीयूईटी न्यूनतम मेरिट 662.15 को मानकर मेरिट तैयार होगी। बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स में दाखिले के लिए हिंदी, गणित, केमिस्ट्री, फिजिक्स के अंकों पर विचार होगा। इसके लिए न्यूनतम मेरिट 583.3230789 को मानकर मेरिट तैयार होगी। बीकॉम ऑनर्स के लिए हिंदी, गणित, केमिस्ट्री फिजिक्स के अंकों की सीयूईटी मेरिट 583.3230789 से मेरिट तैयार होगी। बीए प्रोग्राम में दाखिले के लिए हिंदी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, बॉयोलॉजी या अंग्रेजी, फिजिकल एजुकेशन, हिस्ट्री व समाजशास्त्र के अंकों पर विचार किया जाएगा।

**12 सितंबर से शुरू हुआ दाखिले का पहला चरण**

चरण (पंजीकरण प्रक्रिया) 10 अक्तूबर तक चलेगी। दूसरे चरण जिसमें छात्रों को कॉलेज व कोर्स की वरीयता का चयन करना है, उसकी शुरुआत 26 सितंबर से होगी और 10 अक्तूबर तक छात्र वरीयता का चयन कर सकते हैं। दूसरा चरण समाप्त होने केबाद छात्रों को अपनी चयनित वरीयता के विकल्प को बदलने के लिए दो दिन का समय दिया जाएगा। डीयू ने छात्रों को सलाह दी है कि वह कॉमन सीट आवंटन सिस्टम नियमों को ध्यान से पढ़ें और उसी के अनुसार प्रोग्राम व कॉलेज चयन करने की तैयारी करें।

## नोएडा, दिल्ली की दो-दो छात्राओं को पांच विषयों में 100 पर्सेंटाइल



अपेक्षा



प्रियांशी



स्नेहा



शाहना

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीयूईटी यूजी की ओर से जारी नतीजे में नोएडा और दिल्ली की दो-दो छात्राओं ने पांच-पांच विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है

इसके अलावा फरीदाबाद के सेक्टर 88 निवासी खुशी ने सीयूईटी की परीक्षा में पांच-पांच विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है। नोएडा सेक्टर- 77 निवासी स्नेहा डे को 5 विषयों में 100-100 पर्सेंटाइल मिले हैं। इस उपलब्धि पर स्नेहा और परिवार सबसे अधिक खुश है। अमर उजाला से बातचीत में स्नेहा ने बताया कि उनका सपना डीयू के मिरांडा हाउस या हिंदू कॉलेज से पॉलिटिक्कल साइंस ऑनर्स के बाद इंटरनेशनल स्ट्डीज में भविष्य बनाने का है। नोएडा के सेक्टर 50 निवासी शाहना को भी सीयूईटी यूजी में पांच-पांच विषयों में 100 पर्सेंटाइल मिले हैं। दिल्ली के तिलक नगर निवासी अपेक्षा भविष्य में थेरेपिस्ट बनकर लोगों की दिक्कतों का समाधान करना चाहती हैं। सीयूईटी में पांच विषयों में 100 पर्सेंटाइल मिला है। पूर्वी दिल्ली स्थित गाजीपुर निवासी प्रियांशी सिविल सेवा में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं। इसी सपने को पूरा करने के लिए स्कूल से ही तैयारी शुरू कर दी थी। नेशनल विक्टर पब्लिक स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई की है। सीयूईटी यूजी के पांचों विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है।

## अंबेडकर विवि : यूजी पीजी में दाखिले की दौड़ शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के अंबेडकर विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक कोर्स में दाखिले की दौड़ शुरू हो गई है। इस सत्र में यूजी में 1123 व पीजी में 1399 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया चलेगी। साथ ही इस सत्र में विश्वविद्यालय ने चार नए कोर्स को लांच कर दिया है। इसमें यूजी व पीजी के दो- दो कोर्स शामिल हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अक्तूबर है।

विश्वविद्यालय के मुताबिक, शैक्षणिक सत्र 2022-23 में यूजी में 19 व पीजी में 27 पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रक्रिया चलेगी। इसमें यूजी के 18 व पीजी के 20 पाठ्यक्रम शामिल हैं। यूजी के एक प्रोग्राम बीबीए के लिए कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन कमेटी (सीमैक) व पीजी के सात पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी के मुताबिक, पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद विश्वविद्यालय अपने स्तर पर मेरिट सूची को तैयार करेगा। इसके बाद पहली सूची 18 अक्तूबर तक जारी हो सकती है। वहीं दूसरी सूची 25 अक्तूबर तक जारी होने की संभावना है। वहीं, तीसरी सूची 28 अक्तूबर तक जारी हो सकती है।

जिन छात्रों ने सीयूईटी की परीक्षा दी है, वे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के बाद विश्वविद्यालय सीयूईटी के अंकों को आधार बनाकर दाखिला प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. नितिन मलिक का कहना है कि दाखिले के लिए छात्रों के पर्सेंटाइल स्कोर को आधार बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय छात्रों को को-करिकुलर एक्टिविटी का भी लाभ देगा।

**18 अक्तूबर तक जारी हो सकता है मेरिट की पहली सूची**

इस कोटे के तहत सीयूईटी देने वाले छात्रों को 20 फीसदी अंकों की तवज्जों मिलेगी। वहीं, छात्रों को एक जुलाई 2019 से लेकर 30 जून 2022 तक तीन वर्षों के प्रमाण पत्रों को जमा करना है। इसक लिए 40 फीसदी अंकों की तवज्जों मिलेगी। टॉप 10 छात्र ट्रायल के लिए क्वालीफाई होंगे। ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर 40 फीसदी की तवज्जों मिलेगी।

**यूजी के लिए 410 व पीजी के लिए 540 रुपये पंजीकरण शुल्क :** विश्वविद्यालय के मुताबिक, यूजी कोर्स के लिए सामान्य छात्रों को पंजीकरण के लिए 410 रुपये का भुगतान करना है, वहीं रक्षा, एससी, एसटी,पीडब्ल्यूडी, ओबीसी व कश्मीरी विस्थापित छात्रों को 160 रुपये का शुल्क अदा करना है। पीजी के लिए सामान्य छात्रों को 540 रुपये का भुगतान करना है, जबकि आरक्षित श्रेणी के लिए यह शुल्क 210 रुपये रखा गया है।

### इस तरह करना होगा आवेदन

पहले चरण के तहत छात्रों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जरूरी जानकारी भरने के साथ आवेदन करना है। दूसरे चरण में छात्रों को कोर्स को लेकर विकल्प भरना है। साथ ही फीस का भुगतान करना है, जो कि वापस नहीं की जाएगी। तीसरे चरण में छात्रों के सीयूईटी के अंकों के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाएगी। अंतिम चरण में छात्रों को दाखिला देने के साथ ईमेल व एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापित होने पर छात्रों को कोर्स की फीस जमा करने के साथ पंजीकरण के लिए कहा जाएगा।

### चार नए कोर्स में दाखिले के अवसर

विश्वविद्यालय ने इस सत्र में चार नए कोर्स को लांच कर दिया है। इसके तहत यूजी में बीए ऑनर्स पॉलीटिकल साइंस व बीबीए-आईईवी है। बीए ऑनर्स में 55 व बीबीए में 30 सीटें शामिल हैं। वहीं, पीजी में एमए इन क्रिमिनोलॉजी कोर्स को लांच किया गया है इस कोर्स में कुल 56 सीटें हैं। इसके अलावा एमए इन कंपेरिटिव लिट्रेचर कोर्स है। इस कोर्स में 65 सीटों पर दाखिला का अवसर है।


Govt. of Bihar

**Rural Works Department**
**Works Division, Nawada**

(बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018)

Notice Inviting Tender for Rural Roads Maintenance based on Output and performance based Contract through e-procurement mode on Model Bidding Document (MBD).

**(Short Notice Inviting Re-Tender No. - MR-3054-06/2022-23)**

1. Designation and Address of the Advertiser : Office of Engineer-in-chief, Rural Works Department, Bihar, Patna
2. Date of Issue of Notice Inviting Tender : **13.09.2022**
3. Period for downloading of Tender documents : From **21.09.2022**(9:00) to **28.09.2022** up to 15:00 hrs. From website-http://pmgsytenderbih.gov.in
4. Date, Time & Place of Pre- Bid Meeting : Date**28.09.2022**time 15:00 hrs.
5. Last Date & Time for uploading tender Document by bidder : Date **28.09.2022**up to: 15:00 hrs. http://pmgsytenderbih.gov.in
6. Date, time for online opening of Technical bid : Date **28.09.2022**up. Time: 15:30 hrs.
7. Last date, time and place for submission of Original instrument of EMD, Cost of BOQ : Till 15:00 hrs on**28.09.2022**
8. The Engineer in chief, Rural Works Department on behalf of Governor of Bihar invites bids from the eligible bidders for the works detailed below.
9. Details of Works:-

| SL. No | Package No. | District | Name of Division | Block | Name of Road | Length (In KM) | Cost of Initial Rectification with Surface Renewal (in Lakhs) | Cost of 5-years Maintenance (in Lakhs) | Total Estimated Cost (in Lakhs) | Cost of BOQ in Rs. | Bid Security (in lakhs) | Amount Payable to works Division |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | MR-N/ 21-22 Nawada/ 05 | Nawada | Nawada | Pakribarawan | Pojh to Dhota | 2.312 | 56.743 | 26.476 | 83.220 | 10000 | 8.40 | EE, RWD Works Division, Nawada |
| | | Nawada | Nawada | Pakribarawan | Budhauli to Diaura | 1.220 | 38.117 | 14.485 | 52.602 | | | |
| | | Nawada | Nawada | Pakribarawan | Warisaliganj Pakribarawan Road to Dola | 2.700 | 129.163 | 32.713 | 161.876 | | | |
| | | Nawada | Nawada | Kawakol | Nawada Pakribarawan Road to Rewar Navodaya School | 2.700 | 89.292 | 31.967 | 121.198 | | | |
| | | Total for the Group | | | | 8.932 | 313.315 | 105.641 | 418.896 | | | |
| 2 | MR-N/ 21-22 Nawada/ 06 | Nawada | Nawada | Warisaliganj | PWD Road to Barnama | 3.350 | 143.22 | 43.81 | 187.13 | 10000 | 8.21 | EE, RWD Works Division, Nawada |
| | | Nawada | Nawada | Warisaliganj | PWD Road to Mosma | 1.300 | 38.509 | 15.262 | 53.771 | | | |
| | | Nawada | Nawada | Nardiaganj | PWD Road to Doraha | 3.100 | 92.307 | 35.669 | 127.976 | | | |
| | | Nawada | Nawada | Nardiganj | Echuyakarna Link Road to Passai Village | 1.000 | 29.935 | 11.568 | 41.504 | | | |
| | | Total for the Group | | | | 8.750 | 303.971 | 106.309 | 410.381 | | | |

10. Bid Validity: 120 days from the date of opening of bid.

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR- 8084 ( R W D ) 2022-23 नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

**Executive Engineer**
**Rural Works Department,**
**Nawada**


## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

### CCRH में करें आवेदन ■ 22 पद



**मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट के पद खाली**

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मेडिकल लेबोरेटरी साइंस में ग्रेजुएशन डिग्री एवं संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- **चयन-प्रक्रिया :** चयन के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में 150 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। लिखित परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 30 सितंबर, 2022 तक अपने सभी आवेदन पत्र एवं अन्य जरूरी दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां महानिदेशक, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, 61-65, संस्थागत क्षेत्र, डी-ब्लॉक के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली में अवश्य भेज दें।

**आवेदन शुल्क : रुपये 300/-** www.ccrhindia.nic.in

### BECIL में अवसर ■ 12 पद

**डाटा एंट्री ऑपरेटर, स्टोर कीपर इत्यादि पद खाली**

- **आयु-सीमा :** पदानुसार न्यूनतम आयु 18/21 वर्ष व अधिकतम आयु 40/45 वर्ष निर्धारित।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन/पोस्ट-ग्रेजुएशन/डिप्लोमा व अन्य निर्धारित पात्रताएं व कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- **चयन-प्रक्रिया :** शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/इंटरेक्शन के लिए बुलाया जाएगा। टेस्ट/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/ज्वाइनिंग में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 29 सितंबर, 2022 तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करें।

**आवेदन शुल्क : रुपये 750/-** https://www.becil.com

### UPSC ने जारी किया विज्ञापन ■ 327 पद




**इंजीनियरिंग सर्विसेज परीक्षा-2023**

- **आयु-सीमा :** न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित। आयु-सीमा में छूट नियमानुसार दी जाएगी।

Job of the day

- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमएससी/सिविल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल इत्यादि में इंजीनियरिंग /डिप्लोमा व पदानुसार अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए।
- **चयन का तरीका :** चयन के लिए प्रारंभिक परीक्षा/मुख्य परीक्षा/पर्सनैलिटी टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काटे जाएंगे। अंतिम चयन के लिए अभ्यर्थियों को मेडिकल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। आवेदन से पूर्व विस्तृत जानकारी के लिए कृपया ऑफिशियल नोटिफिकेशन अवश्य देखें।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 04 अक्टूबर, 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुल्क : रुपये 200/-** www.upsconline.nic.in

### विभिन्न पदों पर हो रही हैं भर्तियां...

- **आयुर्विज्ञान राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड :** उम्मीदवार कार्यकारी निदेशक के पदों पर आवेदन कर सकते हैं।
  **अंतिम तिथि :** 10 अक्टूबर, 2022 ■ www.natboard.edu.in
- **राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय :** कुलपति के पद पर मौका।
  **अंतिम तिथि:** 29 सितंबर, 2022 ■ www.rgnau.ac.in

### रेडियो के क्षेत्र में कॅरिअर बनाना चाहता हूं...

*वाराणसी से आकाश का सवाल- मैं 12वीं उत्तीर्ण हूं। रेडियो के क्षेत्र में कॅरिअर की क्या संभावनाएं हैं? कृपया बताएं।*

Expert की राय



**गौरव सचदेवा**
**कॅरिअर एक्सपर्ट**

अगर आप इस क्षेत्र में कॅरिअर बनाना चाहते हैं तो आप 12वीं के बाद बैचलर ऑफ जर्नलिज्म या किसी विषय से स्नातक कर सकते हैं। आज कई संस्थान रेडियो जॉकी, रेडियो प्रोडक्शन, रेडियो प्रोग्राम प्रोडक्शन, रेडियो मैनेजमेंट आदि में शॉर्ट-टर्म अथवा डिप्लोमा के कोर्सेज करवा रहे हैं। इनमें प्रमुख हैं- रेडियो जॉकी में डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा इन रेडियो मैनेजमेंट, रेडियो प्रोडक्शन में सर्टिफिकेट कोर्स आदि। रेडियो पर सफल होने के लिए केवल कोर्स करना काफी नहीं, आप में हिंदी व अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़ एवं गीत-संगीत में रुचि होनी चाहिए। इसके साथ ही अच्छे लेखन, अच्छे प्रोग्राम प्रबंधन, म्यूजिक शेड्यूलिंग आदि की जानकारी भी होनी चाहिए।


उड़ान-अमर उजाला




**SSC दिल्ली पुलिस**

हेड कॉन्स्टेबल/कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 2022

**5 मॉडल टेस्ट पेपर**

1200 से ज्यादा वन लाइनर करंट अफेअर्स

नोट: ऑर्डर करने के लिए कॉल करें 9811413743, टोल फ्री नंबर 18001211166 पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक।

ऑनलाइन खरीदने के लिए QR कोड को तुरंत स्कैन करें।


अपने सुझाव और सवाल हमें ई-मेल करें: jobalert@amarujala.com

मेरा हिमाचल - मेरा गौरव 75 साल 1948 - 2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव





# भारत को विश्व पटल पर विकास और प्रगति का पर्याय बनाने वाले भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी जी को

## जन्मदिन की हार्दिक मंगलकामनाएं

## सेवा, सुशासन और ग़रीब कल्याण को समर्पित डबल इंजन सरकार के प्रयास

### आयुष्मान भारत

4.31 लाख परिवारों के गोल्डन कार्ड बनाए गए 1.43 लाख लाभार्थियों का ₹178.34 करोड़ खर्च कर किया निःशुल्क इलाज

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

कुल 2,88,437 मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित, ₹841 करोड़ खर्च

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

1.37 लाख परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान ₹28.15 करोड़ खर्च

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना

3426 लाभार्थियों को ₹3.64 करोड़ के ऋण वितरित

### प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

₹356.72 करोड़ खर्च कर 14,513.78 हेक्टेयर भूमि सिंचित, 46,559 किसान लाभान्वित

### जल जीवन मिशन

8.43 लाख घरों में नल से पहुंचाया जल, ₹3073.43 करोड़ खर्च

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

राज्य के ₹9.74 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग ₹1929.54 करोड़ प्रदान

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

ज़रूरतमंदों के लिए वित्तीय सहायता कम ब्याज दर पर ₹10 लाख तक का लोन

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

अब तक 7404 आवास निर्मित, ₹98.14 करोड़ खर्च

### प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)

वर्ष 2018 से अब तक ₹53.45 करोड़ खर्च कर 7540 लाभार्थियों को मकान स्वीकृत

## सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार

www.himachalpr.gov.in HimachalPradeshGovtIPRDept DPR Himachal dprhp

नम्रता, प्रेम पूर्ण व्यवहार तथा सहनशीलता से मनुष्य क्या, देवता भी वश में हो जाते हैं।
-बाल गंगाधर तिलक

**शंघाई सहयोग संगठन के मंच से प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति के बारे में बात की, तो सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत पर भी बल दिया। यह संगठन आज बहुत महत्वपूर्ण है, जहां दुनिया की 40 फीसदी आबादी रहती है और वैश्विक जीडीपी में जिसकी 30 फीसदी हिस्सेदारी है।**

## समरकंद में मोदी

रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक शहर समरकंद में एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) की बैठक भारत के लिए एक उपलब्धि रही, तो इसलिए भी कि इसके मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की मजबूत होती छवि, इस क्षेत्रीय संगठन की जिम्मेदारी और इसके कुछ सदस्य देशों के तौर-तरीकों पर दोटूक टिप्पणी की। एससीओ के देशों के बीच बेहतर संपर्क सुविधा और एक दूसरे को ट्रांजिट का अधिकार देने की बात कहकर मोदी ने अपने भाषण में पाकिस्तान को निशाने पर लिया, जो अफगानिस्तान में भारतीय मदद पर रोक लगाता है, तो साढ़े सात फीसदी से अधिक की विकास दर की बात करने तथा भारत को मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने की बात कहकर उन्होंने चीन की दुखती रग पर हाथ रखा। यह अलग बात है कि मोदी के संबोधन के बाद जिनपिंग ने अगले साल एससीओ की बैठक के आयोजक भारत को बधाई दी। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार मोदी और पुतिन की मुलाकात में खाद्य सुरक्षा जैसे जरूरी मुद्दे पर बात हुई। मोदी ने जहां यूक्रेन से भारतीय छात्रों की वापसी में मदद देने के कारण पुतिन का शुक्रिया अदा किया, वहीं पुतिन ने भारत की आजादी के अमृत महोत्सव की मोदी को बधाई दी। गौर करने वाली बात यह है कि एक दिन पहले ही नई दिल्ली स्थित रूसी राजदूत ने भारत को सस्ते तेल की आपूर्ति जारी रहने की बात कहकर साफ कर दिया था कि पश्चिमी दबाव के सामने ये दोनों देश झुकने वाले नहीं हैं। हालांकि शिखर बैठक में हमारे प्रधानमंत्री का सबसे अंत में पहुंचना यह बताता था कि वह उस मंच पर कूटनीतिक तटस्थता का परिचय देना चाहेंगे, जिसे पुतिन और जिनपिंग की मौजूदगी के कारण पश्चिमी देशों के विरोध में बना मंच बताया जा रहा था। अलबत्ता देखने वाली बात यह है कि शंघाई सहयोग संगठन, जो सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक है, जहां दुनिया की 40 फीसदी आबादी रहती है,



और जो वैश्विक जीडीपी में 30 प्रतिशत का योगदान करता है, वह क्षेत्रीय संपर्क और सहयोग के मोर्चे पर कितना सफल होता है। आतंकवाद जैसे कई मुद्दे हैं, जिस पर चीन और पाकिस्तान के रुख को देखते हुए इस संगठन को अपनी कसौटी पर खरा उतरना होगा। जहां तक भारत की बात है, तो सार्क की विफलता से सीख लेते हुए उसे एससीओ में सहयोग और संपर्क बढ़ाने की अपनी रणनीति पर चलते रहने की जरूरत है।

## भारत के असाधारण नेता

**2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेंद्र मोदी ने मानव गतिविधि के सभी क्षेत्रों में मौलिक नेतृत्व का प्रदर्शन किया है और एक अनुकरणीय प्रधानमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। उनकी असाधारण उपलब्धियां भारत के लोगों के प्रति उनके समर्पण की गवाही देती हैं।**



टीवी मोहनदास पई



निशा होला

प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आकार वित्त वर्ष 2014 में 113.45 लाख करोड़ रुपये था, जो कि बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 236.64 करोड़ रुपये हो गया है। यानी 9.6 फीसदी सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) पर 108.6 फीसदी की वृद्धि। यह उच्च वृद्धि सदी में एक बार आने वाली महामारी से उपजी मंदी के प्रभाव के बावजूद है, जब पूर्ण लॉकडाउन लगाया गया और वैश्विक नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इसी अवधि में प्रति व्यक्ति जीडीपी 80,388 रुपये से दोगुना बढ़कर 1,72,913 रुपये हो गया जो कि उल्लेखनीय वृद्धि है। यह उम्मीद की जा रही है कि वित्त वर्ष 2023 में जीडीपी का आकार 258 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। भारत आज अपने पूर्व औपनिवेशिक शासक ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस अवधि में वृहद पैमाने पर रोजगार का भी सृजन हुआ, जैसा कि कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता है। सितंबर, 2017 से जून, 2022 के दौरान 5.6 करोड़ नए उपभोक्ता ईपीएफ से जुड़े हैं। इसी अवधि में ईएसआई से 6.9 करोड़ नए कर्मचारी जुड़े वहीं केंद्र सरकार, राज्य सरकार और कॉरपोरेट योजनाओं के जरिये 36.5 लाख कर्मचारी एनपीएस में शामिल हुए।

सामाजिक सूचकांकों पर भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारतीय इतिहास में पहली बार, जैसा कि एनएफएचएस-5 (राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण) के सर्वे ने दिखाया है, महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है और अब प्रति हजार पुरुषों के पीछे 1,020 महिलाएं हैं। इसी सर्वे ने दिखाया कि जन्म के समय लैंगिक अनुपात 2015-16 में 919 महिलाएं



से बढ़कर 2019-21 में 929 महिलाएं प्रति हजार पुरुष हो गया है। इसी अवधि में शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जन्म में 40.7 से गिरकर 35.2 हो गई। गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे मातृ मृत्यु दर 2014-16 में 130 से गिरकर 2017-19 में 103 रह गई है।

लड़कियों और महिलाओं के कल्याण की ओर भारत अब पहले से अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है, नतीजतन 2021 में 13.74 करोड़ लड़कियों ने स्कूलों में दाखिला लिया, जो कि कुल पंजीयन का 52 फीसदी है। इसी तरह से 1.88 करोड़ महिलाओं ने उच्च शिक्षा के लिए पंजीयन करवाया, जो कि कुल पंजीयन का 49 फीसदी है। उसी वर्ष उच्च शिक्षा में महिलाओं का सकल पंजीयन अनुपात (जीईआर) 27.3 फीसदी था, जो कि पुरुषों के 26.9 फीसदी जीईआर से अधिक है और उन्होंने 2018-19 में पहली बार पुरुषों के जीईआर को पीछे छोड़ा।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी और प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी से ज्यादा वंचितों और गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। आंकड़े खुद बोलते हैं। सितंबर, 2022 के मध्य तक प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये 25 लाख करोड़ रुपयों की मदद दी गई। वंचित लाभार्थियों के बैंक खातों में बड़े पैमाने पर प्रसार करने के लिए प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के उपयोग ने आय सहायता के वितरण में क्रांति ला दी है। 46 करोड़ ऐसे लाभार्थियों के पास अब जन-धन योजना के जरिये मोबाइल फोन से जुड़ा बैंक खाता है, जिनके पास पहले बैंक में कोई खाता नहीं था। 2014 के बाद से 2.5 करोड़ आवासों का निर्माण किया गया है, जिनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। 9.15 करोड़ घरों में अब नल का पानी आ रहा है, वहीं 11.6 करोड़ घरों में अब शौचालय है। 2014 में जहां 12 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन थे, जो बढ़कर 2019 में 29 करोड़ हो गए और उनमें से भी 9.3 करोड़ का वितरण ग्रामीण महिलाओं में बिना किसी लागत के किया गया है, ताकि उनके फेफड़ों की रक्षा हो सके और वे धुएं के बिना खाना पका सकें। यही नहीं, 1.81 लाख ग्राम पंचायतें फाइबर ऑप्टिक केबल से जुड़ चुकी हैं। आधारभूत ढांचे में असाधारण निवेश किया गया है। अप्रैल, 2014 में जहां नेशनल हाई-वे की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो दिसंबर, 2021 में बढ़कर 1,40,937 किलोमीटर हो गई। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर नेटवर्क के विकास से माल की ढुलाई की गति में भारी वृद्धि होगी, जिससे यात्रियों के लिए मौजूदा रेलवे नेटवर्क मुक्त हो जाएगा। हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 64 से बढ़कर 2022 में 118 हो गई है, 2025 तक 220 का लक्ष्य रखा गया है।

भू-राजनीतिक व्यवस्था में भारत की स्थिति स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर है। 2014 में हमारा देश दसवीं बड़ी अर्थव्यवस्था था, जो कि 2022 में पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत क्वाड का एक अभिन्न सदस्य है, और विभिन्न वैश्विक साझेदारियों और मंचों के भीतर इसका प्रभाव बढ़ रहा है। स्वदेशी रक्षा निर्माण पर गहन ध्यान देश के सहयोगियों के लिए एक मजबूत संकेत है कि आत्मनिर्भर भारत हमारे देश के ताने-बाने का अभिन्न हिस्सा है। सुधारों के दायरे ने चौंका दिया है। नोटबंदी ने काले धन से जुड़े वर्ग की कमर तोड़ दी है, और परिणामस्वरूप आयकर संग्रह में भारी वृद्धि हुई है। एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने अर्थव्यवस्था को 17 करों की जगह एक कर की व्यवस्था में बदल दिया है। प्राचीन काल में फोन बैंकिंग के कारण भारत का 15 लाख करोड़ रुपये का एनपीए संकट आखिरकार हल हो गया है। नई दिल्ली में भ्रष्टाचार का खात्मा कर दिया गया है।

भारत आज 17 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री मोदी का 72वां जन्मदिन मना रहा है, ऐसे में उनके द्वारा किए गए सुधारों का जायजा लेना खुशी की बात है। उन्होंने मानव गतिविधि के सभी क्षेत्रों में मौलिक नेतृत्व का प्रदर्शन किया है और एक अनुकरणीय प्रधानमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की असाधारण उपलब्धियां भारत के लोगों के प्रति उनके समर्पण की गवाही देती हैं।

*-टीवी मोहनदास पई एरिअन कैपिटल पार्टनर्स के चेयरमैन हैं और निशा होला सी-कैंप में टेक्नोलॉजी फेलो हैं।*

### आजादी के अमृत कथन



आचार्य नरेंद्र देव
(1889-1956)

जब पुराने विचार बेकार हो जाते हैं, तो नए विचारों की आवश्यकता होती है। हम भूल जाते हैं कि एक जीवन है और शिक्षा जीवन में प्रगति का आधार है।

## शिक्षण संस्थानों के स्वतंत्र विचार होने चाहिए

छात्र देश की पूंजी हैं। अगर देश को सुशिक्षित नागरिक तैयार करना है, तो शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से नई बुनियाद पर स्थापित करने की जरूरत है। यह खर्च देश को शिक्षा पर उठाना होगा। इस देश में अब तक दी जाने वाली शिक्षा भारतीय समाज से भिन्न रही है। अब यह राष्ट्र का कर्तव्य है कि शिक्षण संस्थानों को नए सिरे से स्थापित करे और उनमें उच्च सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों को शामिल करे। यदि शिक्षा समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ है, तो ऐसी शिक्षा का कोई मूल्य नहीं है। किसी समाज के जीवन-काल में एक समय ऐसा आता है, जब पुराने विचारों और प्रतिमानों से घिरकर उसका क्षय होने लगता है। तब ऐसे समाज की प्रगति रुक जाती है। ऐसे समय में नए और उत्कृष्ट विचारों की आवश्यकता होती है। शैक्षिक संस्थान उपयुक्त स्थान हैं, जहां ऐसे विचार अंकुरित होते हैं और आकार लेते हैं। सरकार भी शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर रही है, लेकिन स्वतंत्र प्रयोगों और विचारों की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। जब पुराने विचार बेकार हो जाते हैं, तो नए विचारों की आवश्यकता होती है। हम भूल जाते हैं कि एक जीवन है और शिक्षा जीवन में प्रगति का आधार है। यदि शिक्षक चरित्रवान होंगे, तो ही हम चरित्र निर्माण कर छात्रों में अनुशासन को शामिल कर सकते हैं।



जब तक हम मनुष्यों के बीच मतभेदों को मिटाने में सक्षम नहीं होंगे, तब तक हम प्रगति नहीं कर सकते। सांप्रदायिकता मृत्यु का मार्ग है, न कि जीवन का मार्ग।

इस दुनिया में सामाजिक चेतना एक शक्ति या ऊर्जा है, जो व्यक्ति को समाज के साथ मिलकर चलाती है। बिना बुद्धि के व्यक्ति सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। यह सामाजिक चेतना अन्य एशियाई देशों को समृद्धि की ओर ले जा रही है और हम देश में धर्म, जाति और अन्य संघर्षों के मुद्दों में उलझे हुए हैं। इसका आशय है कि हमने राष्ट्रवाद को नहीं अपनाया है। समाज के निचले तबके के लोगों को आजादी के बाद समृद्धि की उम्मीद थी, लेकिन हम आजादी पर सोए हुए हैं; हमने अपनी प्रशंसा सुनने का रवैया अपना लिया है, जो आगे बढ़ने में बाधा है।

शिक्षण संस्थानों के स्वतंत्र विचार होने चाहिए। शिक्षक-विद्यार्थी का रिश्ता सुंदर और सौहार्दपूर्ण होना चाहिए। पश्चिम के राष्ट्र शिक्षा के क्षेत्र में अपने नए प्रयोगों से आगे बढ़ रहे हैं। मनुष्य की प्रगति उसकी सीखने की उत्सुकता में है। इंसानों से बेहतर कुछ नहीं है, लेकिन तभी, जब उनमें इंसानियत हो। जब तक हम मनुष्यों के बीच मतभेदों को मिटाने में सक्षम नहीं होंगे, तब तक हम प्रगति नहीं कर सकते। यदि हम अपने समय की आवश्यकता को नहीं समझते हैं और अपने सामाजिक जीवन में एकता लाने के लिए काम नहीं करते हैं, तो जाति और पंथ के बीच संघर्ष दैनिक क्रम बन जाएगा। सांप्रदायिकता मृत्यु का मार्ग है, न कि जीवन का मार्ग।

हमें विश्व की अन्य सभ्यताओं के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। हमारी अपनी संस्कृति में गर्व की झूठी भावना हानिकारक है। हम अपनी प्राचीन सभ्यता को नहीं समझते-जिसकी आत्मा उपनिषदों में बसती है और संतों के उपदेशों में, जिन्होंने उदार धर्म का प्रचार किया और दलितों के उद्धार का मार्ग प्रशस्त किया। हम आज इस उदार धर्म को मान्यता नहीं देते हैं। हमें इस पर मुखर होना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति को भी पश्चिमी सभ्यता के आलोक में देखना चाहिए और नया इतिहास रचना चाहिए।

*-6 मई, 1950 को विद्या भवन, उदयपुर के वार्षिक समारोह में दिए गए भाषण के संपादित अंश।*

### दूसरा पहलू

अगले वर्ष पूरे अगस्त तक सेंट्रल पार्क में रहने के बाद यह मूर्ति दिल्ली स्थित किरण नडार के म्यूजियम में जाएगी।

## न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में 'भारतीय' मूर्ति एनसेस्टर

**न्युयॉर्क** के फिफ्थ एवेन्यू और 60वीं स्ट्रीट पर स्थित सेंट्रल पार्क के प्रवेश द्वार पर अगस्त 2023 में 18 फीट लंबी और 24 सिर वाली कौन-सी मूर्ति लगने वाली है? यह दरअसल ब्रिटिश-भारतीय मूर्तिशिल्पी भारती खेर द्वारा तैयार एनसेस्टर (पूर्वज) है। पीतल से तैयार यह मूर्ति मिट्टी से बनी उनकी ही एक मूर्ति का वृहद संस्करण है। 'एनसेस्टर' वस्तुतः भारतीय देवी का एक स्वरूप है। अपने इंटरव्यू में खेर ने इस मूर्ति के पीछे की प्रेरणा के बारे में बताया। उनके मुताबिक, एनसेस्टर एक मां है, पर उनमें पौरुष भी है। कुल 24 सिर उनकी संताने हैं या उन्हें मां के अलग-अलग स्वरूपों के तौर पर भी देखा जा सकता है।



सिद्धार्थ मित्तर

न्युयॉर्क के सेंट्रल पार्क के प्रवेश द्वार पर अगस्त, 2023 में मूर्ति 'एनसेस्टर' प्रदर्शनी के लिए लगने वाली है, जिसे भारती खेर ने तैयार किया है।

यह मूर्ति व्यक्तिगत भी है और वैश्विक भी। इसकी दृश्य भाषा भारतीय है, हालांकि खेर का कहना है कि एर्तेमिस के मंदिर से उन्होंने प्रेरणा ग्रहण की। इटली के तिवोली में इस मूर्ति ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि इसे देखने के तुरंत बाद उन्होंने ऐसी प्रतिमा बनाने के बारे में सोचा। 'एनसेस्टर' के निर्माण के पीछे वैश्विक कल्याण की भावना है। उस दौर में यह मूर्ति वैश्विकता की बात करती है, जब दुनिया में इस सोच के विरोधी बढ़ रहे हैं। जब भारत में दक्षिणपंथ का असर बढ़ रहा है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी हिंदुओं को प्राथमिकता देने वाली नीति पर चल रही है, तब कुछ भारतीय (और अमेरिकी-भारतीय भी) दर्शक इसे पूरी तरह हिंदू मानेंगे।



'एनसेस्टर' भारतीय देवी का ही एक स्वरूप है। मूर्तिशिल्पी के मुताबिक, 'एनसेस्टर' एक मां है, पर उनमें पौरुष भी है। कुल 24 सिर उनकी संताने हैं या उन्हें मां के अलग-अलग स्वरूपों के तौर पर भी देखा जा सकता है।

ब्रिटेन में पैदा हुई और पली-बढ़ी 53 साल की खेर ने इस पर सावधानी से अपनी बात रखी। रूमी और सुकरात को उद्धत करते हुए उन्होंने कहा, 'एक स्त्री, एक कलाकार और एक मां के तौर पर मैं अपने बच्चों को यह सिखाना चाहूंगी कि इस दुनिया में तुम लोग मेहमान और दर्शक हो। इसलिए तुम्हारी जीवन यात्रा करुणा भरी, खुली और उदार होनी चाहिए।'

पिछले सप्ताह न्यूयॉर्क में इस मूर्ति के अनावरण के समय उनके परिजन मौजूद थे, जिनमें उनके पति और चर्चित मूर्तिशिल्पी सुबोध गुप्त भी थे, सेंट्रल पार्क से यह मूर्ति दिल्ली स्थित किरण नडार के म्यूजियम में जाएगी। भारत और विश्व में व्याप्त समस्याओं पर सेंट्रल पार्क के पेड़ों की ओर देखकर दार्शनिक अंदाज में वह कहती हैं, 'ये पेड़ हमारे आने के बहुत पहले से यहां हैं। असंख्य तर्क-वितर्क तथा राजनेताओं व सत्ता केंद्रों पर लोगों के आने और वहां से बाहर होने के ये गवाह हैं। फिर भी ये खड़े हैं।'

© The New York Times 2022

### आंकड़े

#### जेलों में कैदियों की शिक्षा

वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय जेलों में 5,54,034 कैदियों में सबसे ज्यादा कैदियों की साक्षरता प्रोफाइल दसवीं कक्षा से नीचे थी।

| | |
|---|---|
| दसवीं से नीचे | 40.2% |
| निरक्षर | 25.2% |
| दसवीं< >स्नातक | 24.0% |
| स्नातक | 7.5% |
| परास्नातक | 1.8% |

स्रोत : एनसीआरबी, 2021

विश्वकर्मा जी की निर्माण क्षमता और शिल्पकला से ब्रह्मा जी बेहद प्रभावित हुए। तभी से इन्हें दुनिया का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है।

## दुनिया के पहले शिल्पकार

अंतर्यात्रा
संकलित

सृष्टि के आरंभ की रचना के समय ब्रह्मा जी के पुत्र धर्म के सातवें पुत्र का नाम वास्तु था, जो कि शिल्पकला से परिपूर्ण थे। उन्हें एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई, जिनका नाम 'विश्वकर्मा' रखा गया, जो अपने पिता से भी निपुण थे। जब ब्रह्मा जी ने सृष्टि का सृजन किया, तब सृष्टि को संवारने की जिम्मेदारी उन्होंने भगवान विश्वकर्मा को सौंपी। सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने एक विशालकाय अंडे का निर्माण किया, उस अंडे से ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई। बाद में ब्रह्मा जी ने इसे शेषनाग की जीभ पर रख दिया। शेषनाग की जीभ पर रखने के कारण सृष्टि को नुकसान होता था। इससे परेशान होकर ब्रह्मा जी ने विश्वकर्मा जी से इसका उपाय पूछा। तब विश्वकर्मा जी ने मेरू पर्वत को जल में रखवाकर सृष्टि को स्थिर कर दिया। विश्वकर्मा जी की निर्माण क्षमता और शिल्पकला से ब्रह्मा जी बेहद प्रभावित हुए। तभी से इन्हें दुनिया का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। भगवान विश्वकर्मा ने ही सतयुग में स्वर्ग लोक, त्रेतायुग में लंका, द्वापरयुग में इंद्रप्रस्थ, द्वारका और हस्तिनापुर का निर्माण किया था। इस कारण इन्हें ब्रह्मांड का निर्माण व सृजनकर्ता देवता माना जाता है। इनका जन्म भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को माना जाता है। इनकी जयंती के रूप में ही विश्वकर्मा पूजा मनाया जाता है। *(अमर उजाला आर्काइव से)*

### पुराने पन्नों से

## कश्मीर में सदरे रियासत व प्रधानमंत्री के पद समाप्त होंगे


अमर उजाला
THE DAILY AMAR UJALA

जम्मू व कश्मीर के प्रधानमंत्री बख्शी गुलाम मोहम्मद ने आज विधानसभा में घोषणा की कि भविष्य में राज्य का प्रधानमंत्री अन्य राज्यों के समान मुख्यमंत्री कह लाएगा और सदरे रियासत का पद समाप्त कर अब यह पद राज्यपाल के पद में बदल दिया जाएगा।
अमर उजाला,
4 अक्तूबर, 1963

## चीतों के स्वागत में

**नामीबिया से चीते लाए जाने के साथ ही देश में सक्रिय वन्यजीव प्रबंधन से पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन की दिशा में एक नए दौर की शुरुआत हो रही है।**



रमेश पांडेय
वन्यजीव

अपने देश से चीता वर्ष 1952 में विलुप्त हो गया। देश में उनके विलुप्त होने की प्रमुख वजह उनका शिकार था। चीता के विलुप्त होने के कुछ वर्षों बाद ही से यूं तो उसके पुनर्वास के प्रयास शुरू हुए पर उन्हें साकार करने में सफलता अब जाकर मिल रही है। चीतों को नामीबिया से लाकर मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े जाने और उन्हें प्रवासित करने की तैयारियां पूर्ण कर ली गईं हैं। पहले चरण में आठ वयस्क चीते लाए जा रहे हैं और अगले चरण में 12 और चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाने की तैयारी है।

वैसे तो अपने देश में वन्यजीवों को पुनर्वासित कर उन्हें उनके प्राकृतिक वास में वापस लाने के कई उदाहरण मौजूद हैं, परंतु चीतों के पुनर्वास को उन समस्त प्रयासों से भिन्न और एक कदम आगे जाने वाला प्रयास माना जा सकता है। इसे समझने के लिए अपने देश और विदेशों में पूर्व में हुए वन्यजीव पुनर्वास पर



एक नजर डालने की आवश्यकता होगी। अपने देश में चंबल और गेरुआ नदियों में घड़ियाल, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और पबितारा राष्ट्रीय उद्यान में एक सींग वाले गैंडे, बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में गौर और छत्तीसगढ़ के वन्यजीव क्षेत्रों में जंगली भैंसों के पुनर्वास के सफल प्रयास हुए हैं। साथ ही सरिस्का और पन्ना राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के पुनर्वास की कहानी देश में सक्रिय वन्यजीव प्रबंधन के उदाहरण के रूप में पूरे विश्व में प्रसिद्ध हुई। इसी प्रकार अमेरिका के येलो स्टोन नेशनल पार्क में भेड़िया पुनर्वास और अफ्रीका के जंगलों में अफ्रीकी हाथी, वाइल्ड डॉग्स और अफ्रीकी सिंह के भी सफल पुनर्वास हुए हैं। परंतु चीता पुनर्वास इन सबसे भिन्न है, क्योंकि न सिर्फ यह एक मांसाहारी जीव का पुनर्वास है, बल्कि इस पुनर्वास में वन्यजीव को अपने देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में ले जाने की तुलना में, एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप में लाया जा रहा है।

ऐसे वृहद् एवं जटिल पुनर्वास के लिए प्रदेश, देश और विदेश में समन्वय की आवश्यकता होती है, जो एक अत्यंत दुरूह और जटिल प्रक्रिया है। अतः चीता पुनर्वास के देश के इस चुनौतीपूर्ण प्रयास को वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में देश की कटिबद्धता के रूप में देखा जाना चाहिए। खासकर तब जब देश में प्रोजेक्ट टाइगर के पचास वर्ष और प्रोजेक्ट एलीफैंट के तीस वर्ष पूरे हो रहे हैं और इन दोनों प्रोजेक्ट्स की बहुआयामी सफलता के साथ-साथ भारत सरकार प्रोजेक्ट चीता, प्रोजेक्ट लायन और प्रोजेक्ट डॉलफिन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर एक साथ तीव्रता से कार्य कर रही है। यह इस बात का भी प्रतीक है कि देश में सक्रिय वन्यजीव प्रबंधन से पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन की दिशा में एक नए दौर की शुरुआत हो रही है, क्योंकि चीता के पुनर्वास से घास के मैदानों वाली विरल हो चुकी पारिस्थितिकी और तृणभोजी जानवरों की पुनर्स्थापना का रास्ता खुलता है। चीतों के लिए उचित प्राकृतिक वास के अलावा एक बड़ी चुनौती थी, जंगलों में स्वछंद विचरण करने वाले वाइल्ड चीतों की उपलब्धता और उन्हें चयनित कर भारत लाना। इस हेतु अत्यंत प्रयासों के बाद नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका से चीता लाने पर सहमति बन सकी। परंतु अफ्रीकी चीतों के एशियाई चीतों से अनुवांशिकीय भिन्नता को लेकर भ्रांति की स्थिति बनी रही, जो जेनेटिक स्टडी से स्पष्ट हुई तथा सर्वोच्च न्यायालय ने भी अफ्रीका महाद्वीप से चीतों को देश में लाने हेतु अनुमति दी। वास्तव में भारत से लेकर ईरान होते हुए अफ्रीका महाद्वीप तक फैले चीतों के ऐतिहासिक प्राकृतिक वासों के आपस में जुड़े होने के कारण अफ्रीकी महाद्वीप में पाए जाने वाले चीतों और एशिया के देशों में पाए जाने वाले चीतों में, अत्यंत लघु अनुवांशिकी भिन्नता को छोड़कर बाह्य-आतंरिक संरचना, आकर एवं व्यवहार में कोई अंतर नहीं है।

हम सभी का मानना है कि प्रधानमंत्री द्वारा चीतों को कूनो में छोड़े जाने से इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को ऊर्जा और उत्साह मिलेगा। कूनो में चीतों के पुनर्वास से न सिर्फ वन्यजीव संरक्षण को एक नई दिशा मिलेगी, बल्कि कूनो आने वाले दिनों में वन्यजीव टूरिज्म के नक्शे पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा सकेगा।

*-लेखक भारतीय वन सेवा के अधिकारी हैं।*

edit@amarujala.com

# कौशल गैंग के गुर्गे और गांजा तस्कर महिला की संपत्ति पर चला बुलडोजर

**फरीदाबाद।** बदमाशों पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार को पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश नीरज फरीदपुरिया व एक गांजा तस्कर महिला की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलवा दिया।

नीरज फरीदपुरिया पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, अवैध कब्जा, अवैध वसूली, अवैध हथियार रखने आदि के 21 मामले दर्ज हैं। नीरज ने अवैध रूप से गांव की पंचायती जमीन में से पूजास्थल की 350 गज जमीन कब्जा रखी थी। इस अवैध संपत्ति की कीमत डेढ़ करोड़ आंकी गई। आरोपी पर हत्या के चार केस भी दर्ज हैं।

आरोपी फिलहाल पलवल में की गई एक हत्या मामले में फरार है। इसके साथ ही पुलिस ने आसमां खातून नाम की महिला की अवैध दुकान को भी गिरा दिया। महिला नशा तस्करी का काम करती है और उस पर व उसकी दो बेटियों पर 11 केस दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया पुलिस ने शहर के दो अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को ध्वस्त किया है। इसमें नीरज फरीदपुरिया और आसमां खातून के नाम शामिल हैं। आरोपी नीरज कौशल गैंग का गुर्गा है। संवाद

## पोसोको पावर सिस्टम अवाइर्स के लिए आवेदन 30 तक

**नई दिल्ली (वि)।** पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पोसोको), फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी) के सहयोग से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली स्थित उद्योग इंटरफे स संगठन ने पोसोको पावर सिस्टम अवार्ड (पीपीएसए)-2023 का 11वां संस्करण लांच किया है। अवाइर्स के लिए आवेदन की तिथि 1 से 30 सितंबर, 2022 तक है। एफआईटीटी के एमडी डॉ. अनिल वाली ने कहा कि हम इलेक्ट्रिक पावर सिस्टम के क्षेत्र में मास्टर्स और डॉक्टरेट के छात्रों की भागीदारी की उम्मीद करते हैं। पोसोको के सीएमडी एसआर नरसिम्हन ने कहा कि पीपीएसए पोसोको की सीएसआर पहल का एक हिस्सा है, जो अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।

# जामताड़ा में 'ट्रेनिंग' लेकर एनसीआर में कर रहे ठगी

### साइबर क्राइम पुलिस के निशाने पर है मॉड्यूल, हर पांचवें मामले में मिल रहा जामताड़ा मॉड्यूल

सुशांत समदर्शी

**नोएडा।** हम जामताड़ा के देवता हैं, हमको कोई बुलाता नहीं। हम प्रकट होते हैं। वेब सीरीज जामताड़ा के इस डायलॉग से मशहूर झारखंड का जामताड़ा नोएडा और एनसीआर के लिए सिरदर्द बन गया है। नोएडा और आसपास में होने वाले हर पांचवें साइबर अपराध में जामताड़ा मॉड्यूल सामने आ रहा है। जांच में पता चला है कि जामताड़ा में ठगी की ट्रेनिंग लेकर साइबर जालसाज नोएडा समेत बड़े शहरों में साइबर ठगी कर रहे हैं। जामताड़ा मॉड्यूल अब यूपी साइबर क्राइम सेल के निशाने पर है।

नोएडा-ग्रेनो समेत एनसीआर के शहरों में साइबर अपराध काफी बढ़ गए हैं। नोएडा सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में 150 से अधिक मामलों की जांच चल रही है इनकी जांच में 30 से 35 मामले ऐसे सामने आए हैं जिनमें जामताड़ा मॉड्यूल मिले हैं। इस वर्ष भी पचास से अधिक मामले बड़े साइबर क्राइम के दर्ज हुए हैं। यूपी साइबर क्राइम के एसपी प्रो. त्रिवेणी सिंह का कहना है कि नोएडा से लेकर प्रदेश के कई शहरों में हो रहे साइबर फ्रॉड में यह बात सामने आई है कि इनमें जामताड़ा मॉड्यूल से जुड़े साइबर अपराध शामिल हैं।

जांच और कई साइबर अपराधियों ने पूछताछ में यह पता चला है कि जामताड़ा में साइबर ठगी की ट्रेनिंग लेकर जालसाजी के गुर सीखे और एनसीआर समेत बड़े शहरों के लोगों को निशाना बनाया। एक कॉल से रातोंरात लाखों की कमाई कर अमीर बनने का ख्वाब लेकर सैकड़ों युवा जामताड़ा में साइबर ट्रेनिंग लेते हैं। ऐसे लोगों को खेतों और पहाड़ियों में ट्रेनिंग दी जाती है। यूपी साइबर पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि जामताड़ा में 150 से ज्यादा गांव ऐसे हैं, जहां इनका धंधा फल-फूल रहा है। बाकायदा इस धंधे को जानने व समझने के लिए पाठशाला की जाती है।

सांकेतिक



नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में साइबर ठगी करने वाले जामताड़ा मॉड्यूल से जुड़े हैं। जामताड़ा के अलावा अब मेवात और भरतपुर मॉड्यूल भी तेजी से सामने आ रहा है। इन स्थानों पर बकायदा ट्रेनिंग दी जाती है। - **प्रो. त्रिवेणी सिंह एसपी, साइबर क्राइम यूपी**

### टक्कर दे रहा अलवर और भरतपुर

अब तक साइबर ठगी का नाम सुनते ही लोग जामताड़ा को याद करते हैं लेकिन अब राजस्थान के अलवर-भरतपुर भी जामताड़ा को टक्कर दे रहा है। अलवर-भरतपुर और मेवात क्षेत्र में भी क्रैश कोर्स के जरिये साइबर ठग बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। यूपी साइबर क्राइम पुलिस की जांच और पूछताछ में यह बात सामने आई है कि मेवात के कुछ स्थानों पर ड्रेस कोड में ठगी का कोर्स कराया जाता है। इस सेंटर में सात दिन से एक महीने के क्रैश कोर्स की फीस 50 हजार से एक लाख है।

**फर्जी कॉल सेंटर में काम करने वालों को तवज्जो**

यूपी साइबर क्राइम पुलिस की जांच में यह भी बात सामने आई है कि जामताड़ा, भरतपुर और मेवात में साइबर ठगी की ट्रेनिंग लेने के इच्छुक लोगों से पहले साइबर अपराधी कड़ी पूछताछ करते हैं। फर्जी कॉल सेंटर में काम करने वाले लोगों को तवज्जो दी जाती है। इंटरव्यू में यह पूछा जाता है कि ठगी का कोर्स क्यों करना है, कैसे लोगों को टारगेट करना है। इसके साथ उनके पास फर्जी दस्तावेज, लैपटॉप आदि होना चाहिए।

### इस तरह होती है ट्रेनिंग

- डेबिट-क्रेडिट कार्ड फ्रॉड। जॉब दिलवाने के नाम पर ठगी।
- ओएलएक्स पर खरीदारी के नाम पर फ्रॉड। लिंक भेजकर क्लिक कराकर रकम निकासी।
- ओटीपी और बैंक डिटेल पूछकर साइबर ठगी। आर्मी अधिकारी बताकर खाते से पैसों की निकासी।
- कोरियर, गिफ्ट और जूलरी के नाम पर ठगी। केवाईसी अपडेट, कर ब्याज पर लोन दिलाने। सोशल मीडिया पर दोस्ती कर।

# मूसेवाला की हत्या की साजिश में शामिल गैंगस्टर मनी, तूफान अमृतसर में गिरफ्तार

### पहले इन्हें दी गई थी मूसेवाला की सुपारी, हत्या-डकैती के एक दर्जन से अधिक केस दर्ज

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने शुक्रवार सुबह सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश में शामिल गैंगस्टर मनप्रीत सिंह उर्फ मनी रइया और मनदीप तूफान को गिरफ्तार किया है। दोनों गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया गैंग के शॉर्प शूटर हैं। इनके खिलाफ नशा तस्करी, हत्या और डकैती के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया है। इनसे विदेशी पिस्तौल और 36 कारतूस बरामद हुए हैं। पहले इन्हीं गैंगस्टरों को मूसेवाला की हत्या का काम सौंपा गया था। आरोपियों ने गैंगस्टर कपिल पंडित और सचिन थापन के साथ फरवरी 2022 में मूसेवाला के गांव की दो से तीन बार रेकी की थी, लेकिन वह सफल नहीं हुए। पिछले डेढ़ साल से पुलिस को दोनों की तलाश थी। डीजीपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से मोहाली में पुलिस खुफिया मुख्यालय में हुए हमले की जांच में बढ़त मिली है। दोनों आरोपी आरपीजी हमले के मामले में मुख्य आरोपी गैंगस्टर दीपक झज्जर और देवयंशु के साथ थे। दीपक-देवयंशु और चढ़त सिंह ने हमले को अंजाम दिया था। ब्यूरो



मनी रइया



मनदीप तूफान

# पुलिस का सोनाली के पोस्टमार्टम की सीडी देने से इन्कार

**हिसार।** भाजपा नेता सोनाली फोगाट के परिवार ने गोवा पुलिस से पोस्टमार्टम की सीडी मांगी। गोवा पुलिस ने सीडी देने से इन्कार कर दिया है।

परिवार अब सीडी लेने के लिए सीबीआई से संपर्क करेगा। अगर सीबीआई ने भी सीडी नहीं दी तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।



भाजपा नेता सोनाली फोगाट के भाई रिंकू ढाका ने गोवा पुलिस के अंजुना पुलिस स्टेशन इंस्पेक्टर को फोन करके सोनाली के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी की सीडी मांगी। इंस्पेक्टर प्रसल्ल देशाई ने कहा कि अब यह केस सीबीआई को हैंडओवर किया जा चुका है। ऐसे में पुलिस कोई भी साक्ष्य परिवार को नहीं दे सकती। संवाद


Government of Haryana | Azadi Ka Amrit Mahotsav

HSIIDC announces e-Auction of Industrial Plots in Mega Food Park* (MFP) at IE Barhi

(Under General Category) On Freehold Basis




Tentative e-Auction Date 28.10.2022

Tentative Plot Sizes (sqm): 450 to 4275

Tentative Allotment Rate (per sqm): Rs. 20300/-

- Registration/EMD Payment Start Date & Time : 15.09.2022 from 9.00 AM
- Registration/EMD Payment End Date & Time : 14.10.2022 at 11.59 PM

10% rebate on lumpsum payment of plot cost within 45 days of issuance of Regular Letter of Allotment; 5% rebate on lumpsum payment of plot cost within 90 days of issuance of Regular Letter of Allotment; 3% rebate on lumpsum payment of plot cost within 120 days of issuance of Regular Letter of Allotment; 1.5% rebate on lumpsum payment of plot cost within 150 days of issuance of Regular Letter of Allotment; there will be no rebate upon lump sum payment after 150 days#

Provision for 10% rebate on plot cost (Industrial) to SC Category allottees#

*Plots would be allotted for setting up Food Processing units only and also governed by norms of Ministry of Food Processing Industries, Government of India (MOFPI) as well as the lending bank/institution NABARD, as applicable from time to time

RESERVE PRICE AND BID PRICE ON THE E-AUCTION PORTAL WOULD BE INDICATED ON PER SQUARE METER BASIS

*The name of the bidder to be given at the time of registration shall be the same as in PAN Card*

# For further details, the intended bidders may refer 'e-Auction Brochure' available on website of the Corporation at www.hsiidc.org.in / e-Auction portal http://hsiidc.bidx.in

Haryana State Industrial & Infrastructure Development Corporation Limited
Regd. Office: C-13 & 14, Sector-6, Panchkula, Ph. 0172-2590481-83, E-mail: contactus@hsiidc.org.in, Website: hsiidc.org.in /mdhsiidc


# रकम दोगुनी करने के नाम पर 78.15 लाख हड़पे

संवाद न्यूज एजेंसी

### दिल्ली निवासी रियल एस्टेट कारोबारी को शातिरों ने विश्वास में लेकर की धोखाधड़ी

**गाजियाबाद।** दिल्ली के प्रीतम विहार निवासी रियल एस्टेट कारोबारी से छह माह में दोगुना रकम करने का झांसा देकर निवेश के नाम पर 78.15 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। कारोबारी ने मामले में सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उनके परिचित ने उन्हें निवेश करके अच्छा मुनाफा होने का झांसा दिया तो उन्हें खुद व अपने परिचितों से निवेश करा दिया। बाद में आरोपियों ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया। आरोपियों ने 2016 से 2022 तक उन्हें कई बार अलग-अलग तरीके से विश्वास में लेकर उनके साथ धोखाधड़ी की।

कारोबारी अजय कुमार चौरसिया का कहना है कि उनका दिल्ली में कार्यालय था। उसी बिल्डिंग में सोवन संजीव प्रधान का भी कार्यालय था। वहीं से उनकी पहचान सोवन संजीव से हुई। सोवन संजीव ने उन्हें अपना फोरेक्स ट्रेडिंग का काम बताया, जिसमें निवेश के बाद छह माह में रकम दोगुनी कराने का दावा किया। उनका कहना है कि खुद के 26 लाख रुपये और परिचितों के 35 लाख रुपये निवेश करा दिए। सोवन संजीव ने उनकी पहचान लोकेश, अमन, अनिल शेखावत और अन्य लोगों से कराई। कुछ समय बाद सोवन संजीव अपना कार्यालय खाली करके चला गया।

आरोप है कि 2016 में जब उनकी मुलाकात लोकेश से हुई तो उसने भी उनसे नई स्कीम बताकर तीन माह में अच्छा मुनाफा कराने का झांसा दिया। पिछली रकम निकलने के झांसे में आकर उन्होंने अपने और अपने परिचितों के 15 लाख रुपये निवेश कर दिए। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ धोखाधड़ी की और आईडी में कुछ रकम दिखाकर विश्वास बनाए रखा लेकिन वह भी रुपये उन्हें नहीं मिले। आरोप है कि उन्होंने उनसे रुपये मांगे तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

कुछ समय बाद उन्होंने फिर से दुबई की कंपनी बताकर 2.15 लाख रुपये निवेश करा लिए। ऐसा करके शातिरों ने उनसे 78.15 लाख रुपये हड़प लिए। मामले में उन्होंने लोकेश कुमार, सोवन संजीव प्रधान, अमन गिल, अनिल शेखावत, धीरेंद्र वर्मा और संदीप गर्ग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# एचपीजेड टोकन : क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर ज्यादा फायदे का दिया था लालच

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई चीनी नागरिकों के 'नियंत्रण' वाले एप के जरिये तुरंत ऋण देने वाली कंपनियों की ओर से वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई है। एचपीजेड टोकन एक एप आधारित कंपनी है जिसने लोगों को बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर ज्यादा फायदा देने का वादा किया था। सबसे पहले एचपीजेड द्वारा लोगों को निवेश करने पर इसे दोगुना करने का लालच दिया गया।



लोगों से भुगतान यूपीआई और अन्य विभिन्न भुगतान गेटवे द्वारा लिया गया। शुरुआत में निवेशकों को आंशिक राशि का भुगतान भी किया गया। आरोप है कि शेष राशि को विभिन्न भुगतान गेटवे और बैंकों के माध्यम से विभिन्न व्यक्तियों और कंपनी के खातों में हस्तांतरित की गई। यहां से आंशिक रूप से इसे डिजिटल या आभासी मुद्राओं में निकाल लिया गया। इसके बाद जालसाजों ने भुगतान रोक दिया और वेबसाइट तक पहुंच भी मुश्किल हो गई। एजेंसी

### लिलियन टेक्नोकैब और शिगू टेक्नोलॉजी करती थी संचालन

जांच से पता चला कि एचपीजेड टोकन का संचालन लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड और शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था। शिगू टेक्नोलॉजी भी विभिन्न चाइनीज नियंत्रित कंपनियों से जुड़ी हुई पाई गई। यह पता चला कि कई अन्य कंपनियां भी गेमिंग, लोन और अन्य के लिए विभिन्न एप व वेबसाइटों के संचालन के बहाने लोगों से धन जुटाने में शामिल थी। ईडी को धोखाधड़ी में शामिल विभिन्न कंपनियों के पीछे जिलियन कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम की संलिप्तता का संदेह था। ऐसी ही एक कंपनी मैड-एलीफेंट नेटवर्क टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, एक्स10 फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के साथ समझौते में विभिन्न लोन एप (यो-यो कैश, तुफान रुपये, कोको कैश आदि) का संचालन कर रही थी।

पढ़ें, कहां मिल रही हैं कितनी नौकरियां amarujala.com पर

## दिल्ली नगर निगम

सतर्कता विभाग, 26वां तल, सिविक सेंटर, जे.एल.एन. मार्ग, मिन्टो रोड, नई दिल्ली–110002

सं.: एएलओ/विजि./एमसीडी/2022/64 — दिनांक: 15.09.2022

**सूचना**

श्रीमती आरती रोहिल्ला, अध्यापक, एम.सी. प्राइमरी स्कूल, धूलसरस, एनजीजेड दिनांक 11.03.2021 से अनाधिकृत रूप से अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित हैं और उनका पता ठिकाना उपलब्ध न होने के कारण सूचनाएं नहीं भेजी जा सकी हैं। उन्हें एतद्द्वारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर सतर्कता विभाग में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है और ऐसा नहीं करने पर आगे बिना कोई सूचना दिये उनके खिलाफ संगत नियमों के अनुसार उचित कार्यवाही की जाएगी।

आर.ओ. सं.: 30/DPI/MCD/2022-23 — सतर्कता निदेशक

## नौएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण

(कार्यालय विकास आयुक्त भारत सरकार)
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, नोएडा दादरी रोड, फेस–2, नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर (उ०प्र०)
ईमेल: dc@nsez.gov.in, वेबसाइट: www.nsez.gov.in, टेलीफोन: 120-2567268/69/70

**अभिव्यक्ति की अभिरुचि आमंत्रण**

अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण, नोएडा की ओर से नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण पंजीकृत एवं अनुभवी कानूनी फर्मों से रिटेनरशिप के आधार पर काम करने के लिए "कुटेशन (मासिक प्रभार)" आमंत्रित करता है।

विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट www.nsez.gov.in पर उपलब्ध है

सचिव
नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण
नोएडा

E-mail-ID-artandculturalaffairshry@gmail.com

## कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं बारे सार्वजनिक सूचना

उपरोक्त विषय के संदर्भ मे व्यक्त किया जाता है कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं से संबंधित विज्ञापन राज्य के सभी जिलों को कवर करते हुये समाचार पत्रों मे दिनांक 13.2.2022 तथा 19.2.2022 को प्रकाशित करवाया गया था जिसमें प्रतियोगिता हेतु अंकित आयु वर्ग को पुनः प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 2.9.2022 (रोहतक मंडल के सभी जिलों को कवर करते हुये समाचार पत्रों मे प्रकाशित) में अंकित आयुवर्ग के अनुरूप समायोजित कर लिया जायेगा। PRDH:-2214/11/1/2023/12680/1/7 Dt. 16/09/2022

## भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) — SAGARMALA
मुख्यालय: ए-13, सैक्टर-1, नौएडा-201301
दूरभाष 0120-2474050, 2543972 फैक्स 0120-2544009

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों के एम्पैनलमेंट हेतु**

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), नौएडा को टैक्स एवं संबद्ध मामलों और आंतरिक लेखा परीक्षण के उद्देश्य के कार्य के लिए एम्पैनलमेंट हेतु प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों की आवश्यकता है। सीपीएसई/सरकारी संस्थानों/स्वायत्त निकायों में ऐसे कार्य करने का 3 वर्ष से अधिक का विगत अनुभव रखने वाली इच्छुक फर्में एम्पैनलमेंट हेतु इस प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर पूरे विवरण के साथ अपनी अभिरुचि **"मुख्य लेखाधिकारी, ए-13, सैक्टर-1, जल मार्ग भवन, नौएडा-201301"** को भेज सकती हैं/आवेदन कर सकती हैं। अभिरुचि की एक प्रति ईमेल द्वारा cao.iwai@nic.in पर भी भेजनी होगी।

मुख्य लेखाधिकारी

## पावरग्रिड नरेला ट्रांसमिशन लिमिटेड

(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्त वाली कम्पनी)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पावरग्रिड नरेला ट्रांसमिशन लिमिटेड, उत्तरी दिल्ली के नरेला तहसील के औचंदी गांव में 765/400/220 KV सब स्टेशन के निर्माण हेतु लगभग 40 एकड़ (16.18 हेक्टेयर) भूमि खरीदने का इच्छुक है जिसमें खसरा क्रमांक निम्नलिखित है:– 33/21, 34/16, 34/17, 34/18, 34/19, 34/20, 34/21, 34/22, 34/23, 34/24, 34/25, 35/15, 35/16, 35/17, 35/23, 35/24, 35/25, 36/3, 36/4, 36/5, 36/6, 36/7, 37/1, 37/2, 37/3, 37/4, 37/5, 37/6, 37/7, 37/8, 37/9, 37/10, 38/1 भूस्वामी:–मैसर्स ड्रीम बिल्ड डेवलपर्स प्रा. लि. ऑफिस, ई–कमला नगर दिल्ली मार्फत डायरेक्टर श्री अशोक अग्रवाल व हरि निवास अग्रवाल, 37/11, 37/12, 37/13, 37/14, 37/17, 37/18, 37/19, 37/20, भूस्वामी:–चंदराम पुत्र रविदत ग्रामवासी, जय कुमार पुत्र रविदत ग्रामवासी, जय भगवान पुत्र श्री निवास ग्रामवासी, मकुेश पुत्र श्री निवास ग्रामवासी।

यदि किसी व्यक्ति को भूमि की इस खरीद के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी नीचे दिये गये पते पर लिखित रूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्त के परिपेक्ष्य में 10 दिनों के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

अखिलेश कुमार दीक्षित
परियोजना प्रभारी

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
400/220KV जी.आई.एस. महारानी बाग सबस्टेशन, बहलोलपुर खादर (सरायकाले खां बस स्टैण्ड के सामने), नई दिल्ली–110013
Email:-akdixit@powergrid.in

PR/NR-1/Notice/22-23/40/Pehachan

## दक्षिण पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना सं.15/2022 दिनांक : 12.09.2022

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति हेतु केवल आईआरईपीएस द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित करता है :- निविदा बंद होने का समय : 14:00 बजे

| क्र. | निविदा सं. | सक्षिप्त ब्यौरा | मात्रा | निविदा की निश्चित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30225010 | स्लाईडिंग डोर अरेंजमेंट का जोड़ा | 200 Pairs | 04-10-2022 |
| 2 | 38221005A | संशोधित इलास्टोमेरिक पैड पूर्ण | 31987 Nos. | 04-10-2022 |
| 3 | 43221030 | 3 फेज के लिये मीजरिंग एवं मॉनीटरिंग रिले | 545 Nos. | 03-10-2022 |
| 4 | 30221492 | बोगी बोलस्टर सस्पेंशन हेतु हैंगर | 2710 Nos. | 04-10-2022 |
| 5 | 72221008 | व्हील स्किड | 3485 Nos. | 03-10-2022 |
| 6 | 30221572 | उच्च क्षमता थर्मोप्लास्टिक पॉलियस्टर इलास्टोमर | 6411 Nos. | 11-10-2022 |
| 7 | 77221071 | फुल ग्लोस पोलीयुरेथेन एनामल टू पैक एक्सटीरियर | 23180 Ltr. | 06-10-2022 |
| 8 | 30221321 | थर्मोप्लास्टिक पॉलियस्टर इलास्टोमर वाशर | 6863 Nos. | 11-10-2022 |

विवरणों के लिये लॉग ऑन करें : www.ireps.gov.in

PUB/365/AAD/PRB/SWR/2022-23 — प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, हुब्बली

S.W.Railways | sw_rly | SWRRLY | southwesternrailway | SWRRLY

## सार्वजनिक सूचना

आप सभी शहर वासियों को सूचित किया जाता है कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा द्वारा सरकारी संपति तथा प्राईवेट संपतियों पर विज्ञापन का अधिकार देने हेतु विज्ञापन बायें–लाज 2022 जारी किये जा चुके है तथा इसी सन्दर्भ में विज्ञापनों की परमीशन हेतु ऑन लाईन पोर्टल भी लांच किया गया है। इस पोर्टल पर नगर निगम, अन्य सरकारी विभागों और निजी मालिकों की साईटों और चिन्हित स्थलों की नीलामी नई प्रक्रिया अनुसार की जायगी। कोई भी व्यक्ति/विभाग Advertisement की अनुमति लेने हेतू शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा बनाई गई विज्ञापन साईट www.ulbadvthry. पर अप्लाई कर सकता है। अधिक जानकारी हेतु विज्ञापन बायें–लाज 2022 www.ulbadvthry: साईट पर अपलोड किये गये है। यह सूचना सभी आम व खास के लिये जारी की जाती है।

## राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर)

NATIONAL INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL EDUCATION & RESEARCH (NIPER)
(औषधीय शिक्षा विभाग, रसायन एवं ऊर्वरक मंत्रालय)
सेक्टर-67, एस.ए.एस नगर (मोहाली)-160062, पंजाब
SAS NAGAR — www.niper.gov.in फोन: 0172-2292000, 2214682-83 एवं 2214688

**गैर-अध्यापन पदों के लिए भर्ती सूचना**

(विज्ञा. सं. 11/2022 दिनांक 17.09.2022)

राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) एसएएस नगर उच्च शिक्षा प्रदान करने और फार्मास्यूटिकल साईस, प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के क्षेत्र में एडवांस रिसर्च करने वाला रसायन एवं ऊर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में संसद अधिनियम द्वारा संस्थापित एक राष्ट्रीय महत्ता का स्वायत संस्थान है। संस्थान, एतद्द्वारा निम्न सीधी भर्ती के जरिये निम्न गैर अध्यापन पदों को भरना चाहता है :

| क्र. सं. | पदनाम का नाम | पे लवल | पद का ग्रुप | पद की सं. | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| i | टेक्नीकल सुपरवाईजर ग्रेड-I/वैज्ञानिक ग्रेड-I | 10 | A | 01 | यूआर |
| ii | टेक्नीकल सुपरवाईजर ग्रेड-II/वैज्ञानिक ग्रेड-II | 7 | B | 03 | यूआर-01; एससी-01; ईडब्ल्यूएस-01 |
| iii | सिक्योरिटी सूपरवाइजर | 7 | B | 01 | यूआर |
| iv | स्टेनोग्राफर ग्रेड-बी | 7 | B | 01 | यूआर |
| v | टेक्नीकल सहायक (कम्पयूटर्स) | 6 | B | 01 | यूआर |

आवेदन करने से पूर्व आवेदकों से अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने का अनुरोध है। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, अन्य योग्यता मानदंडों की विस्तृत जानकारी और सामान्य जानकारी हेतु कृपया संस्थान की वेबसाईट www.niper.gov.in पर जाएं। आवेदकों से संस्थान की वेबसाइट : <www.niper.gov.in/jobs.html> से आवेदन प्रपत्र डाऊनलोड करने का अनुरोध है। आवेदन पत्र को जमा करने हेतु अंतिम तिथि 17.10.2022 (सोमवार) है अर्थात इम्पलॉयमेंट न्यूज में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन।

कार्यवाहक कुलसचिव

## JOINT ADMISSION COUNSELING DELHI 2022

NSUT | DelTech | IGDTUW | IIITD | DSEU

**Admission Notice for B.Tech. & B.Arch. Programmes 2022-2023**

ONLINE applications are invited for admission to **B. Tech. & B.Arch.** Programmes offered by the following Universities/ Institutes established by the Government of NCT of Delhi:

- Netaji Subhas University of Technology (NSUT), www.nsut.ac.in
- Delhi Technological University (DTU), www.dtu.ac.in
- Indira Gandhi Delhi Technical University for Women (IGDTUW), www.igdtuw.ac.in
- Indraprastha Institute of Information Technology Delhi (IIIT-D), www.iiitd.ac.in
- Delhi Skill and Entrepreneurship University (DSEU), www.dseu.ac.in

For detailed information regarding Eligibility Criteria, Reservation, Admission Procedure, Counseling Schedules, Application Process etc., please visit website: www.jacdelhi.admissions.nic.in

**ONLINE Application Process**

- **Candidates MUST register ONLINE at www.jacdelhi.admissions.nic.in as per the instructions prescribed in the admission brochure available at www.jacdelhi.admissions.nic.in**
- **All candidates are required to pay a Non-refundable Registration Fee of Rs. 1500/-in ONLINE mode ONLY using Credit Card / Debit Card / Net-banking/Any other online mode available on JAC portal.**

**Important Dates**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Online Registration and Choice Filling has commenced since - | September 05, 2022 (Monday) From 10:00 AM |
| 2. | Last Date and time for online registration (Registration Form Filling, Registration Fee Payment and Choice filling) | September 25, 2022 (Sunday) till 05:00 PM |

For any further updates / notifications related to admission, candidates are advised to regularly visit www.jacdelhi.admissions.nic.in

HELP DESK: helpdesk.jacdelhi2022@nsut.ac.in

**NOTE: - APPLICATION RECEIVED WITHOUT PRESCRIBED FEE SHALL NOT BE CONSIDERED / SUMMARILY REJECTED**

Chairman, JAC Delhi 2022

फार्म संख्या एस0टी0के0–6
**सार्वजनिक सूचना**

(कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा 248 की उप–धारा (1) तथा उप–धारा (4) और कम्पनी (कम्पनी पंजीयक से कम्पनियों के नामों को हटाना) नियम 2016 के नियम 7(1) के द्वितीय प्रावधान के अनुपालन में))

**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**
**कार्यालय कम्पनी रजिस्ट्रार, व शासकीय समापक उत्तराखण्ड,**
**मेजानाइन फ्लोर, 78 राजपुर रोड, श्री राधा पैलेस, देहरादून–248001**
**वेबसाइट/Website www.mca.gov.in**
**वेबसाइटः www.mca.gov.in ई-मेल/E-mail : roc.uttarakhand@mca.gov.in**

सार्वजनिक सूचना सं0 टीसी/आर0ओ0सी0/उत्तराखण्ड/एसटीके–5/2022/5652

दिनांक : 16.09.2022

**संदर्भ**

निम्न विवरण अनुसार कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 248(1) के अंतर्गत कम्पनी के नामों को हटा देने के मामलेमें।

1. सूचना दी जाती है कि, कम्पनी रजिस्ट्रार के पास विश्वास करने का उचित कारण है कि कम्पनियों, जिन का नाम https://www.mca.gov.in/bin/dms/getdocument?mds=AFKS2906xSaAaRIBL6Qvkg%253D%253D&type=open पर सूचीबद्व हैं,

(iii) ज्ञापन के अभिदाताओं ने उस अभिदान का भुगतान नही किया, जो उन्होने कम्पनी के निगमन के समय करने का वचन किया था तथा धारा 10 की उप धारा (1) के आधीन इसके निगमन के एक सौ अस्सी दिनों के भीतर इस आशय की घोषणा दायर नहीं की गयी,

और यह प्रस्ताव है कि ऊपर उल्लिखित कम्पनियों के नाम कम्पनियों के रजिस्टर से हटाया/काटा जाए और जब तक अन्यथा कारण न हों, इस सूचना की तारीख से तीस दिन के भीतर उनका विघटन किया जाए।

2 यदि किसी व्यक्ति को कम्पनी रजिस्टर से कंम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिनों के भीतर ऊपर उल्लिखित कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकता है।

दिनांक: 16.09.2022
स्थान : देहरादून
फो : 0135–2745012/2745013

–ह०/–
(इमरान अहमद सिद्दिकी)
कम्पनी रजिस्ट्रार–सह–शासकीय समापक,
उत्तराखण्ड देहरादून

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, सोनीपत

मु.नं. 308 दिनांक 30.08.2022 धारा 346 भा.द.स. थाना बरोदा जिला सोनीपत।

### गुमशदा की पहचान



नाम- **प्रदीप कुमार।**
पिता/पति का नाम- **बलराम।**
पता - गाँव रुखी जिला सोनीपत।
उम्र- 26 वर्ष।
कद - 5 फुट 5 ईन्च।
हुलिया:-रंग गेहुँआ, लम्बुतरा चेहरा, हृष्ट-पुष्ट, शरीर, कद 5 फुट, 5 ईन्च बांए हाथ के अंगुठे के साथ वाली उंगली का नाखुन टेडा मेडा है।
अविवाहित
पहनावा:- पीले व नीली चैकदार शर्ट व नीचे नीली जींस व पैरों में नीले रंग जुते।

दिनांक 25.05.2022 को प्रदीप कुमार पुत्र बलराम वासी गाँव रुखी जिला सोनीपत बिना किसी को बताए घर से कही चला गया है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

**प्रबन्धक थाना** - 9485600334,
**अनुसंधानकर्ता मो. न.**:-9991435754,
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत**:-0130-222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस अधीक्षक,
सोनीपत

PRDH-1084/11/921/2023/12660/1/7 dt 16/09/2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते
असम सरकार

अमृत सरोवर



# मिशन अमृत सरोवर

कर्मयोगी प्रधानमंत्री
**श्री नरेन्द्र मोदी** का दूरदर्शी पदक्षेप

## 17 सितंबर 2022 को समग्र असम में 2625 अमृत सरोवर के खनन कार्य का शुभारंभ





*"अमृत सरोवर के रूप में एक अभूतपूर्व जन जागरण का साक्षी है भारतवर्ष।"*

- नरेन्द्र मोदी

### निर्धारित पूंजी

| | |
|---|---|
| राज्य सरकार | : 669.25 करोड़ रुपए |
| एमजीएनरेगा | : 493.66 करोड़ रुपए |
| वित्त आयोग का अनुदान | : 45.10 करोड़ रुपए |
| कुल | : 1,208.01 करोड़ रुपए |

### असम मॉडल की उल्लेखनीय विशेषताएं

- प्रत्येक जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जाएगा
- प्रत्येक अमृत सरोवर का न्यूनतम आकार होगा 1 हेक्टेयर
- इस योजना की कार्यान्वयन प्रक्रिया में मुख्यमंत्री समग्र ग्राम्य विकास योजना (सीएमएसजीयूवाई), पंचायत और ग्रामोन्नयन विभाग और मत्स्यपालन विभाग जुड़े हैं
- मत्स्यपालन और तीन स्तरीय वाणिज्यिक वृक्षारोपण के जरिए जीविका की सुविधा प्रदान
- क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के वाणिज्यिक कार्यकलाप के जरिए महिला सशक्तिकरण
- सौर दीपक, फ्लैग पोस्ट और उपयोगकर्ता समूह के लिए घर की व्यवस्था



Janasanyog No. D/12231/22

## असम सरकार

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय, असम द्वारा प्रसारित । हमें फॉलो कीजिए /@diprassam https://dipr.assam.gov.in/
असम वार्ता सब्सक्राइब करने के लिए 8287912158 पर असम लिखकर व्हाट्सएप करें

# मंदी की चिंता से सेंसेक्स 1,093 अंक टूटा, निवेशकों के 6.2 लाख करोड़ डूबे

## घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही गिरावट, निफ्टी 346.55 अंक लुढ़का

**मुंबई।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। सेंसक्स 1,093 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी में 347 अंक की गिरावट दर्ज की गई। दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में वृद्धि के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इससे सेंसेक्स 1,093.22 अंक या 1.82 फीसदी लुढ़ककर 58,840.79 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,246.84 अंक तक गिर गया था।

निफ्टी 346.55 अंक यानी 1.94 फीसदी गिरावट के साथ 17,530.85 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट से सूचीबद्ध कंपनियों की संयुक्त पूंजी 6.18 लाख करोड़ घटकर 279.68 लाख करोड़ रुपये रह गई। सेंसेक्स की 30 में 29 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे अधिक 4.51 फीसदी की गिरावट हुई। सिर्फ इंडसइंड बैंक के शेयर ही लाभ में रहे। निफ्टी-50 में 48 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। एजेंसी



**30** में 29 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए

### ■ दुनियाभर के बाजारों का हाल

**एशियाई बाजारों** में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में एक फीसदी, जापान के निक्केई में 1.1 फीसदी, हांगकांग के हैंगसेंग में 0.5 फीसदी और शंघाई कंपोजिट में एक फीसदी गिरावट रही।

**अमेरिकी बाजार में** एसएंडपी-500 1.1 फीसदी, डाउ जोंस 0.66 फीसदी और नैस्डैक 1.4% नुकसान में रहा।

**यूरोप** के ज्यादातर बाजार गिरावट में कारोबार कर रहे थे।

### गिरावट के अन्य पांच प्रमुख कारण

- आईटी, रियल्टी और वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई।
- डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से बाजार की धारणा प्रभावित हुई।
- स्थानीय स्तर पर आर्थिक आंकड़ों के बाद भी वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर देखने को मिला।
- ब्रेंट क्रूड 0.32 फीसदी वृद्धि के साथ 91.13 डॉलर प्रति बैरल पर पंहुचा गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 3,260.05 करोड़ के शेयर बेचे।

### 20 साल के आंकड़ों से समझें कच्चे तेल व बाजार का संबंध

अजीत सिंह



**नई दिल्ली।** पिछले 20 सालों के रुझान बताते हैं कि जब भी कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के ऊपर जाती हैं तो यह बाजार के लिए नकारात्मक बन जाती हैं। फरवरी में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध होने से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार हुआ था, तब बाजार टूटना शुरू हो गया था और सेंसेक्स 52,000 तक चला गया था। लेकिन जब कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे आनी शुरू हुईं तो सेंसेक्स 60,000 के आंकड़े को पार कर गया।

**2004 से 2007 में भी यही रुझान था :** कच्चा तेल जब 9 मार्च, 2004 को 30 डॉलर प्रति बैरल था, तब निफ्टी 1,400 पर था और 9 जुलाई, 2006 के दौरान कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल था, तब निफ्टी 3,900 के स्तर पर पहुंच गया। 28 जून, 2007 को कच्चा तेल 70 डॉलर था तब निफ्टी 4,300 पर था, लेकिन 15 नवंबर, 2007 को कच्चा तेल 90 डॉलर के ऊपर पहुंचा तो निफ्टी 5,800 के ऊपर चला गया। 3 अक्तूबर, 2008 को कच्चा तेल 85 डॉलर पर पहुंचा तो निफ्टी 3,700 पर था।

# छोटी कंपनी की परिभाषा में बदलाव, कारोबार करना होगा और आसान, जुर्माना भी पहले से कम देना पड़ेगा

**नई दिल्ली।** देश में कारोबार को और आसान बनाने के लिए सरकार ने 'छोटी कंपनी' की परिभाषा में फिर संशोधन किया है। इसके तहत छोटी कंपनियों के लिए पेड-अप कैपिटल (शेयर जारी कर जुटाई गई पूंजी) और टर्नओवर सीमा बढ़ाई गई है। इससे और कंपनियां भी इसके दायरे में आ सकेंगी। अनुपालन का बोझ कम होने के साथ जुर्माना भी कम लगेगा।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया, छोटी कंपनियों के लिए पेड-अप कैपिटल की सीमा को अधिकतम 2 करोड़ से बढ़ाकर अधिकतम 4 करोड़ रुपये किया गया है। टर्नओवर सीमा को अधिकतम 20 करोड़ से बढ़ाकर अधिकतम 40 करोड़ किया गया है। यानी इन दोनों सीमा के तहत कारोबार करने वाली इकाइयां अब छोटी कंपनी मानी जाएंगी। एजेंसी

**पेड-अप कैपिटल**
04 करोड़ रुपये अधिकतम किया गया बढ़ाकर
संशोधन से पहले 2 करोड़ रुपये अधिकतम

**टर्नओवर सीमा**
40 करोड़ रुपये अधिकतम की गई बढ़ाकर
संशोधन से पहले 20 करोड़ रुपये अधिकतम

### बदलाव से होंगे कई फायदे

- वित्तीय विवरण के दौरान इन कंपनियों को नकदी प्रवाह का लेखा-जोखा बनाने की जरूरत नहीं।
- इनके लिए ऑडिटर बदलना जरूरी नहीं होगा।
- कंपनी ऑडिटर को ऑडिट रिपोर्ट में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के औचित्य और परिचालन प्रभावशीलता की जानकारी नहीं देनी होगी।
- छोटी कंपनियों को एक साल में सिर्फ दो बार ही बोर्ड की बैठक करनी होगी।
- सालाना रिपोर्ट में अब कंपनी सचिव का हस्ताक्षर जरूरी नहीं। सचिव के नहीं होने पर कंपनी का निदेशक भी यह काम कर सकेगा।
- छोटी कंपनियों पर जुर्माना भी कम लगेगा।

# 45 दिन में चुकाएं एमएसएमई का बकाया

## वित्त मंत्री ने कहा, निजी-सरकारी कंपनियां समय पर नहीं कर रहीं भुगतान



**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निजी क्षेत्र की कंपनियों से सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का बकाया 45 दिन में चुकाने को कहा है। यह भी माना कि केंद्र सरकार के विभाग व उपक्रम भी एमएसएमई का बकाया समय पर नहीं दे रहे हैं।

सीतारमण ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, केंद्र, राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर भी एमएसएमई का बकाया है। निजी क्षेत्र और उद्योग को 45 दिन के भीतर भुगतान का संकल्प लेना चाहिए। कंपनी पंजीयक में अकाउंट बुक दाखिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार इस मुद्दे के समाधान के लिए कदम उठाएगी। सुनिश्चित करेगी कि उसके विभाग व सार्वजनिक उपक्रम छोटे व्यवसायों को 90 दिन में भुगतान करें। ट्रेड्स मंच और समाधान पोर्टल जैसी योजनाएं छोटे व्यवसायों को समय पर भुगतान दिलाने में मददगार हैं। एजेंसी

### ग्राहकों की बेहतर सेवा के लिए काम करें बैंक

सीतारमण ने कहा, बैंक सुनिश्चित करें कि उनकी प्रणाली एक-दूसरे के अनुकूल रहे ताकि वे ग्राहकों की सेवा बेहतर ढंग से कर सकें। भारतीय बैंक संघ की बैठक में उन्होंने कहा, कई बार ग्राहकों को अलग-अलग बैंकों के साथ लेनदेन के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह ऐसी कृत्रिम दीवार है, जिसका निर्माण बैंकों ने खुद को सुरक्षित रखने के लिए किया है। उन्होंने बैंकों को साइबर सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने को भी कहा।

## न्यूज डायरी

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.23 अरब डॉलर घटा

**नई दिल्ली।** 9 सितंबर को समाप्त हफ्ते के दौरान देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.23 अरब डॉलर की कमी आई और यह 550.87 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा संपत्ति में सबसे ज्यादा गिरावट आई। हालांकि, सोने के भंडार में मामूली तेजी रही। ब्यूरो

### मारुति ने 5,002 गाड़ियां वापस मंगाईं

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 5,002 हल्के व्यावसायिक वाहन सुपर कैरी को निरीक्षण के लिए वापस बुलाया है। इनको 4 मई से 30 जुलाई के बीच बनाया गया था। इन गाड़ियों में आगे के सहयोगी यात्री के सीट बेल्ट में गड़बड़ी पाई गई है। एजेंसी

### भारतीय उद्योग का विदेशी निवेश घटा

**मुंबई।** भारतीय कंपनियों का उनके विदेशी उपक्रमों में निवेश अगस्त में 59% घटकर 1.03 अरब डॉलर पर आ गया है। आरबीआई ने बताया कि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.5 अरब डॉलर था। अगस्त में कुल निवेश में सबसे अधिक 585 मिलियन डॉलर इक्विटी में हुआ। एजेंसी

# सोना सस्ता होकर 50 हजार से नीचे, चांदी 1,379 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 813 रुपये सस्ता होकर 50,000 के नीचे पहुंचकर 49,447 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी 1,379 रुपये सस्ती होकर 55,982 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव रही। पिछले सत्र में सोना 50,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 57,361 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी।



एचडीएफसी के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, रुपये के मूल्य में नुकसान के बावजूद कॉमेक्स में सोने की कीमत में आई गिरावट के अनुरूप दिल्ली में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 813 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज हुई। कॉमेक्स में सोने की कीमत 1,655 डॉलर प्रति औंस रही, जबकि चांदी की हाजिर कीमत 18.84 डॉलर प्रति औंस थी। एजेंसी

# देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कीमतों में गिरावट आने के साथ सरकार ने शुक्रवार को देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती की है। नई दरें 17 सितंबर से प्रभावी हैं। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 13,000 रुपये प्रति टन से घटाकर 10,500 रुपये प्रति टन किया गया है। डीजल पर निर्यात शुल्क को 13.5 रुपये प्रति लीटर से कम कर 10 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। विमान ईंधन के निर्यात पर शुल्क को 9 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 5 रुपये लीटर कर दिया गया है। एजेंसी

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की धीमी गति से और बढ़ सकती है खुदरा महंगाई

**मुंबई।** देश में उच्च महंगाई को देखते हुए मौद्रिक नीति के लिए इसकी वृद्धि को लेकर आशंकाओं को मजबूती से थामने की जरूरत है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली टीम ने लेख में कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार कम होने से महंगाई बढ़ सकती है। यह अब भी ऊंची बनी हुई है।

लेख में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर जो हल्की नरमी आई है, भारतीय अर्थव्यवस्था उससे बाहर निकलने की ओर बढ़ रही है। इसमें आगे कहा गया है कि कुल मांग मजबूत बनी हुई है। त्योहार शुरू होने के साथ यह और बढ़ेगी। लेख के मुताबिक, उच्च महंगाई की आशंकाओं को थामने के लिए मौद्रिक नीति समिति को सख्त रवैया अपनाए रखने की जरूरत है। एजेंसी



# आयात-निर्यात के सेटलमेंट और भुगतान रुपये में करने की मंजूरी

### डीजीएफटी ने एक पत्र में कहा, फैसला तुरंत प्रभाव से लागू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय रुपये में कारोबारियों को आयात-निर्यात के मामले में बिल बनाने, सेटलमेंट और भुगतान करने को मंजूरी दे दी। डीजीएफटी ने कहा कि यह फैसला तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

जुलाई में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों से कहा था कि वे निर्यात और आयात के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करें ताकि रुपये में कारोबार किया जा सके। इसने कहा, भारत में अधिकृत डीलर बैंकों द्वारा खोले गए रुपये वाले विशेष खातों से व्यापार का लेन-देन और निपटान कर सकते हैं। इस तंत्र के माध्यम से आयात करने वाले भारतीय आयातक रुपये में भुगतान करेंगे। यह भुगतान विदेशी विक्रेता से माल या सेवाओं की आपूर्ति के लिए चालान के एवज में भागीदार देश के बैंक के विशेष खाते में जमा किया जाएगा। इस फैसले से आयात और निर्यात दोनों के मोर्चे पर तेजी दर्ज की जाएगी। एजेंसी

## देश

## न्यूज डायरी

### सत्य को समझने के लिए संदेह करना भी जरूरी : दलाईलामा



**धर्मशाला।** सत्य को समझने के लिए संदेह करना भी आवश्यक है। संदेह उत्पन्न होने के बाद धीरे-धीरे तर्क-वितर्क और प्रमाण की ओर बढ़ा जा सकता है। इसी से निरुद्ध सत्य यानी बुद्धत्व की प्राप्ति होगी। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने मैक्लोडगंज में मुख्य बौद्ध मंदिर में आचार्य चंद्रकीर्ति की रचना माध्यमिकावतार विषय पर प्रवचन के दौरान यह बात कही। एजेंसी

### महाराष्ट्र : जॉनसन एंड जॉनसन के बेबी पाउडर का लाइसेंस निरस्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने मुंबई के मुलुंड में जॉनसन एंड जॉनसन के बेबी पाउडर का विनिर्माण लाइसेंस रद्द कर दिया है। एफडीए ने बताया, पुणे व नासिक में लिए पाउडर के नमूने मानक गुणवत्ता के अनुरूप न पाए जाने पर यह फैसला किया गया। अमेरिका में कंपनी के बेबी पाउडर से कैंसर होने के आरोप लगते रहे हैं। इस पर कंपनी ने एलान किया था कि 2023 से वहां बेबी टैल्कम पाउडर का उत्पादन बंद कर देगी। ब्यूरो



# यूपी में बारिश से तबाही...31 की मौत

## लखनऊ में नौ, गोंडा में बिजली का खंभा गिरने से फैला करंट, तीन मौतें, उन्नाव में 5 की गई जान

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बारिश के चलते अलग-अलग जिलों में हुए हादसों में 31 लोगों की मौत हो गई। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। लखनऊ में दीवार ढहने से मलबे में दबकर नौ लोगों की मौत हो गई। वहीं, गोंडा में बिजली का खंभा टूटकर गिरने से फैले करंट से तीन लोगों की मौत हो गई। उन्नाव में पांच, रायबरेली में दो व सीतापुर में भी एक मौत की सूचना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मृतकों के परिवारीजनों को 4-4 लाख रुपये देने का एलान किया है। घायलों के उपचार व राहत कार्य में तेजी के निर्देश दिए हैं। साथ ही, फसलों को हुए नुकसान के सर्वे का भी आदेश दिया है।

लखनऊ के कैंट के दिलकुशा में सेना के ऑफिसर्स कॉलोनी की दीवार शुक्रवार तड़के तीन बजे भरभराकर गिर गई। इसके मलबे में दबने से दो परिवार के नौ लोगों की जान चली गई। इनमें तीन मासूम भी थे। ये परिवार मजदूरी करते थे और निर्माणाधीन दीवार के पास ही छप्पर बनाकर रहते थे। डीएम सूर्यपाल गंगवार के अनुसार हादसे के वक्त सभी सो रहे थे। दो घंटे तक चले रेस्क्यू में सेना, एसडीआरएफ व कमिश्नरेट पुलिस ने मलबा हटाकर दो लोगों को जिंदा निकाला। सभी मृतक झांसी और मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के रहने वाले थे। वहीं, उन्नाव में बारिश के चलते कच्चे घर व छप्पर गिरने से तीन स्थानों पर पांच लोगों की मौत हो गई।

गोंडा में चार की मौत हुई। इनमें से तीन की मौत बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से हुई। तीनों बाइक से जा रहे थे। इनमें दो भाई थे। वहीं, करनैलगंज में बिजली गिरने से एक अधेड़ की मौत हो गई। रायबरेली में दो मंजिला मकान गिरने से ढाई साल के बच्चे और डलमऊ में दीवार ढहने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। सीतापुर में टिनशेड के नीचे दबने से 30 साल के युवक ने दम तोड़ दिया। इसके अलावा फतेहपुर में तीन, प्रयागराज में दो व कानपुर-झांसी, कन्नौज में 1-1 की मौत हो गई।



दुर्घटनाग्रस्त दीवार के पास पानी होने के कारण बचाव कार्य में बाधा उत्पन हुई।

### बंद करने पड़े स्कूल

बारिश से लखनऊ के अलावा, बाराबंकी, सीतापुर, लखीमपुर, बरेली, अयोध्या, रायबरेली, फतेहपुर, प्रयागराज, झांसी, कन्नौज आदि जिलों में पेड़ गिरने, तार टूटने, ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त होने, केबल फाल्ट समेत अन्य तकनीकी गड़बड़ियों के कारण बिजली घंटों गुल रही। लखनऊ में तो तीन चौथाई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। बारिश से तकरीबन पूरा शहर जलमग्न हो गया। स्थिति को देखते हुए डीएम सूर्यपाल गंगवार को स्कूलों की छुट्टी का आदेश जारी करना पड़ा।

### मां की छाती से चिपकी थी बच्ची, हाथ में मिला टूटा हुआ खिलौना

**लखनऊ।** मां दीवार के नीचे दबी हुई थी। उसके पैर दिख रहे थे। एक बच्ची का हाथ भी नजर आ रहा था, जिसमें टूटा हुआ खिलौना था। जब मलबा हटाया गया तो मां की छाती से चिपकी बच्ची दिखी। दोनों की मौत हो चुकी थी। मजदूर भी मलबे के नीचे बुरी तरह दबे हुए थे। किसी का सिर ईंटों के नीचे था तो किसी के पेट पर दीवार का मलबा पड़ा था। ये दर्दनाक वीभत्स नजारा एसडीआरएफ की टीम को दिलकुशा में दीवार गिरने से हुए हादसे में रेस्क्यू के दौरान दिखा। दिलकुशा में सैन्य अफसरों का गौर एन्क्लेव है, जहां 150 से अधिक अफसर रहते हैं। भारी बारिश के चलते बृहस्पतिवार देर रात दीवार से सटे मजदूरों के आशियाने पर एन्क्लेव की दीवार भरभराकर गिर गई। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। ब्यूरो

# सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किए 13,147 पुराने मामले

**नई दिल्ली।** लंबित मामलों के बोझ से दबी शीर्ष न्यायपालिका को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने 13,147 पुराने मामलों को रद्द कर दिया है, जिनमें से एक तीन दशक से अधिक पहले दायर किया गया था।

रजिस्ट्रार न्यायिक -1 चिराग भानु सिंह कहा है कि ये सभी मामले आठ साल पहले सुप्रीम कोर्ट, न्यायपालिका, न्याय वितरण प्रणाली, पुराने मामलों में दायर किए गए थे, लेकिन रजिस्ट्री द्वारा संबंधित वकील या याचिकाकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से इंगित की गई खामियां ठीक नहीं थे।

मामलों को वर्ष 2014 से पहले की डायरी संख्या मिली, और सूची में 1987 में दायर एक मामला भी शामिल था।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, 1 सितंबर, 2022 तक 70,310 लंबित मामले थे। इनमें 51,839 विविध मामले और नियमित सुनवाई से संबंधित 18,471 मामले शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार के आदेश में कहा गया है कि मामलों के पक्षकार मुकदमों पर आगे मुकदमा चलाने का इरादा नहीं रखते हैं क्योंकि उन्होंने कई वर्षों के अंतराल के बाद भी दोषों को ठीक नहीं किया है। एजेंसी



**रद्द किए गए मामलों की सूची में 1987 में दायर एक मामला भी शामिल**

# नारायण साईं समेत चार पर आरोप तय



**पानीपत।** आसाराम बापू केस में मुख्य गवाह रहे महेंद्र चावला की हत्या के प्रयास में आरोपी नारायण साईं समेत चार पर शुक्रवार को पानीपत की अदालत में आरोप तय हुए। चारों आरोपियों को शुक्रवार की सुबह 11 बजे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा की अदालत में पेश किया गया। आरोप तय होने के बाद शाम सवा पांच बजे साईं को वापस सूरत जेल भेज दिया गया, जहां वह दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे हैं। वहीं दो आरोपियों को करनाल जेल भेजा गया है, जबकि चौथा आरोपी बेल पर बाहर है। इस मामले में अगली सुनवाई 20 तारीख को होगी। साईं की गवाही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कराई जाएगी। संवाद

# 5 साल में 4 कंपनियों का आईपीओ लाएगी पतंजलि

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव ने कहा कि अगले पांच साल में उनकी चार कंपनियां आईपीओ लेकर आएंगी। इसके साथ ही 5-7 वर्षों में समूह ने एक लाख करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखा है। इससे 5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। फिलहाल 40,000 करोड़ का कारोबार है।

उन्होंने शुक्रवार को कहा, शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों में कंज्यूमर गुड्स, मेडिसीन, वेलनेस और लाइफ स्टाइल होंगी। 2006 में पतंजलि को शुरू करने वाले रामदेव ने कहा, पतंजलि आयुर्वेद को शुरू में सूचीबद्ध कराया जाएगा।

दूसरी कंपनी के रूप में पतंजलि मेडिसीन को सूचीबद्ध कराया जाएगा। फिलहाल केवल एक कंपनी पतंजलि फूड्स ही शेयर बाजार में सूचीबद्ध है। इसका बाजार पूंजीकरण 50,000 करोड़ रुपये के करीब है।



**01** लाख करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य

### ब्रांड की छवि धूमिल करने वालों को नहीं बख्शेंगे

बाबा रामदेव ने कहा, झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाकर पतंजलि ब्रांड की छवि को नुकसान पहुंचाने वालों को इस बार नहीं बख्शेंगे। ऐसे मामले में अब तक 100 लोगों को आपराधिक मानहानि का नोटिस जारी किया है। पतंजलि उत्पादों के सेंपल फेल होने पर वह सरकारी लैब पर भी भड़के। उन्होंने दावा किया कि जो उत्पाद विदेश में सही पाए गए, उसको भारतीय लैब ने फेल कर दिया। आंवला व एलोवेरा जूस में हम एक बूंद पानी नहीं मिलाते थे, उनके सेंपल भी फेल कर दिए गए।

**2019 में खरीदा था रुचि सोया :** समूह ने 2019 में रुचि सोया इंडस्ट्रीज को 43,00 करोड़ रुपये में खरीदा था और इसका नाम बदलकर इस साल पतंजलि फूड्स कर दिया था। रामदेव का एफएमसीजी कारोबार का मूलरूप से हिंदुस्तान यूनिलीवर, प्रोक्टर एंड गैंबल और कोलगेट से टक्कर है। पतंजलि फुड्स पाम तेल प्लांटेशन की योजना बना रही है और साथ ही 50 अरब रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखी है।

**पतंजलि वेलनेस का होगा विस्तार...** रामदेव ने कहा कि हमारी योजना पतंजलि वेलनेस के तहत 25,000 बिस्तरों का संचालन करने की है। अभी हमारे 50 केंद्र हैं जिसे बढ़ाकर 100 करने की है। इसमें आईपीडी और ओपीडी होंगे साथ ही फ्रेंचाइजी मॉडल भी होंगे।

# दुष्कर्म के विरोध पर युवती की पिटाई, मौत

### पुलिस ने मामूली धाराओं में एनसीआर दर्ज कर मामला निपटाने का किया प्रयास

**बिजुआ (लखीमपुर खीरी)।** भीरा थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच दिन पहले एक युवती के साथ दुष्कर्म के प्रयास में विफल रहने पर शोहदों की पिटाई से घायल युवती ने शुक्रवार की शाम को दम तोड़ दिया। युवती का बिजुआ सीएचसी में इलाज चल रहा था। इस महिला अपराध से जुड़े गंभीर मामले में भीरा पुलिस की लापरवाही सामने आई है, जिसने शोहदों के खिलाफ मामूली धाराओं में एनसीआर दर्ज की गई थी।

एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती 12 सितंबर 2022 को अपने घर में अकेली थी। तभी गांव के ही सलीमुद्दीन और आसिफ आ गए और युवती के साथ अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। युवती ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने युवती की पिटाई कर दी। इसी दौरान युवती की मां भी आरोपियों ने पिटाई कर दी। घायल युवती को उसकी मां ने बिजुआ सीएचसी में भर्ती कराया। शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। संवाद

# खीरी प्रकरण : पुलिस की लापरवाही बचाव पक्ष को पहुंचा सकती राहत

**लखीमपुर खीरी (नीरज विद्रोही)।** निघासन मामले में पुलिस की लापरवाही साफ उजागर है। इस पूरे मामले में सामूहिक दुष्कर्म और अपहरण की धारा तक नहीं लगाई है। कानून के जानकारों का मानना है कि पुलिस कार्रवाई में ऐसे झोल हैं, जो अपराधियों को फायदा पहुंचा सकते हैं।

पुलिस रिकॉर्ड पर बात करें तो एफआईआर लिखाने के लिए मृत बहनों की मां रात को 1.00 बजे पुलिस के पास पहुंची थी। उसने बताया था छोटू गौतम के साथ ही तीन लड़के घर में घुसकर आए और मारपीट करते हुए उसकी नाबालिग दोनों लड़कियों को जबरन घसीट कर मोटरसाइकिल पर लाद कर अज्ञात स्थान पर ले गए हैं। विशेष लोक अभियोजक ब्रजेश पांडेय का कहना है कि ऐसे में पुलिस को अपहरण की धारा लगाना जरूरी था। पुलिस ने ऐसा नहीं किया है। पुलिस के बयान में जिस तरह से आरोपियों तक पहुंचने की बात कही है। वह भी कार्रवाई को छिपाने की कोशिश करती दिख रही है।

**नहीं लगाई सामूहिक दुष्कर्म की धारा :** पूर्व एडीजीसी शैलेंद्र सिंह गौड़ का कहना है कि बहनों की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की धारा 376 डी नहीं लगाई। लगाई गई धाराओं में केवल एक आरोपी के दुष्कर्म करने की बात कही गई। जबकि पुलिस की ही कहानी के अनुसार नाबालिग बहनों से दुष्कर्म करने वाले आरोपी एक से अधिक हैं। इसकी वजह से अदालत में बचाव पक्ष को राहत मिल सकती है।

### आरोपियों पर लग सकता है गैंगस्टर, परिजनों में दहशत

**निघासन।** दो दलित नाबालिग बहनों की दुष्कर्म के बाद हत्या के सभी छह आरोपियों पर गैंगस्टर लग सकता है। इस संबंध में पुलिस शुक्रवार को आरोपियों के घर भी पहुंची। वहीं, अब आरोपियों के परिजनों को बुलडोजर की कार्रवाई का डर भी सता रहा है। निघासन के सीओ संजयनाथ तिवारी का कहना है कि आरोपियों पर कठोर से कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को निघासन थाना के सब इंस्पेक्टर जुबैर आलम ने छोटू के घर का ब्योरा लिया। इसके बाद वह पांच आरोपियों के गांव लालपुर पहुंचे सभी की संपत्ति की जानकारी जुटाई। पुलिस कार्रवाई से आरोपियों के परिवार में दहशत है। संवाद

## यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों की मदद के लिए पोर्टल बनाए सरकार

### सुप्रीम कोर्ट ने संसाधनों का उपयोग करने का दिया सुझाव

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि केंद्र सरकार एक वेब पोर्टल विकसित कर सकती है, जो विदेशी विश्वविद्यालयों का विवरण प्रदान करें। जहां से यूक्रेन से लौटे भारतीय मेडिकल छात्र अपनी पढ़ाई पूरी सकते हैं।

जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि सरकार को उन भारतीय छात्रों की मदद करनी चाहिए, जिन्हें अब वैकल्पिक योजनाओं के तहत विदेश जाना होगा और उच्चायोग छात्रों की मदद कर सकता है। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। पीठ ने कहा, एक वेब पोर्टल शुरू करें, कॉलेजों में उपलब्ध सीटों (वैकल्पिक विदेशी विश्वविद्यालयों में) जैसे विवरण डालें। यह भी ध्यान रखें कि छात्र एजेंट के चक्कर में नहीं पड़ जाएं। पीठ ने कहा है कि सरकार को संसाधनों का इस्तेमाल कर छात्र की मदद करनी चाहिए। ब्यूरो

**सरकार ने किए हैं कई उपाय**
मेहता ने कहा कि सरकार ने छात्रों की मदद के लिए कई उपाय किए हैं, जो छात्र अपना क्लिनिकल प्रशिक्षण नहीं कर सके, उन्हें इसे यहां पूरा करने की अनुमति दी गई है और यह सुनिश्चित किया गया है कि वे यूक्रेन से अपनी डिग्री प्राप्त करें।



## वैवाहिक दुष्कर्म...हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वैवाहिक दुष्कर्म मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के खंडित फैसले के खिलाफ अपील पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने भारतीय दंड संहिता की धारा-375 के अपवाद-2 को चुनौती देने वाली याचिका में नोटिस जारी किया। इस प्रावधान के तहत, उस व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार का आरोप नहीं लगाया जा सकता जो अपनी पत्नी के साथ गैर-सहमति से यौन संबंध बनाता है। पीठ अब इस मामले पर अगले वर्ष फरवरी में विचार करेगी। अदालत ने कहा कि वह इस मामले की परीक्षण करेगी, क्योंकि कानून की स्थिति काफी लंबे समय से मौजूद है। साथ ही पीठ ने सभी लंबित मामलों को एकसाथ करने का भी निर्णय लिया। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमेन्स एसोसिएशन की ओर से पेश वकील करुणा नंदी ने कहा कि यहां मामले में कानून का एक बड़ा सवाल है और हाईकोर्ट के दो न्यायाधीश, जिन्होंने अलग-अलग विचार दिए, एकमत थे कि यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किया जाना चाहिए। ब्यूरो

**हाईकोर्ट ने दिया था खंडित फैसला**
जस्टिस राजीव शकधर और जस्टिस सी हरि शंकर की खंडपीठ ने 11 मई को मामले में खंडित फैसला सुनाया था। जस्टिस शकधर ने जहां इस प्रावधान को असांविधानिक करार दिया था, वहीं जस्टिस शंकर ने इसे बरकरार रखा था।

## शैक्षणिक संस्थानों में समान ड्रेस कोड मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी पंजीकृत शैक्षणिक संस्थानों में स्टाफ और छात्रों के लिए समान ड्रेस कोड की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया।



जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा, यह कोई ऐसा मामला नहीं है जिसपर अदालत को गौर करना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया ने पीठ से कहा कि यह एक सांविधानिक मुद्दा है लिहाजा अदालत को इस पर गौर करना चाहिए। भाटिया ने यह भी कहा कि यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा, अधिनियम के तहत एकरूपता होनी चाहिए।

**नागा साधु का दिया उदाहरण**
याचिकाकर्ता ने कहा कि एक सामान्य ड्रेस कोड लागू करना बहुत आवश्यक है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो कल को नागा साधु कॉलेजों में प्रवेश ले सकते हैं और आवश्यक धार्मिक प्रथाओं का हवाला देते हुए बिना कपड़ों के कक्षा में जाने की बात कर सकते हैं। हालांकि पीठ भाटिया की दलीलों से संतुष्ट नहीं हुई।

याचिकाकर्ता का कहना था कि शैक्षणिक संस्थान धर्मनिरपेक्ष सार्वजनिक स्थान हैं और ज्ञान, रोजगार, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए हैं न कि धार्मिक प्रथाओं का पालन करने के लिए। ब्यूरो

## अदाणी दुनिया के दूसरे नंबर के सबसे अमीर कारोबारी

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के मालिक गौतम अदाणी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी बन गए हैं। फोर्ब्स के अनुसार, शुक्रवार को उनकी संपत्ति 12.34 लाख करोड़ रुपये हो गई। फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 12.27 लाख करोड़ के साथ तीसरे स्थान पर हैं।



पहले स्थान पर एलन मस्क हैं, जिनकी संपत्ति 21.83 लाख करोड़ रुपये है। रिलायंस के मुकेश अंबानी 7.35 लाख करोड़ के साथ 8वें स्थान पर हैं। यह पहली बार है, जब कोई एशियाई कारोबारी दूसरे स्थान पर पहुंचा है। ब्यूरो

**अंबुजा और एसीसी सीमेंट का अधिग्रहण**
- अदाणी समूह ने शुक्रवार को अंबुजा और एसीसी सीमेंट में होल्सिम की पूरी हिस्सेदारी खरीद ली। इसके साथ ही सीमेंट कारोबार में यह देश का दूसरा सबसे बड़ा समूह बन गया।
- इस कारोबार को उनके बड़े बेटे करण अदाणी संभालेंगे। अंबुजा सीमेंट के नए निदेशक मंडल ने कंपनी को गति देने के लिए 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाले जाने को मंजूरी दी है।

## न्यूज डायरी

### सीबीआई ने अणुब्रत की बेटी सुकन्या से घर पर की पूछताछ

**कोलकाता।** सीबीआई टीम ने शुक्रवार को पशु तस्करी मामले में तृणमूल कांग्रेस के गिरफ्तार नेता अणुब्रत मंडल के बोलपुर स्थित आवास पर उनकी बेटी सुकन्या मंडल से एक घंटे पूछताछ की। टीम उनके घर के पास के एक डाकघर भी गई। सुकन्या कथित तौर पर पिता से जुड़ी एक चावल मिल की शेयरधारक हैं। टीम ने चावल मिल का दौरा कर वहां से कुछ वाहन भी जब्त किए हैं। एजेंसी



### राजू श्रीवास्तव अब भी वेंटिलेटर पर, हो रहा सुधार

**नई दिल्ली।** दिल का दौरा पड़ने के बाद एक माह से भी अधिक समय से अस्पताल में भर्ती लोकप्रिय हास्य अभिनेता राजू श्रीवास्तव अब भी वेंटिलेटर पर हैं। उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। ये जानकारी उनके भाई दीपू श्रीवास्तव ने शुक्रवार को दी। परिवार एम्स में श्रीवास्तव का इलाज जारी रखना चाहता है। दीपू ने कहा कि राजू को मुंबई के किसी अन्य अस्पताल में स्थानांतरित करने की योजना नहीं है। एजेंसी



### मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग मामलों की जांच के लिए प्रकोष्ठ गठित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की रैगिंग विरोधी समितियों द्वारा भेजी गई शिकायतों की जांच के लिए एक रैगिंग रोधी प्रकोष्ठ का गठन किया है। गत 15 सितंबर को जारी एक आदेश के अनुसार, रैगिंग की शिकायतों को सुनने और स्वतंत्र जांच के लिए प्रकोष्ठ के सदस्य हर महीने एक बार बैठक करेंगे। प्रकोष्ठ में स्नातक स्तरीय चिकित्सा शिक्षा बोर्ड की प्रमुख डॉ. अरुणा वी. वाणिकर को अध्यक्ष बनाया गया है। एजेंसी

### डब्ल्यूएचओ ने दी कोरोना की दो एंटीबॉडी थेरेपी न अपनाने की सलाह

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि कोविड रोगियों के लिए एंटीबॉडी दवा सोट्रोविमैब और कैसिरिविमैब-इमडेवि मैब का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (बीएमजे) में प्रकाशित इन निर्देशों में कहा गया है कि ये थेरेपी ओमिक्रॉन या अन्य दूसरे वैरिएंट पर असरदार नहीं है। हालांकि, इन दिशा निर्देशों में डब्ल्यूएचओ ने गंभीर कोरोना रोगियों में एंटीवायरल दवा रेमडेसिवीर के इस्तेमाल की सशर्त सिफारिश भी की है और अन्य कोई गंभीर बीमारी वाले रोगियों में इसका उपयोग नहीं करने के लिए कहा गया है। एजेंसी

### ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की भारत अगले साल मेजबानी करेगा। क्या यह वैश्विक स्तर पर देश की बढ़ती पैठ का नतीजा है?

(1) हां (2) नहीं

**पिछले पोल का रिजल्ट**

नीतीश कुमार ने कहा है कि केंद्र में सत्ता में आने पर पिछड़े राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाएगा। क्या ऐसे वादों से वे 2024 में भाजपा को चुनौती दे सकते हैं?

| | |
|---|---|
| हां | 35.67% |
| नहीं | 64.33% |

**एससीओ सम्मेलन : कार्बन उत्सर्जन घटाने और गरीब देशों को विकसित राष्ट्रों के साथ आने की अनुमति देने में होगी एकरूपता**

# जलवायु परिवर्तन पर संतुलित वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने के लिए बनी सहमति

**समरकंद।** शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शुक्रवार को सदस्य देशों ने जलवायु परिवर्तन को लेकर संतुलित वैश्विक दृष्टिकोण अपनाए जाने का आह्वान किया। इस मुद्दे पर जारी साझा बयान में कहा गया कि कार्बन उत्सर्जन घटाने और गरीब राष्ट्रों को आर्थिक रूप से विकसित देशों के साथ आने की अनुमति देने में संतुलन बनाना बहुत जरूरी है।

कार्बन उत्सर्जन के मामले में चीन, भारत और रूस जैसे बड़े देशों ने सर्वसम्मति से जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक परिणामों और इसको लेकर तत्काल कदम उठाने की जरूरतों को स्वीकार किया लेकिन साथ ही तेल और गैस उत्पादन में निवेश बढ़ाने का भी आह्वान किया। समूह ने एक निर्धारित गति से उत्सर्जन को कम करने के लिए देशों को बाध्य करने के लिए 'जबरदस्ती के उपायों' को यह कहते हुए नकार दिया कि देशों को जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित करने का अधिकार है। साझा बयान में कहा गया कि एकतरफा जबरदस्ती के उपाय बहुपक्षीय सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। ये जलवायु परिवर्तन को लेकर लिए बहुपक्षीय सहयोग और सामूहिक और राष्ट्रीय प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर करते हैं। साथ ही देशों की क्षमता को भी कमजोर करते हैं। एजेंसी



समरकंद में शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य सदस्य देशों के मुखिया। एजेंसी

### अर्दोआन से मिले मोदी, रिश्तों की मजबूती पर बात

पीएम मोदी ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसप तैयब अर्दोआन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रिश्ते मजबूत करने और परस्पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। पीएमओ ने ट्वीट कर उनकी मुलाकात की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, दोनों नेताओं के बीच सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने हाल के दिनों में द्विपक्षीय कारोबार में हुई वृद्धि की सराहना की। इसके अलावा क्षेत्रीय एवं वैश्विक विकास के मुद्दों पर भी विचारों का आदान प्रदान हुआ। तुर्की के राष्ट्रपति पाकिस्तान के खास करीबी रहे हैं।

### शहबाज के हेडफोन संभालने पर पुतिन को आई हंसी



पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के दौरान बार बार अपना हेडफोन संभालते रहे। रूसी सरकारी न्यूज एजेंसी आरआईए की ओर से जारी एक वीडियो में पुतिन उन पर हंसते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने भी शेयर किया। इसमें यह भी दिख रहा है कि शहबाज ने एक सहयोगी से मदद मांगी।

### चीन ने की क्षेत्रीय आतंकवादरोधी प्रशिक्षण केंद्र खोलने की पेशकश

**समरकंद।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एशिया में क्षेत्रीय आतंकवादरोधी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया। इसके लिए उन्होंने 2000 पुलिस अधिकारियों को खास प्रशिक्षण देने की भी पेशकश की। ताकि क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ कानून प्रवर्तन को मजबूती दी जा सके। जिनपिंग ने साथ ही अपने मध्य एशियाई पड़ोसियों को चेताया कि वह बाहरी तत्वों को रंग क्रांतियों के जरिए उन्हें अस्थिर करने की अनुमति न दें। उन्होंने रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखने और सुरक्षा सहयोग पर सहमति बनाने व आतंकवाद विरोधी सहयोग का विस्तार करने की अपील की। जिनपिंग का यह आह्वान असल में लोकतांत्रिक देशों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को मिल रहे पश्चिमी समर्थन के प्रति चीन की चिंता को दर्शाता है। जिनपिंग ने पूर्व सोवियत संघ और मध्य पूर्व में अलोकप्रिय शासनों को गिराने वाले विरोधों का भी जिक्र किया। एजेंसी

- जिनपिंग ने कहा, सभी सदस्य देशों को राजनीतिक भरोसा कायम करना चाहिए और एक दूसरे के मूल हितों से जुड़े मामलों में परस्पर सहयोग जारी रखना चाहिए। बिना नाम लिए अमेरिका पर निशाना साधते हुए जिनपिंग ने कहा, क्षेत्रीय स्थिरता की सुरक्षा के लिए रणनीतिक स्वतंत्रता को कायम रखना होगा। सतत सुरक्षा की दृष्टि की वकालत करने और क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाने को रोकना होगा।

## चीन के साथ पाकिस्तान से भी पीएम मोदी ने बनाए रखी दूरी

### दिया संदेश, छोटे प्रयासों से रिश्ते नहीं होंगे मधुर

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**समरकंद/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन के दौरान एक मंच पर दिखे। हालांकि इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाना तो दूर नजरें भी नहीं मिलाईं। मंच पर साथ खड़े होने के बावजूद दोनों नेताओं की दिल की दूरी साफ नजर आई।

दरअसल ऐसा कर भारत ने संदेश दिया कि पूर्वी लद्दाख से जुड़े वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर विवाद खत्म करने के लिए चीन के महज इस छोटे से प्रयास से द्विपक्षीय संबंध मधुर नहीं होंगे। मोदी ने पाकिस्तान से भी दूरी बनाए रखी। दरअसल एससीओ सम्मेलन से पहले द्विपक्षीय वार्ता शुरू करने से पहले चीन ने पांच साल पुराना दांव आजमाया था। तब जी-20 की मेजबानी कर रहा चीन इस सम्मेलन से ठीक पहले डोकलाम में महीनों से जारी विवाद को खत्म करने के लिए अपनी सेना पीछे हटाने के लिए तैयार हो गया था। चीन की यह कूटनीति सफल रही थी। क्योंकि इसके बाद पीएम मोदी न सिर्फ जी-20 सम्मेलन में शिरकत करने चीन गए, बल्कि जिनपिंग के साथ अलग से द्विपक्षीय वार्ता भी की।

**इस बार नहीं चला दांव**

एससीओ बैठक से पहले भी चीन ने पुराना दांव चल कर भारत को साधने की कोशिश की। सरकारी सूत्र बताते हैं कि एलएसी के कुछ इलाकों से सेना हटाने के बाद चीन को उम्मीद थी कि वह फिर से भारत को साधने में कामयाब हो जाएगा। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चीन ने अपनी ओर से मोदी-जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता की तैयारी भी कर ली थी। चूंकि पीएम को चीनी राष्ट्रपति से नहीं मिलना था, इसलिए वह इस सम्मेलन में सबसे देरी से पहुंचे।

- **मुलाकात पर दुनिया भर की टिकी थीं नजरें :** चूंकि गलवां में साल 2020 में दोनों देशों की सेना के बीच हुई खूनी झड़प के बाद पहली बार मोदी और जिनपिंग एक मंच पर थे। इसके अलावा चीन ने अपनी ओर से संबंध सुधारने की कूटनीतिक चाल चल दी थी। ऐसे में दुनिया भर की निगाहें दोनों नेताओं की संभावित मुलाकात पर टिकी थीं।

- ***चीन की दुखती रग पर हाथ रखे रहेगा भारत :*** *बहरहाल मोदी की जिनपिंग से बनाई गई दूरी से साफ हो गया है कि भारत चीन की दुखती रग पर हाथ रखता रहेगा। भारतीय बाजार में चीन के लिए मुश्किलें बढ़ाने का दौर ही नहीं जारी रहेगा, बल्कि दक्षिण चीन सागर और ताइवान मामले में भारत चीन विरोधी देशों के साथ खड़ा रहेगा। गौरतलब है कि इस समय भारत क्वाड का सदस्य है।*



**कल आपका जन्मदिन पर मैं अग्रिम बधाई नहीं दे सकता**

- पुतिन ने मुलाकात के दौरान मोदी से कहा, मित्र मुझे पता है कि कल आपका जन्मदिन है। लेकिन हमारी रूसी परंपरा के मुताबिक मैं आपको अग्रिम बधाई नहीं दे सकता। मैं आपके नेतृत्व में भारत की समृद्धि की कामना करता हूं।

## कांग्रेस में हूं पर पार्टी से संबंध लगभग शून्य : डॉ. कर्ण सिंह

### बोले- कांग्रेस में कोई कुछ नहीं पूछता, कार्य समिति से भी हटा दिया

**जम्मू।** महाराजा हरि सिंह के बेटे और कांग्रेस नेता डॉ. कर्ण सिंह ने कहा कि मैं कांग्रेस में तो हूं, लेकिन पार्टी से कोई संपर्क नहीं है। पार्टी के साथ मेरे संबंध लगभग शून्य हैं। डॉ. सिंह का बयान ऐसे समय में आया है जब दिग्गज कांग्रेसी गुलाम नबी आजाद ने भी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पार्टी से किनारा कर लिया था।



उन्होंने दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन कोई संपर्क नहीं है। कोई मुझसे कुछ नहीं पूछता। मैं अपना काम खुद करता हूं। पार्टी के साथ मेरे संबंध अब लगभग शून्य हैं। मैं 1967 में कांग्रेस में शामिल हुआ था, लेकिन पिछले 8-10 वर्षों से मैं संसद में नहीं रहा। मुझे कार्य समिति से भी हटा दिया गया है। राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस में डॉ. कर्ण सिंह की उपेक्षा की चर्चाएं हैं। कहा जा रहा है कि आजाद के बाद डॉ. कर्ण सिंह भी कांग्रेस का साथ छोड़ सकते हैं। यह चर्चा ऐसे समय में शुरू हुई है जब प्रदेश में विधानसभा चुनाव अगले कुछ महीनों में होने की संभावना है। ब्यूरो

**महाराजा हरि सिंह जयंती पर 23 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश**

**जम्मू।** डोगरा शासक महाराजा हरि सिंह की जयंती पर 23 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश होगा। इसका आदेश जल्द जारी होगा। यह घोषणा उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीरवार को की। उन्होंने भाजपा नेताओं, युवा राजपूत सभा के प्रतिनिधियों, ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की अध्यक्षता वाले प्रतिनिधिमंडल को मुलाकात के दौरान यह जानकारी दी। छुट्टी को लेकर जम्मू संभाग में पिछले कई दिनों से आंदोलन चल रहा था। डॉ. कर्ण सिंह ने नौ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर महाराजा हरि सिंह की जयंती पर सरकारी अवकाश देने की अपील की थी। उनकी अपील के छह दिन बाद 15 सितंबर को छुट्टी पर सहमति जताने को उन्होंने सकारात्मक कदम बताया। ब्यूरो

## सब्जीवाले ने कम दिया चंदा तो कांग्रेसियों ने धमकाया, तोड़फोड़

### केस दर्ज, 3 कांग्रेसी कार्यकर्ता पार्टी से निलंबित

**कोल्लम।** केरल के कोल्लम में एक सब्जीवाले से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान चंदे के 2000 रुपये मांगे, लेकिन सब्जीवाले एस फवाज ने 500 रुपये ही दिए। इससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गालियां देते हुए दुकान को हमेशा के लिए बंद करने की धमकी दी और दुकान में जमकर तोड़फोड़ की।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई तोड़फोड़।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने तीन स्थानीय कार्यकर्ताओं को पार्टी से निलंबित कर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उधर वीडियो वायरल होने के बाद केरल के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सुधाकरन ने ट्वीट कर बताया कि कोल्लम में सब्जी की दुकान पर अभद्र व्यवहार करने वाले तीन कार्यकर्ताओं को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। एजेंसी

## पूरे कुनबे के साथ भाजपा में शामिल होंगे कैप्टन अमरिंदर

### सोमवार को पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी का भाजपा में विलय संभव

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का भाजपा में विलय तय हो गया है। कैप्टन संभवतः सोमवार को अपने बेटे रणइंदर सिंह, बेटी जयइंदर कौर, नाती निर्वाण सिंह आधा दर्जन विधायकों के साथ भाजपा का दामन थामेंगे।



पार्टी सूत्रों ने बताया कि इसी हफ्ते कैप्टन की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई थी जिसमें पंजाब लोक कांग्रेस का भाजपा में विलय पर सहमति बनी। गौरतलब है कि पंजाब विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन हुआ था।

**बेटी जयइंदर का कद बढ़ाएगी भाजपा**

कैप्टन की बेटी जयइंदर कौर इस समय पार्टी का कामकाज देखने के अलावा अन्य राजनीतिक फैसले ले रही हैं। भाजपा ने कैप्टन को उनकी बेटी को पार्टी में उचित सम्मान देने का आश्वासन दिया है। कैप्टन अपनी बेटी को ही अपनी राजनीतिक विरासत सौंपना चाहते हैं। चर्चा यह भी है कि कैप्टन को भविष्य में राज्यपाल बनाया जा सकता है।

**परनीत फिलहाल कांग्रेस में ही रहेंगी**

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद से हटाने के बाद कैप्टन ने कांग्रेस से इस्तीफा दे कर अपनी पार्टी बना ली थी। भाजपा से चुनाव पूर्व गठबंधन के बावजूद कैप्टन को अपनी ही सीट से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि इस दौरान कैप्टन की पत्नी और पटियाला की सांसद परनीत कौर कांग्रेस में ही बनी रहीं। अब नई रणनीति के तहत परनीत लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थामेंगी।

**कवायद** | अभी पांच और 15 वर्ष की आयु के बाद के बच्चों को आधार अपडेट कराना अनिवार्य

## आधार को हर 10 साल में करना पड़ सकता है अपडेट

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) आधार में महत्वपूर्ण बदलाव करने की तैयारी में है। इसके तहत लोगों को 10 साल में आधार अपडेट कराना पड़ सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि अभी पांच और 15 वर्ष की आयु के बाद के बच्चों को आधार के लिए अपने बायोमीट्रिक्स को अपडेट या नया करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि यूआईडीएआई लोगों को हर 10 साल में एक बार अपने बायोमीट्रिक्स, जनसांख्यिकी आदि को अपडेट करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि एक बार जब कोई व्यक्ति एक निश्चित उम्र से अधिक हो जाता है, उदाहरण के तौर पर 70 वर्ष, तो इसकी आवश्यकता नहीं होगी। यूआईडीएआई ने कहा मेघालय, नगालैंड और लद्दाख में कुछ फीसदी लोगों की संख्या को छोड़कर देश में करीब सभी वयस्कों का आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि नगालैंड में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) मुद्दे के कारण नामांकन देर से शुरू हुआ, जबकि नगालैंड और लद्दाख में कुछ दूरदराज के इलाकों को कवर किया जाना बाकी है। एजेंसी



कुछ फीसदी लोगों को छोड़कर देश में करीब सभी वयस्कों का बन चुका है आधार

**नामांकन केंद्रों से जोड़े जाएंगे डाकिये**

यूआईडीएआई के पास 50,000 से अधिक नामांकन केंद्र हैं। जल्द ही 1.5 लाख डाकियों को भी इसके तहत जोड़ने की तैयारी है। शुरुआत में ये डाकिये आधार कार्ड धारकों के मोबाइल नंबर और पते अपडेट करेंगे। इससे लोगों को घर बैठे आधार नामांकन जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी।

- यूआईडीएआई राज्यों की कल्याणकारी योजनाओं के साथ जुड़ने की तैयार कर रहा है। यह फर्जीवाड़ा रोकने में मदद करेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की डिजीयात्रा योजना को भी यात्रियों के सत्यापन के लिए आधार से जोड़ा जाएगा।

## सीकर से भाजपा सांसद पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**जयपुर।** पुलिस ने स्थानीय अदालत के निर्देशों का पालन करते हुए सीकर के भाजपा सांसद सुमेधनंद सरस्वती व देवेंद्र कुमार और रवि शंकर गुप्ता पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन्होंने खुद को आर्य प्रतिनिधि सभा का पदाधिकारी बताया, जबकि वे पदों पर नहीं थे।



शिकायतकर्ता जीव वर्धन शास्त्री ने आरोप लगाया है कि सांसद ने संगठन के फर्जी लेटर पैड बनाए और खुद को इसके अध्यक्ष के रूप में पेश किया। मामले की जांच अपराध शाखा, सीआईडी करेगी। वहीं, सांसद ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा, वह सभा के अध्यक्ष हैं और कुछ गलत नहीं किया है। एजेंसी

## एनजीटी ने राजस्थान पर 3000 करोड़ और यूपी पर 100 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने पर 3000 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषित पानी की निकासी का प्रबंधन नहीं करने, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के लिए राजस्थान सरकार पर ये जुर्माना लगा है। इसे जमा कराने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। वहीं यूपी पर भी 100 करोड़ रुपये जुर्माना लगाया है।

एनजीटी ने अपने आदेश में कहा कि पर्यावरण को लगातार हो रहे नुकसान को दूर करने के लिए जुर्माना लगाना आवश्यक हो गया है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने के लिए इस ट्रिब्यूनल को ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मानदंडों के प्रवर्तन की निगरानी करने की आवश्यकता है। एजेंसी




- जस्टिस आदर्श कुमार गोयल की पीठ ने गुरुवार को कहा कि सीवेज प्रबंधन के संबंध में बहाली के उपायों में सीवेज ट्रीटमेंट और उपयोग प्रणाली की स्थापना, मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट सुविधाओं के उन्नयन प्रणालियों को उनकी पूरी क्षमता का उपयोग सुनिश्चित करने, मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना शामिल होगा।

**तय समय पर नहीं हुआ कचरा निस्तारण का प्रबंध**

एनजीटी ने उत्तर प्रदेश सरकार को प्रतापगढ़, रायबरेली और जौनपुर जिलों में तरल कचरे के अपर्याप्त प्रबंधन के लिए 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि वित्तपोषण की व्यवस्था करने के लिए निर्धारित की गई समय-सीमा काफी पहले समाप्त हो गई थी और उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

- पीठ ने कहा कि स्पष्ट है कि इस तरह की चूक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और जल प्रदूषण के कारण जल जनित बीमारियां होती हैं जो कई बार घातक भी होती हैं।

# सिर्फ 18 वर्ष के लड़के ने हैक कर लिया उबर का नेटवर्क

## कंपनी को बंद करना पड़ा अपना आंतरिक संचार व इंजीनियरिंग सिस्टम

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

**सैन फ्रांसिस्को।** कैब बुकिंग प्लेटफॉर्म उबर के कंप्यूटर नेटवर्क में बड़ी सेंधमारी हुई है। मात्र 18 साल के एक हैकर ने नेटवर्क की सुरक्षा भेदते हुए सिस्टम तक पहुंच बना ली। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि इससे उबर कितना प्रभावित हुआ लेकिन कंपनी को अपना आंतरिक संचार व इंजीनियरिंग सिस्टम बंद करना पड़ गया।

कंपनी ने कहा है कि साइबर सुरक्षा से जुड़े इस मामले की जांच की जा रही है। उबर के प्रवक्ता सैम करी ने बताया कि हैकर ने एक कर्मचारी का वर्कप्लेस मैसेजिंग ऐप स्लैक का एक्सेस हासिल कर लिया। इसका इस्तेमाल करके हैकर ने उबर कर्मचारियों को मैसेज भेजा कि कंपनी डाटा ब्रीच का शिकार हुई है। उसने हैकिंग के बाद कंपनी की प्रयोगशाला के एक इंजीनियर से बात भी की।




***अमेजन, गूगल क्लाउड तक पहुंच हासिल की***

*उबर प्रवक्ता ने कहा, हैकर ने अमेजन और गूगल द्वारा होस्ट किए गए क्लाउड वातावरण तक पूरी पहुंच हासिल कर ली थी। यहां से उबर अपने स्रोत कोड और ग्राहक डाटा का संग्रह करता है। इस कार्रवाई से उबर के सिस्टम को काफी नुकसान हो सकता है।*

**इस तरह की गई हैकिंग**

हैकर ने अपने संचार में बताया कि उसने उबर के सिस्टम में सेंधमारी कैसे की है। उसने एक उबर कर्मी को कॉर्पोरेट आईटी पर्सनल के तौर पर मैसेज भेजा और उससे पासवर्ड हासिल किया। इस पासवर्ड से हैकर ने उबर सिस्टम का एक्सेस हासिल किया। हैकिंग के लिए उसने सोशल इंजीनियरिंग तकनीकी का इस्तेमाल किया। इस तकनीकी में यूजर्स को एक फर्जी सोशल नेटवर्क साइज के जरिये फंसाया जाता है। हैकर एक नकली वेबसाइट बनाते हैं, जो दिखने में असली की तरह होती है। यूजर इसमें अपने क्रेडेंशियल्स डालता है और हैकर के जाल में फंस जाता है।

**हैकर ने कोई नुकसान नहीं किया**

सैम करी ने कहा कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि हैकर ने कोई नुकसान किया है या प्रचार से ज्यादा किसी चीज में दिलचस्पी दिखाई है। मुझे ऐसा लगता है कि वह जितना संभव हो सके उतना इस मामले पर अपना ध्यान आकर्षित कराना चाहता था।

**पूरे सिस्टम का एक्सेस हासिल किया**

18 साल की उम्र का दावा करने वाले हैकर ने उबर के सोर्स कोड, ईमेल और दूसरे आंतरिक सिस्टम का एक्सेस हासिल कर लिया था। हैकर के पास उबर के पूरे सिस्टम का एक्सेस था। कर्मचारियों को हैकर का संदेश मिलने के बाद कंपनी ने अपना पूरा सिस्टम ऑफलाइन कर दिया।

### साम्राज्य विरोधी सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को जेलों में ठूंसने पर पुलिस की हो रही है आलोचना

# नए सम्राट के विरोध में उतरे लोग, बोले 'नॉट माई किंग'

**लंदन।** ब्रिटेन फिलहाल एक सम्राज्ञी के जाने और नए सम्राट के तख्तनशीं होने के दौर से गुजर रहा है। इन्हीं लोगों के बीच हजारों लोग ऐसे भी हैं, जो न तो एलिजाबेथ की मौत से दुखी हैं, न चार्ल्स के राजा बनने से खुश। इन्हें ब्रिटेन में साम्राज्य विरोधी लोग कहा जा रहा है।

ये लोग दशकों से साम्राज्यवादी व्यवस्था का विरोध करते आ रहे हैं। एलिजाबेथ की मौत उनके लिए एक मौका है, जब वे आवाज उठाकर अपनी बात हमवतनों और सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। लेकिन, लंदन की पुलिस पार्लियामेंट स्क्वायर पर जुटे प्रदर्शनकारियों को चुन-चुनकर जेल में ठूंस रही है। पुलिस के मनमाने और क्रूर रवैये की ब्रिटेन के कई संभ्रांत लोगों ने आलोचना भी है। पुलिस जितने साम्राज्य विरोधी लोगों को गिरफ्तार कर रही है, उससे कई गुना ज्यादा लोग हाथों में नॉट माई किंग लिखी तख्तियां लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं। नागरिक अधिकार समूह लिबर्टी ने पुलिस कार्रवाई पर चिंता जताई है। एजेंसी


प्रार्थना के बाद बच्चों से मिलते किंग चार्ल्स।

*शोक में डूबा भारतीय समुदाय...वेस्टमिंस्टर हॉल में भारतीय समुदाय समेत हजारों लोग यहां दिवंगत महारानी को श्रद्धांजलि देने आ रहे हैं। ब्रिटिश भारतीय कारोबारी लॉर्ड करन बिलिमोरिया ने कहा, 'हम शोक में हैं।'*

**59 करोड़ की 'शाही' सुरक्षा में होगा महारानी का अंतिम संस्कार**

दिवंगत महारानी का अंतिम संस्कार भी 'शाही' सुरक्षा में होगा। 19 सितंबर को कड़े पहरे और चाकचौबंद व्यवस्था पर 75 लाख डॉलर यानी करीब 59 करोड़ रुपये खर्चे जाएंगे। इस बीच, ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंडसे हॉयल ने चीनी सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल को संसद परिसर में दिवंगत महारानी के 'लाइंग-इन-स्टेट' कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है।

**न्यूज डायरी**

## इस्राइल : अरब दलों का गुट बंटा, नेतन्याहू की उम्मीदें फिर जगीं

**येरूशलम।** इस्राइल में चार साल से भी कम समय में पांचवीं बार एक नवंबर को चुनाव होने जा रहे हैं। इससे पहले अरब पार्टियों के गुट में फूट पड़ गई है। इससे देश में अरब लोगों का सियासी असर घटने व पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सत्ता में वापसी की उम्मीदें जगीं हैं। फूट चुनावों में अरब अल्पसंख्यकों का मतदान प्रतिशत भी प्रभावित कर सकती है। एजेंसी



## दुनिया के 34.50 करोड़ लोग भुखमरी के खतरे में : यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व निकाय ने चेताया है कि दुनिया विश्व स्तरीय अप्रत्याशित आपात स्थिति से जूझ रही है और 34.50 करोड़ लोग भुखमरी के खतरे मे हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम प्रमुख डेविड बेस्ली ने कहा, यूक्रेन युद्ध खत्म होने तक 7 करोड़ और लोगों पर भुखमरी छा जाएगी। बेस्ली ने कहा, एजेंसी जिन देशों में है, उनमें से 82 देशों में लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा में हैं। एजेंसी

# यूक्रेन के इजियम में सामूहिक कब्र, 440 से ज्यादा शव मिले

## जेलेंस्की बोले- यह कब्र दुनिया को बताएगी कि रूसी सेना ने यहां क्या किया

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

**इजियम।** यूक्रेन सेना द्वारा रूसी सेना से दोबारा अपने नियंत्रण में लिए शहर इजियम के एक जंगल से सामूहिक कब्रगाह मिली है। इसमें 440 से ज्यादा लोगों के शव खोजे गए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि बूचा के बाद मिली यह सामूहिक कब्र दुनिया को बताएगी कि रूस ने क्षेत्र को अपने कब्जे में लेने के बाद यहां क्या किया। यूक्रेनी सेना ने हाल ही में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के खारकीव में इस शहर को रूसी सेना से मुक्त कराया है।

पत्रकारों ने भी यहां इजियम से बाहर एक जंगल में यह सामूहिक कब्र देखी है जिसमें लिखा है, यहां यूक्रेन के 17 सैनिकों के शव दफन हैं। इसके आसपास सैकड़ों अन्य लोगों की कब्रें हैं और उनकी पहचान के बारे में कुछ नहीं लिखा गया है। जेलेंस्की ने बूचा, मैरियूपोल का जिक्र करते हुए अपने संदेश में कहा, अब इजियम शहर से रूसी सेना मौत के निशान छोड़कर जा रही है और उसे इसके लिए जवाबदेह ठहराना होगा। दुनिया को चाहिए कि वह इस युद्ध की असल जिम्मेदारी रूस पर डाले।


ज्यादातर अज्ञात नागरिकों व यूक्रेनी सैनिकों की कब्रों के बीच खारकीव क्षेत्र के इजियम शहर स्थित कब्रिस्तान से गुजरता यूक्रेन का एक सैनिक। एजेंसी

**■ कुछ को गोली मारी, कुछ बने तोपों का निशाना**

यूक्रेनी पुलिस के वरिष्ठ जांचकर्ता सर्गेई बोल्विनोव ने कहा, जिस गड्ढे में 440 से ज्यादा कब्रें मिली हैं उसमें दफन कुछ लोगों को गोली मारी गई है, कुछ तोपों का निशाना बने और कुछ की मौत हवाई हमलों में हुई। इनमें से कई शवों की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। यूक्रेनी उप गृहमंत्री येव्हेन एनिन ने कहा, रूसी सैनिकों द्वारा उनके कब्जे वाले बलाकलिया व वोलचांस्क जैसे शहरों में 'प्रताड़ना चैंबर' के सुबूत मिले हैं। यहां यूक्रेनी और विदेशियों को अमानवीय हालात में रखा गया।

**■ रूसी सहायक तेल कंपनियां जर्मनी के नियंत्रण में**

**बर्लिन।** जर्मनी की सरकार ने कहा कि वह रूस की तेल कंपनी रोजनेफ्ट की यहां स्थित सहयोगी कंपनियों का नियंत्रण अपने हाथों में ले रही है। सरकार ने कहा कि देश की तीन तेल रिफायनरी में परिचालन सुनिश्चित करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि रोजनेफ्ट डॉयचलैंड, एरएन रिफायनिंग एंड मार्केटिंग का नियंत्रण जर्मनी की संघीय नेटवर्क एजेंसी को सौंपा गया है। एजेंसी

# देश में हिंदू, सिख व मुस्लिम विरोधी घृणा की जगह नहीं : बाइडन

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि श्वेतों को सर्वश्रेष्ठ समझने वाली मानसिकता और अन्य समुदायों के खिलाफ घृणा के कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। बाइडन ने देश में जारी हिंदू, सिख व मुस्लिम विरोधी हिंसक घटनाओं के बीच यह बात की।



बाइडन ने व्हाइट हाउस द्वारा आयोजित 'यूनाइटेड वी स्टैंड' (हम एकजुट होकर खड़े हैं) सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हम घृणा के कारण होने वाली हिंसा के खिलाफ एकजुट हैं। बाइडन ने कहा, देश में यहूदी, कैथोलिक, हिंदू, सिख और मुस्लिम विरोधी हिंसात्मक घटनाएं हो रही हैं। हमारा प्रशासन इसके खिलाफ है। एजेंसी

**ट्रंप ने हिंदी में दिए भारत-अमेरिका दोस्ती के नारे**



पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नवंबर में मध्यावधि चुनाव से पहले भारतीय-अमेरिकी समुदाय को लुभाने के लिए हिंदी में भारत-अमेरिका दोस्ती का नारा गढ़ा है। रिपब्लिकन हिंदू कोएलिशन (आरएचसी) की ओर से जारी एक वीडियो में ट्रंप रिहर्सल करते हुए भारत-अमेरिका सबसे अच्छे दोस्त कहते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में ट्रंप शिकागो के कारोबारी शलभ कुमार के साथ बैठे हैं। नया नारा 2016 में दिए गए नारे- अबकी बार, ट्रंप सरकार के नारे से प्रेरित है।

## मस्क की प्रेमिका ने नीलाम कर दीं प्यार की निशानियां



**बोस्टन।** अरबपति एलन मस्क की पूर्व प्रेमिका जेनिफर ग्वेने ने कॉलेज में उनके प्यार की निशानियां व तस्वीरें नीलाम कर दीं हैं। मस्क और उनकी प्रेमिका की ये तस्वीरें 1.65 लाख डॉलर में नीलाम हुईं।

फिलहाल दोनों में कोई संपर्क नहीं है। मस्क ने ग्वेने को 1994 से 1995 के बीच पेन्सिल्वेनिया विवि में कई उपहार दिए थे। इनमें सोने का हार, जन्मदिन कार्ड और कई तस्वीरें शामिल हैं। इसके बाद दोनों अलग हो गए। ग्वेने ने कहा, हम दुनिया को जीतने से ठीक पहले अलग हो गए। एजेंसी






# डेनमार्क को 125 करोड़ डॉलर दे टैक्स आरोपी संजय : यूएई कोर्ट

**दुबई।** डेनमार्क में 170 करोड़ डॉलर टैक्स घोटाले के कथित साजिशकर्ता ब्रिटिश नागरिक संजय शाह को स्थानीय अपील अदालत ने आदेश दिया कि वह कोपेनहेगन के टैक्स विभाग को 125 करोड़ डॉलर चुकाए। कुछ दिन पूर्व ही एक दूसरी अदालत ने संजय शाह को प्रत्यर्पित करने का आदेश खारिज किया था। संजय के प्रवक्ता जैक इरविन ने कहा, इसके खिलाफ वह दुबई की सर्वोच्च कोर्ट ऑफ कैसेशन जाएंगे।

डेनमार्क टैक्स प्राधिकरण ने दुबई की स्थानीय कानूनी फर्म के माध्यम से 2018 में संजय के खिलाफ मामला दायर कर आरोप लगाया था कि उसने 2012 में विदेशी कारोबारियों को सलाह दी कि वह खुद को डेनिश कंपनियों का शेयरधारक बताएं और गलत तरीके से टैक्स रिफंड लें। डेनमार्क ने इसे देश का सबसे बड़ा टैक्स घोटाला करार दिया था। एजेंसी

**लग्जरी जीवन-शैली से भड़का था गुस्सा**



पिछले कुछ साल में दुबई के हथेली के आकार वाले आइसलैंड में संजय शाह की लग्जरी जीवन-शैली से डेनमार्क में गुस्सा भड़का था। इसके बाद डेनिश अधिकारियों ने यूएई के साथ प्रत्यर्पण संधि की। जून में दुबई की पुलिस ने संजय को गिरफ्तार भी किया था। दुबई में संजय ऑटिस्टिक बच्चों के लिए एक केंद्र चलाता था, जो 2020 में बंद हो गया।

**लंदन में पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला, दो घायल**

**लंदन।** राजधानी के लीसेस्टर स्क्वायर में एक शख्स ने दो पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला करके उन्हें घायल कर दिया। स्कॉटलैंड यार्ड ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेट्रोपोलिटन पुलिस के मुताबिक, वारदात में एक टेजर गन का इस्तेमाल किया गया। एजेंसी








24x7 Helpline: 85568 09999










मेरा नाम प्रियंवदा शर्मा, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हूँ। मैं सिलाई सेंटर चलाती हूं। दिनभर के काम के कारण मैं हमेशा थकान में रहती थी। घर के रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पाती थी। दिन-ब-दिन मेरी समस्या बढ़ती ही जा रही थी। फिर एक दिन मुझे 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक और टेबलेट्स के बारे में पता चला। मात्र कुछ ही दिनों में 'सच्ची सहेली' के नियमित सेवन करने पर मुझे आज थकान का कोई अनुभव नहीं होता और आज मैं बिल्कुल ठीक हूं। 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक वास्तव में हमारी सच्ची सहेली है।

मेरा नाम मोनिका तंवर, उम्र 22 वर्ष, मध्य प्रदेश की रहने वाली हूँ। पिछले काफी समय से मैं थकान, कमर दर्द, कठिन दर्द जैसी समस्याओं से काफी परेशानी में रहती थी। काफी चिड़चिड़ापन भी आ गया था। 67 आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से बनी 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक के रेगूलर यूज़ से मुझे शरीर की अनेकों समस्याओं जैसेः थकान, कमर दर्द, कठिन दर्द और चिड़चिड़ापन को दूर करने में काफी फायदा मिला। आज मैं एकदम स्वस्थ हूं। आप भी 'सच्ची सहेली' टॉनिक इस्तेमाल कीजिए और खुद फर्क देखिए।

मेरा नाम मेहराज वानों, उम्र 30 वर्ष, जिला गुना (मध्य प्रदेश) की रहने वाली हूँ। गृहिणी होने के नाते घर के सारे काम की जिम्मेदारी भी मुझ पर है। जिसके चलते मैं थकान, कमजोरी, खून की कमी, चक्कर आना जैसी समस्याओं से परेशान थी। फिर एक दिन मैंने अख़बार में 'सच्ची सहेली' का विज्ञापन देखा। मात्र 5 माह के रोज़ाना प्रयोग से मेरी शरीर की सभी समस्याओं जैसेः थकान, कमर दर्द, चक्कर आना आदि में बहुत हद तक आराम मिला। आज मैं पूरी तरह से ठीक हूं। 'सच्ची सहेली' सच में बहुत ही फायदेमंद है।

मैं रूकसाना, उम्र 24 वर्ष, जिला हापुड़ (यूपी) की रहने वाली हूं। मैं कठिन दर्द, अनियमितता, खून की कमी, थकान जैसी समस्याओं से बहुत परेशान रहती थी, जिसकी वज़ह से मैं बहुत कमजोरी महसूस करती थी। 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक और टेबलेट्स के दिए गए निर्देशानुसार रेगूलर इस्तेमाल से मुझे सभी शारीरिक समस्याओं जैसेः कठिन दर्द, अनियमितता, खून की कमी आदि से काफी आराम मिला है। 67 जड़ी-बूटियों से बनी आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' आप भी इस्तेमाल कीजिए और इस पर भरोसा कीजिए।

24x7 Helpline : 77106 44444 | अपने नजदीकी मैडिकल स्टोर से खरीदें

# Join This Telegram Channel

## Aligarh Newspaper

Click here Link Click here

## T.me/aligarh78

रोज सुबह अखबार पढ़ने के लिए टेलीग्राम चैनल को जॉइन कीजिये

## Newspapers come daily on this channel at 5:00 am